राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-268
लखनऊ, शनिवार 18 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अंतिम समय में दावेदारों ने प्रचार के लिए झोंकी ताकत 03

हम भारत को बनाएंगे महाशक्ति : राजनाथ सिंह 12


## संक्षिप्त समाचार

### घाटकोपर होर्डिंग हादसे का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने घाटकोपर होर्डिंग ढहने के मामले के मुख्य आरोपी एगो मीडिया के मालिक भावेश भिड़े को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भिड़े को गुरुवार को राजस्थान में उदयपुर के गोवर्धन विलास इलाके के एक होटल से पकड़ा गया, जहां घटना के बाद से छिपा हुआ था। उसे ट्रांसफर रिमांड पर मुंबई लाया गया है और आज किला अदालत में पेश किया जायेगा। गत 13 मई की शाम घाटकोपर होर्डिंग हादसे में 16 लोगों की मौत हो गयी थी और काफी संख्या में लोग घायल हो गये थे। भिड़े उस कंपनी का मालिक है जिसने विशाल होर्डिंग लगाया था, जो सोमवार को अचानक आयी धूल भरी आंधी में ढह गया।

### आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग मोघे का निधन

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे का कल रात निधन हो गया। उन्होंने 93 वर्ष के उम्र में राजधानी रायपुर के वी वाय अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शोक संदेश में उन्होंने लिखा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे जी के निधन का दु:खद समाचार मिला। मोघे ने समूचे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय विचारों को स्थापित करने अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनकी स्मृति सदैव अमर रहेगी। प्रभु दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ऊं शांति।

### कोर्ट ने सोरेन को प्रचार के लिए नहीं दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। सोरेन की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वह 2 जून को सरेंडर कर देंगे, लेकिन सुनवाई के दौरान ईडी ने इसका विरोध किया। मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मावकाश के दौरान 21 मई को होगी। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने ईडी से पूछा कि सोरेन ने यह अर्जी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत के लिए दी है, इस पर आपका रुख क्या है। इस पर ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने सोरेन को अंतरिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव घोषित होने से काफी पहले हुई थी।

### शराब नीति घोटाले में आप व केजरीवाल आरोपी : ईडी

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल आठ चार्जशीट दाखिल की हैं, जिसमें आज दाखिल की गई सातवीं पूरक चार्जशीट है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर यह पहली चार्जशीट है। ईडी ने इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के. कविता हैं। इसमें अरविंद केजरीवाल फिलहाल 1 जून तक की अंतरिम जमानत पर हैं जबकि संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत दे चुकी है।

### ट्रक में घुसी यूपी रोडवेज, 5 महिलाओं की मौत, 12 घायल

**भरतपुर।** भरतपुर के हलैना के पास नेशनल हाईवे पर जयपुर जा रही बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं। हलैना थाना इंचार्ज बृजेंद्र शर्मा ने बताया हादसा आज दोपहर 1.30 बजे हुआ। घायलों को हलैना हॉस्पिटल लेकर गए। 13 में से 8 घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है। 5 घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। बस उत्तर प्रदेश (यूपी) परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है।

---

पीएम मोदी ने जैदपुर मार्ग के समीप चुनावी जनसभा में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा

# मुख्यमंत्री योगी से ट्यूशन ले इंडिया गठबंधन

### राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटना चाहती है कांग्रेस

समृद्धि न्यूज



**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी और राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी।

जैदपुर मार्ग के समीप विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को इंडिया गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से कहा आपके एक वोट की ताकत ने 500 साल के इंतजार को खत्म करके भव्य राममंदिर में श्रीरामलला को विराजमान कराया। पहले जब लोग रामलला को टेंट में देखते थे तो सरकार को भद्दी भद्दी गालियां देते थे। योगी जी के ओडीओपी मिशन से अब मुझे विदेश जाते वक्त गिफ्ट लेने के लिए चिंता नहीं करनी पड़ती। यूपी में जो सफाई अभियान योगी ने चलाया है, उसके कारण यहां निवेश का माहौल बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस ने रातों-रात कर्नाटक में ठप्पा मारकर मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण दे दिया है। मोदी कभी हिन्दू-मुसलमान नहीं करता, बल्कि इंडी गठबंधन के पापों को इतिहास बताता है। अवधी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुये उन्होने कहा हम आपके कर्जा मा डूब गयन' और इस कर्ज को और ज्यादा मेहनत करके चुकाउंगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि मोदी हैट्रिक लगाने जा रहा है। उन्होने इंडिया गठबंधन को ऊटपटांग खिचड़ी बताते हुए कहा कि ये लोग ताश के पत्तों की तरह बिखरना शुरू हो गये हैं। मोदी ने कहा कि समाजवादी शहजादे की नई बुआ बंगाल में बनी हैं, जो अब कह रही हैं वो इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज आपके सामने एक तरफ देशहित के लिए समर्पित बीजेपी एनडीए का गठबंधन है। दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन मैदान में है। इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, मगर दिल के सारे अरमां बह गये। श्री मोदी ने कहा कि इस ऊटपटांग खिचड़ी को आप लोग वोट देकर अपना वोट बर्बाद न करें। भाजपा का सांसद होगा तो दिल्ली और लखनऊ से योजनाएं लेकर आएगा। अगर इंडी गठबंधन का सांसद होगा तो उसका मापदंड होगा कि उसने मोदी को कितनी गाली दी। 5 साल मोदी को गाली नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाला सांसद चाहिए। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है ओनली कमल। बाराबंकी से राजरानी रावत और मोहनलालगंज से कौशल किशोर को हर बूथ पर विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश में दमदार सरकार होती है तो फर्क भी साफ साफ दिखता है। कमजोर सरकार आज है कल नहीं है। कमजोर सरकार का पूरा फोकस इस बात पर होता है कि किसी तरह उनकी गाड़ी चलती रहे। भाजपा की दमदार सरकार का मतलब क्या होता है, ये हमारा अवध क्षेत्र बेहतर जानता है।

### देश में दलित आदिवासी को नहीं मिल रही नौकरी : मायावती



**प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने पार्टी के उम्मीदवार प्रथमेश मिश्रा के समर्थन में शुक्रवार को चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान भाजपा, कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह किसी भी दल से गठबंधन न करके इस बार कार्यकर्ता और जनता के भरोसे अकेल दम पर चुनाव लड़ रही है। जनसभा में उन्होंने अपने मतदाताओं व समर्थकों को सचेत करते हुए कहा कि भाजपा समेत विपक्षी दल प्रलोभन दे रहे हैं। इनके बहकावे में नहीं आना है।

### जनघोष बन गया अबकी बार 400 पार का नारा : योगी

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाराबंकी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। सीएम योगी ने कहा, पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के विभाजनकारी तुष्टीकरण और अराजकता की नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है। योगी ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की और कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को देखते हुए देश के आमजन ने एक बार फिर मोदी सरकार के विजयश्री के साथ खुद को जोड़ा है। ऐसे में हमें बाराबंकी और मोहनलालगंज समेत उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देना है।

## नेताओं पर हमले की योजना बना रहे आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

एजेंसी

**गांधीनगर।** एक बड़े आतंकी भंडाफोड़ में, गुजरात पुलिस ने एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है जो देश भर के प्रमुख राजनीतिक नेताओं को मारने की योजना बना रहा था।

शुक्रवार को मीडियाकर्मियों को इस सफलता के बारे में जानकारी देते हुए, गुजरात पुलिस के आयुक्त, अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि एक मौलवी (मौलवी), जिसे उसके पहले नाम सोहेल से पहचाना जाता है, को मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और उसने आतंकी मॉड्यूल के बारे में और सुराग दिए। आयुक्त ने कहा कि मॉड्यूल के कामकाज की चल रही जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), केंद्रीय विशिष्ट आतंकवाद विरोधी एजेंसी और आतंकवाद विरोधी दस्ते भी शामिल थे। कमिश्नर गेहलोत ने मीडिया को बताया, हमने सूरत जिले से सोहेल नाम के एक मौलवी को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने इस आतंकी मॉड्यूल के बारे में और जानकारी साझा की, जिससे वह जुड़ा हुआ था। उन्होंने आगे खुलासा किया कि पुलिस ने उनके पास से दो जन्म प्रमाण पत्र भी जब्त किए।

**पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

### नीट-2024 के रिजल्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल प्रवेश की परीक्षा नीट-2024 के रिजल्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मावकाश के बाद करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि अदालत अखिल भारतीय परीक्षा पर रोक नहीं लगा सकती है। वंशिका यादव की ओर से दायर याचिका पर वकील सन्नी कादियान ने कहा कि राजस्थान में नीट की परीक्षा के दौरान अखबारों में पेपर लीक की खबर आयी। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक घटना पटना में हुई, जहां 13 लोगों को इस आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था।

## महंगाई और बेरोजगारी को ध्यान में रखकर करें वोट

समृद्धि न्यूज

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेठी में संयुक्त रूप से जनसभा की। जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लोगों ने सेना के लिए अग्निवीर लागू किया है। अगर फिर से सत्ता में आ गए तो पुलिस की नौकरी में भी अग्निवीर लागू हो जाएगा।

उन्होंने जनता से अपील की है कि जब वोट करने जाना तो बेरोजगारी व महंगाई को ध्यान रखना। वहीं अमेठी के निवर्तमान सांसद और रायबरेली से लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण में अमेठी से अपने रिश्ते को याद किया और कहा कि जब मैं 12 साल का था तब पहली बार अमेठी आया था। मेरा तब से अमेठी से रिश्ता है। उन्होंने जनता से कहा कि आप ये मत सोचिए कि मैं रायबरेली से लड़ रहा हूं। मैं अमेठी का हूं और अमेठी का ही रहूंगा। उन्होंने संविधान की किताब दिखाते हुए कहा कि यह चुनाव आम चुनाव नहीं है। यह चुनाव संविधान बचाने का है। भाजपा के लोगों ने खुलकर कहा है कि वो अगर फिर से सत्ता में आ गए तो संविधान को बदल देंगे। संविधान खत्म हुआ तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। पब्लिक सेक्टर की नौकरियां खत्म हो जाएंगी। इस संविधान की रक्षा करने की है।



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेठी में संयुक्त रूप से की जनसभा

### मोदी ने अमीरों का कर्ज माफ किया गरीबों की बात नहीं करते

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा कि सब एक जैसे नहीं हो सकते हैं। वो देश में गरीबी बनाए रखना चाहते हैं। मोदी ने अमीरों का कर्ज माफ कर दिया है पर गरीबों की बात नहीं करते हैं। राहुल गांधी ने कहा मोदी ने कुछ उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है। हमारी सरकार आई तो हम महिलाओं का लखपति बनाएंगे। हर साल महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये देंगे और अगर भाजपा के लोग ज्यादा शोर करेंगे तो हम इसे दो लाख रुपये कर देंगे।

### झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का पद से इस्तीफा

**रांची (झारखंड)।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को सौंपा। मुख्यमंत्री ने उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखा है। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित आलमगीर आलम को ईडी ने 15 मई की देर शाम गिरफ्तार किया था। आलमगीर के पीएस के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35 करोड़ बरामद किए थे। इसे लेकर ईडी ने दो दिनों तक इनसे पूछताछ की थी। आलमगीर आलम 35 करोड़ की बरामदगी के मामले में ईडी को सही जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया।

## उत्तराखंड के चारों धाम में रील्स व वीडियो बनाने पर लगा बैन

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में श्रद्धालुओं की भीड़ प्रशासन के लिए लगातार चुनौती बन रही है। भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने 3 बड़े आदेश दिए हैं। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा है कि चारों धाम के मंदिरों के 50 मीटर के दायरे में रील्स या वीडियो बनाने पर पाबंदी लगाई गई है। वीआईपी दर्शन पर लगी रोक भी 31 मई तक बढ़ा दिया है। पहले यह रोक 25 मई तक लगाई गई थी।

इसके अलावा सरकार ने यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में लगाए गए काउंटर को भी तीन दिन तक बंद कर दिया है। यानी अब श्रद्धालु सिर्फ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही कर सकेंगे। दरअसल, ऋषिकेश और हरिद्वार में भी लगातार भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। लोग बिना रजिस्ट्रेशन कराए डायरेक्ट दर्शन के लिए धामों में पहुंच रहे थे। इसलिए प्रशासन ने ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया है। उत्तरकाशी से गंगोत्री के 99 किमी और बरकोट से यमुनोत्री के 46 किमी रूट पर करीब 3 हजार गाड़ियां 12 से 15 घंटे इंतजार कर ट्रैफिक में रेंगती रहीं।

**वीआईपी दर्शन पर लगी रोक बढ़कर हुई 31 मई**

### नेपाल ने भी मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** देश एवं दुनिया में स्वाद एवं सुगंध के लिए मशहूर भारतीय मसाले हानिकारक कीटनाशक पाए जाने के बाद से लगातार विवादों के घेरे में है। सिंगापुर, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब नेपाल ने भी भारत के दो मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट की बिक्री, खपत तथा आयात पर रोक लगा दी है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दो भारतीय मसाला ब्रांडों एमडीएच एवं एवरेस्ट के आयात, उपभोग और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रवक्ता के मुताबिक इन दो ब्रांड्स के मसालों में केमिकल एथिलीन ऑक्साइड के स्तर के लिए परीक्षण की जांच चल रही है।

## केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को महिला आयोग ने फिर भेजा नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने आम आदमी पार्टी की नेता और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को एक बार फिर नोटिस जारी कर शनिवार को पेश होने को कहा है। अगर वे कल भी पेश नहीं होते तो आयोग के सदस्य उसके घर जाकर उनसे सवाल जवाब करेंगे। शुक्रवार को उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के दफ्तर पेश होना था लेकिन वे पेश नहीं हुए।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा, जब हमने सोशल मीडिया पर यह देखा तो हमने स्वतः संज्ञान लिया। मैंने स्वाति मालीवाल से शिकायत दर्ज करने का अनुरोध किया। मुझे लगता है वह सदमे में थी क्योंकि कोई भी उम्मीद नहीं कर सकता था कि उन्हें अपने नेता के आवास पर इस तरह से पीटा जाएगा। वह एक सांसद हैं जो हमेशा महिलाओं के मुद्दों को उठाती रही हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ हूं, और आप बाहर आएं और शिकायत करें काफी देर तक सोचने के बाद उसने शिकायत दर्ज कराई। रेखा शर्मा ने कहा कि हमने विभव को नोटिस भेजा है, लेकिन उनकी पत्नी ने इसे स्वीकार नहीं किया, इसलिए हमने वह नोटिस उनके दरवाजे पर चिपका दिया। अगर वह कल तक नहीं आए तो फिर हम उनके आवास पर जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारी टीम उनसे मिले।

### अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी में राहुल गांधी पर लगा जुर्माना

**रांची।** अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने राहुल गांधी पर 1 हजार का जुर्माना लगाया। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी पर 2 सप्ताह का समय मांगने के लिए जुर्माना लगाया है। बता दें कि राहुल गांधी की ओर से अदालत से समय की मांग की गई थी, जिस पर अदालत में उन पर हर्जाना लगाया है। पिछले कई सुनवाई से उनकी ओर से समय की मांग की जा रही थी। वहीं, बता दें कि 2018 में कांग्रेस पार्टी का चाईबासा में हुए अधिवेशन में राहुल गांधी शामिल हुए थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा था कि कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। उनके इस बयान पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रताप कटिहार ने चाईबासा कोर्ट में मामला दर्ज करवाया था।

## दूसरी शादी करने पर पति बच्चों की संरक्षकता का अधिकार नहीं खोता

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी की मौत के बाद पति के दूसरी शादी करने मात्र से पति अपने बच्चों की संरक्षकता का अधिकार नहीं खो देता। विपक्षी पिता ने परिवार अदालत में कहा भी है कि वह दूसरी शादी नहीं करेगा। बच्चों की अभिरक्षा के लिए विपक्षी पिता की गार्जियन एण्ड वाड्र्स एक्ट के तहत परिवार अदालत की कार्यवाही पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया और नाना की तरफ से दाखिल याचिका खारिज कर दी है।

कोर्ट ने अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार अदालत मऊ को तीन माह में केस तय करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने अशोक पाठक की याचिका पर दिया है। हालांकि विपक्षी अधिवक्ता ने गार्जियन एण्ड वाड्र्स एक्ट की धारा 125 की कार्यवाही के खिलाफ अनुच्छेद 227 के तहत दाखिल याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति की। याची का कहना था कि उसकी बेटी की शादी विपक्षी के साथ हुई थी। दो बच्चे पैदा हुए हैं। बेटी की मौत हो गई। बच्चे अपने नाना के पास रह रहे हैं। बच्चों के पिता ने बच्चों की अभिरक्षा के लिए परिवार अदालत में अर्जी दी है। जिसको लेकर याचिका दायर की गई। कहा गया कि विपक्षी ने दूसरी शादी कर ली है। इसलिए उसे बच्चों की अभिरक्षा न सौंपी जाए।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाना की याचिका पर सुनाया फैसला**

---

**कामयाबी** लखनऊ के सिविल अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने किया 45 साल की महिला का ऑपरेशन

# सात किलो का ट्यूमर निकाल महिला को दिया जीवनदान

### चिकित्सक की लिखी जांच रिपोर्ट में महिला का हीमोग्लोबिन निकला तीन

विकास तिवारी

**लखनऊ।** सिविल अस्पताल में शुक्रवार को चिकित्सकों की टीम ने 45 साल की महिला का ऑपरेशन कर 7 किलोग्राम का ट्यूमर निकाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उषा देवी के नाम की महिला को दो हफ्ते पहले भर्ती कराया गया था ओपीडी के द्वारा युवा सर्जन डॉक्टर आनंद मिश्रा को उक्त महिला ने अपने को दिखाया और चेकअप कराया तो डॉक्टर मिश्रा ने जब चेक किया और टेस्ट के लिए रिपोर्ट लिखा तो रिपोर्ट में हीमोग्लोबिन तीन था जिससे डॉक्टर भी परेशान हो गए कि यह तो बहुत कमजोर स्थिति में मरीज है इसका ऑपरेशन करना भी जरूरी है और उसके पेट में बड़ा ट्यूमर दिखाई दिया तो उसे तत्काल भर्ती करने का निर्णय लिया और महिला को भर्ती होने को कहा डॉक्टर आनंद मिश्रा ने अपने निगरानी में 45 वर्षी उषा देवी को दो हफ्ते तक लगातार दवाइयां उपचार कर ऑपरेशन करने की स्थिति में लाया और 17 मई को ऑपरेशन किया तो उसे महिला के पेट से 7 किलो का बड़ा सा ट्यूमर निकालकर उसे नई जीवनदान दिया और इस समय महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टर मिश्रा ने बताया की महिला जब भर्ती हुई थी तो बहुत ही कमजोर और दयनीय स्थिति में दिख रही थी लेकिन मैंने अपने अथक प्रयास से महिला को भर्ती कर आज ऑपरेशन किया और सात किलो का बड़ा सा ट्यूमर निकाला। डॉ आनंद मिश्रा ने यह भी बताया कि अब हमारे यहां भी केजीएमयू या लोहिया के स्तर की सर्जरी के रूप में ऑपरेशन की सारी सुविधाएं उपलब्ध है।



### अस्पताल में होते हैं जटिल से जटिल ऑपरेशन : सीएमएस

सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने सर्जरी के बारे में बताया कि हमारे अस्पताल में बहुत से जटिल से जटिल ऑपरेशन होते रहते हैं और हमारे यहां हर पद्धति के अच्छे डॉक्टर और विशेषज्ञ मौजूद हैं। युवा सर्जन डॉक्टर आनंद मिश्रा ने इतना बड़ा ट्यूमर महिला के पेट से निकालकर उसे जीवनदान दिया। हमारी यही कोशिश रहती है कि मरीज को अच्छी देखभाल अस्पताल में मिले और वह स्वस्थ होकर घर जाए।

# बुजुर्ग दम्पति हत्याकांडः नाती आलाकत्ल संग गिरफ्तार

**मृतक दम्पत्ति निजी मकान में रहते थे तथा फरीदाबाद, हरियाणा स्थित मकान को 55 लाख रूपये में बेच दिया था**



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

स्वाट,सर्विलांस व थाना देवा पुलिस टीम द्वारा बुजुर्ग दम्पत्ति हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर सगे नाती, हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे, निशांदेही पर नकदी,जेवरात व आलाकत्ल बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार 11 मई को वादी फखरे आलम निवासी मो. लालापुर कस्बा व थाना देवा द्वारा थाना देवा पर सूचना दी गई कि माजिद हुसैन वारसी निवासी जवाहर कालोनी फरीदाबाद सेक्टर 22 थाना शारन जनपद फरीदाबाद, हाल पता मो. लालापुर कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी अपनी पत्नी के साथ उसके ही मोहल्ले मे एक मकान खरीद कर करीब 6 माह पूर्व से निवास कर रहे थे,उनके शव घर में पड़े है एवं दुर्गन्ध आ रही है,उन दोनो की किसी ने हत्या कर दी है।

उक्त सूचना के आधार पर थाना देवा पर मुअसं 305/2024 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा उक्त हत्या की घटना से सम्बन्धित समस्त पहलुओं की जांच कर घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गये।इसी क्रम मे स्वाट सर्विलांस व थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश मे आये सगे नाती, हत्याभियुक्त साहिल वारसी पुत्र सगीर खान निवासी मैरिस रोड लक्ष्मीबाई मार्ग इस्लामाबाद भट्ठा गली नं0 3 थाना क्वारसी जनपद अलीगढ़, हालपता कालोनी, सहजमल कोइल थाना देहली गेट जनपद अलीगढ़ को मामा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे, निशांदेही पर 30 हजार रुपये नकद, जेवरात, आलाकत्ल (ईंट) आदि बरामद किया गया। मृतक दम्पत्ति फरीदाबाद, हरियाणा में निजी मकान में रहते थे तथा फरीदाबाद, हरियाणा स्थित मकान को करीब 6-7 माह पूर्व 55 लाख रूपये में बेच दिया गया था। बुजुर्ग दम्पत्ति द्वारा 5-6 वर्ष पूर्व एक मकान देवा मे भी खरीदा गया था। बुजुर्ग दम्पत्ति देवा स्थित हाजी वारिस अली शाह के मुरीद थे,जिस कारण लगभग 5-6 माह पूर्व देवा स्थित मकान में रहने लगे थे। अभियुक्त साहिल वारसी के नाना,मृतक माजिद हुसैन के कहने पर उसके पिता द्वारा अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया गया था,जिस कारण अभियुक्त अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल मे ससुर के मकान में रह कर मजदूरी का काम करता था।

अभियुक्त स्वयं का बिजनेस करना चाहता था जिस कारण उसे रुपयों की आवश्यकता थी। अभियुक्त को बुजुर्ग दम्पत्ति द्वारा बेचे गये मकान एवं उससे प्राप्त रुपयों के विषय में जानकारी थी कि नाना द्वारा 25 लाख रूपया किसी बैंक में फिक्स कर दिया गया है एवं शेष रुपये व ज्वेलरी घर की अलमारी में रखे होंगे। 8 मई को समय करीब प्रातः 11.00 बजे अभियुक्त साहिल द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अपने मोबाइल घर पर ही छोड़कर देवा आकर दूसरे व्यक्ति के मोबाइल से अपने नाना को कॉल करके कोरियर रिसीव करने हेतु देवा मे ही उनके घर से दूर स्थान पर बुलाया गया एवं स्वयं मौका पाकर घर मे घुस गया।उसे उम्मीद थी कि नानी बीमार रहती है और उसे रुपये और जेवरात चोरी करने मे आसानी रहेगी, किन्तु नानी द्वारा उसका विरोध किया गया,जिससे अभियुक्त द्वारा ईंट से मारकर नानी की हत्या कर दी गई एवं उसके थोड़ी देर बाद ही उसके नाना भी घर आ गये। नाना के वापस घर आ जाने एवं उसे देख लेने पर अभियुक्त साहिल द्वारा नाना की भी ईंट मार कर हत्या कर दी गई एवं अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे 35000 रुपये नकद व जेवरात लेकर घर में बाहर से ताला लगाकर चला गया था।

**हत्याभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

हत्याभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थाना देवा प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय,अतिरिक्त निरीक्षक मुस्तकीम अहमद,उप निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रजापति,कांस्टेबल अतुल कुमार,उत्तम चतुर्वेदी,स्वाट टीम से उप निरीक्षक अजय सिंह प्रभारी स्वाट टीम,उप निरीक्षक अभिमन्यु सिंह,हेड कांस्टेबल बलवन्त सिंह, जितेन्द्र बहादुर सरोज,दीनानाथ शुक्ल,मनीष कुमार, कांस्टेबल प्रवीण शुक्ल,अंकित तोमर,अभय,अभिषेक राजवंशी,नितिन कुमार व सर्विलांस सेल से उप निरीक्षक संजीव प्रकाश सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल,उप निरीक्षक रामाधार,हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र प्रताप सिंह,जितेन्द्र वर्मा, मजहर अहमद,अनुज कुमार,पवन गौतम,शैलेन्द्र कुमार शामिल थे।

# जनसम्पर्क कर राजरानी को जिताने की अपील

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह अपने भारी समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ त्रिवेदीगंज क्षेत्र के विभिन्न गांव में घर-घर जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राजरानी रावत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए उन्हें भारी मतों से चुनाव जिताने की अपील की।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने त्रिवेदीगंज क्षेत्र के नरेन्द्रपुर मदरहा, कान्हीपुर, गौरी सहित करीब आधा दर्जन गांवों में अपने समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जाकर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट वोट मांगकर जिले में फिर कमल खिलाने की अपील की। इस मौके पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के हर पात्र व्यक्तियों तक सीधे योजनाओं का लाभ पहुंचा है। मोदी सरकार ने विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव रखी है। श्री सिंह ने कहा कि पहली बार देश के किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है जो कि पूर्व की कांग्रेस सरकार में हमेशा उपेक्षा का शिकार रहा है, गरीबों को निशुल्क राशन देने के साथ आयुष्मान भारत से 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज की व्यवस्था भी सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है। कांग्रेस सपा का जो इंडिया गठबंधन है वह नहीं टिक पायेगा उनकी फिर करारी हार होंगी। इन लोगों ने सत्ता में रहने के दौरान गरीब किसानों के लिए कुछ नहीं किया है जनता अब इनके बहकावे में फिर आने वाली नहीं है। इस मौके पर प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू, प्रधान बेलहरी अजय प्रताप सिंह चौहान, प्रधान मोहम्मद पुर अभय प्रताप सिंह, मनोज सिंह, सरोज तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, प्रशान्त तिवारी, केशवानंद बाजपेयी, नीरज वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीडीओ ने मतदान करने की किया अपील

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में विकास खंड की समस्त ग्राम पंचायतो में आगामी 20 मई को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता विजय सिंह, आई एस बी मोहित कुमार चतुर्वेदी, कृषि ज्ञानेंद्र कुमार एवं ग्राम पंचायत अधिकारी पवन कुमार ने ग्राम पंचायत अंसारी व राणापुर में मतदाताओं को मतदान पर्ची देते हुए फूलों की माला पहनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी तरह सचिन चंद्रेश कुमार ने ग्राम पंचायत सिंधियावा, दिनेश प्रसाद ने चौबिसी, अखिलेश कुमार दुबे ने गोसूपुर में फूलों की माला पहना लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## भाई के संग जा रही युवती से युवक ने की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

> कोतवाली पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की कर रही है छानबीन

गुरुवार की देर रात अपने भाई के साथ घर जा रही एक युवती के साथ छेड़खानी और अभद्रता की गई। जिसका विरोध करने पर उसके भाई को भी बुरी तरह से मारा पीटा गया। कोतवाली पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

कस्बा निवासिनी पीड़िता ने बताया कि गुरुवार की देर रात उसके भाई ने नगर के मुख्य चौराहे से थोड़ी दूर लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर एक मिठाई की दुकान के सामने उतारा जिसके बाद पीडिता हाईवे क्रॉस कर अपने घर जाने लगी तो मिठाई की दुकान पर नौकरी करने वाले राजेश मौर्य नशे की हालत में उसके साथ अभद्रता करने लगा। जिस पर पीड़िता ने अपने भाई को आवाज दी। भाई ने वापस आकर जब विरोध जताया तो आरोपी दबंग व उसके साथियों ने छेड़छाड़ का विरोध कर रहे भाई पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद भाई के साथ कोतवाली पहुंची पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी हैं।

## खबरें एक नजर में

### 22 व्यक्तियों के विरुद्ध शांति भंग की हुई कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद मे संदिग्ध व्यक्तियो,वांछित अभियुक्तो, वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान मे जनपद पुलिस द्वारा 2 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया तथा 22 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओ मे कार्यवाही की गयी।

### 376 का आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना रामनगर पुलिस द्वारा 1 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुअसं 647/2023 धारा 376/506 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त साहेबलाल पुत्र मंगल निवासी ग्राम लहडरा थाना रामनगर को गिरफ्तार किया गया।

### राहुल गांधी की जनसभा आज, कोठी होगी जनसभा

**बाराबंकी।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में कोठी थानाक्षेत्र के मदारपुर चौराहे पर दोपहर 12 बजे कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा के अगले ही दिन राहुल गांधी की जनसभा होना चर्चा का विषय बन गया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा तनुज पुनिया के लिए किया गया डैमेज राहुल गांधी द्वारा कंट्रोल किया जाएगा। वैसे तो राहुल गांधी या अखिलेश यादव की जनसभाओं में भीड़ अपने आप आती है, देखना है आज होनी वाली राहुल गांधी की जनसभा के बाद का चुनावी समीकरण किसके पक्ष में जाता है।

### स्काउट छात्र पिलाएंगे 5 दिन तक यात्रियों को स्वच्छ जल



**मितौली खीरी।** भीषण गर्मी में कस्ता कस्बे में जिला पंचायत इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड शिक्षक लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री के सानिध्य में स्काउट छात्रों द्वारा 16 मई से 20 मई तक पांच दिवसीय यात्रियों को स्वच्छ जल पिलाये जाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्कूल से छुट्टी के बाद स्काउट छात्रों द्वारा कड़ी मेहनत कर आने जाने वाले यात्रियों को स्वच्छ व शीतल जल पिलाया जा रहा है। यह पुनीत कार्य स्काउट गाइड टीचर लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री की अगुवाई बच्चों में सेवा भाव जागृत करने के उद्देश से किया जा रहा है। श्री राम चौराहा कस्ता पर आने जाने वाले यात्रियों को स्वच्छ जल पिलाए जाने का कार्यक्रम दोपहर एक बजे से सायं तीन बजे तक संचालित किया जा रहा है। स्काउट गाइड छात्रों द्वारा संचालित कार्यक्रम कि नागरिकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

### बीएलओ मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें : डीएम

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत बूथों पर अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने हेतु जनपद में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देशन में तथा मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन के नेतृत्व में कुशलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज विकास खण्ड निन्दूरा के अन्तर्गत समस्त 88 ग्राम पंचायतों में गठित कुल 185 मतदेय स्थलों के 161662 निर्वाचकों को मतदाता पर्ची का वितरण बी0एल0ओ0 के नेतृत्व में कराई गयी। इसके तहत समस्त बूथों के बीएलओ के साथ ग्राम स्तरीय कार्मिकों यथा लेखापाल, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षा मित्र, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि की टीम बनाकर सभी मतदाताओं को मततदाता पर्ची उपलब्ध कराई जा रही है। इस कार्य के पर्यवेक्षण हेतु समस्त सेक्टर प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है। शुक्रवार को विकास खण्ड निंदूरा में शतप्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया चुका है।

## भाजपा में दिखने लगी आपसी मनमुटाव की झलकियां कद्दावर नेता चुनाव प्रचार में नही निकल रहे

**रामनगर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने के लिये सत्ता धारी दल के कद्दावर नेता दिन रात एक किये हुये है।लेकिन जिसके ऊपर आम अवाम की नजरें लगी हुई थी और कार्यकर्ताओ के मान सम्मान में सदैव खड़ी रहने वाली पूर्व सांसद प्रियंका रावत सहित जमीनी नेताओं का जमी पर क्षेत्र मे दिखाई न पड़ना और आपस में ही वाद विवाद अब चर्चा का विषय बन चुके है।यह बात अलग है कि वर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत का कथित बी डी ओ वायरल होने के बाद उक्त मामले की जांच पड़ताल का मामला अधर में रहने के बावजूद बड़े मंचों पर मौजूदगी लोगों में चर्चा का विषय बन चुकी है। मालूम हो अगले चरण में बाराबंकी संसदीय क्षेत्र के सासंद का चुनाव होना तय है।इस बार चुनावी चुस्किया गांव गली चौराहों पर मीठी कड़क चर्चाये और मत भेद लोगों की चर्चाओ के मध्य से गायब है।जैसे जैसे मतदान की घड़ियां नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे दल के पुराने और कट्टर समर्थक अपनी चुप्पी तोड़ कर दबी जुबान से धीरे धीरे अपनी पीड़ा व्यक्त करने की शुरुवात कर चुके हैं।जिससे कोई सीख लेने के बजाय हर फन के माहिर नेता दल की साख को मटिया मेट करने में मशगूल हैं।

मंडल अध्यक्ष से लेकर बात छोटे बड़े पदाधिकारियों की हो जो लोग केवल ममहित का झंडा उठाये चारों तरफ बदनामी करा रहे हैं ऐसे लोगों को निरन्तर छूट और बढ़ावा लोकसभा चुनाव में भारी पड़ सकता है।जिले मे दल और कार्यकर्ताओ के हित में प्रियंका सिह रावत खड़ी रहती थी।वर्ष दो हजार चौदह के पहले जमीन पर दल के हित निरन्तर समर्पित रहकर कार्य करने वाले नेताओं में राम बाबू द्विवेदी का भी नाम है जिले में तमाम जनप्रिय पुराने नेताओं पदाधिकारियों पर कमाऊ खाऊं लोग भारी साबित हुये है।जागरुक जनों के मुताबिक लोगों में चर्चा तो इस बात की है कि जमीन पर काम करने वाले और जनता के साथ सुख दुख में शामिल रहकर लोगों में तरजीह पाने बड़े छोड़े नेताओं को कोई विशेष तरजीह मिलती हुई देखी नहीं गयी।स्थानीय स्तर पर जिला संगठन लगातार गिरावट के दौर में चल रहे एक दो ममहित वाले नेताओ के चंगुल में मस्त हैं। खैर यह तो मात्र बानगी भर है। जिले के अगुवा अपने लोगों की उपयोगिता किस तरह से सिद्ध कर पाते हैं यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है बाराबंकी संसदीय क्षेत्र में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा यह मतगणना के बाद पता चलेगा। लेकिन जनता के हितों से दूर दूर तक नाता न रखने वाले नेताओं को जिला संगठन और शीर्ष नेतृत्व की ओर से बराबर मिलने वाली विशेष तरजीह चुनावों में भारी साबित हो सकती है। जो चुनावी कार्यालयों से निकलकर आ रही जानकारियों से बाखूबी समझा जा सकता है। विगत दिन रामनगर कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख सूरतगंज के प्रतिनिधि शेखर हरायण जो विधान सभा रामनगर के चुनाव प्रभारी भी है।उन्हें एक दो नामवर क्षेत्रीय पदाधिकारियों के द्वारा अपमानित किया गया। जिसे देखकर दल के ही तमाम लोग मौके पर ही हतप्रभ रह गये।

## दिन में अवैध खनन में दौड़ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली



**ईसानगर खीरी। समृद्धि न्यूज**

धौरहरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विकास खण्ड ईसानगर मे कई जगहों पर जोरो से अवैध खनन के ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर फर्राटा दौड़ लगाते हुए देखे जा रहे हैं। धौरहरा तहसील के अंतर्गत लखपेड़ा , खनवापुर, लाखुन खमरिया में दिन के उजाले में काला कारोबार किया जा रहा है। एक तरफ प्रशासन द्वारा खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और हर संभव खनन पर रोक लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन सारे प्रयास प्रशासन के नाकाम साबित हो रहे हैं। जिसके चलते ट्राली डल्लफ से मिट्टी की काला बाजारी की जा रही है।

> एक तरफ प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और हर संभव खनन पर रोक लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं

इस मामले मे क्षेत्रीय लेखपाल जैनब कुमारी द्वारा बताया गया कि इन लोगों को कई बार बताया जा चुका है लेकिन यह लोग अपने कार्य से वाकिफ नहीं हो रहे हैं फिर भी दिखवाती हूं।

एसडीएम धौरहरा ने बताया कि कहीं ना कहीं हमारे ही आधिकारिक कर्मचारियों की कमी है जिसके चलते ऐसा हो रहा है हम इसको विशेष रूप से देखते हैं।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, एक की मौत

> पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बरवर नगर के मोहल्ला बलरामनगर में 4 मई देर शाम दो पक्षों में लाठी डंडे चले थे जिसमे दोनो पक्षों से कई लोग घायल हुए थे।

एक पक्ष ने बताया मेरी भतीजिया विनोद कुमार चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल के पास पीपल पेड़ के नीचे दीपक जलाकर वापस आ रही थी। रास्ते में घात लगाए बैठे किसान बिरादरी के कामता पुत्र फते, माता राम पुत्र फते, ने दोनो लड़कियों को छेड़छाड़ की नियत से कपड़े फाड़ दिए थे। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्हें माताराम, व कामता किसान ने लाठी डंडों से पीटकर घयाल कर दिया। दूसरे किसान बिरादरी पक्ष से फत्ते तथा उनकी पत्नी जय देवी, तथा माताराम पुत्र फत्ते भी बुरी तरह घायल हुए थे। घायल फत्ते किसान आयु 55 वर्ष की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के 4 बेटा दाताराम, कामता, विवाहित, छोटू , राज बहादुर अविवाहीत, बेटियों में रूबी, दानवती विवाहित, तथा अंजली अविवाहित है। पुलिस ने मौके पर पहुच कर लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिवार में पत्नी जयदेवी, बेटा, बेटियों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नगर का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट देने वाला बना रैम कैरियर इंस्टिट्यूट




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के गोला नगर मे एकेडमिक तैयारी को नया आयाम देने वाले बी डी फॉर बायोलॉजी के नाम से विख्यात बी डी वर्मा सर गोला में रैम कैरियर इंस्टिट्यूट मैं अपने मार्गदर्शन से सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट के साथ नगर के बच्चो को सर्वाधिक अंक दिलाकर प्रति वर्ष नए रिकॉर्ड को कायम करने का काम कर रहे हैं। बता दे गोला नगर के पंजाबी कॉलोनी स्थित रैम कैरियर इंस्टिट्यूट में कक्षा 6 से 12 तक के कक्षाएं संचालित है।

जिसमें 6 से 8 तक के सभी विषयों की पढ़ाई कराई जाती है, 9 और 10 में मैथ और साइंस की कक्षाएं संचालित होती है और 12वीं तक के बच्चों को बायोलॉजी विषय की तैयारी करवाई जाती है इसमें जिसमें शहर के तमाम विद्यालयों के बच्चों को 9 एवं 10 मे साइंस व 11 एवं में बायोलॉजी की कक्षाएं बी डी वर्मा सर द्वारा ली जाती हैं। 12वीं के बाद नीट में एडमिशन लेने के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी भी बी डी वर्मा द्वारा कराई जाती है जिसमें अभी तक कई बच्चों ने नीट की परीक्षा में सफलता पाई है।

**इस तरह रहता है रिजल्ट**

2023- 24 सत्र में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं में से कशिश वर्मा 12 में बायोलॉजी में 97 दिव्यांशी सिंह 96 विदुषी गुप्ता 91 और क्लास 12,10 में स्वाति पटेल के साइंस में 100 में 100 अंक हासिल किया साथी दर्जन भर बच्चों के 90 से ऊपर नंबर आए। इसी प्रकार हाल ही में वर्ष 2024 25 सत्र में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं मे शरद वर्मा राजेंद्र गिरी टॉपर की 93.8 परसेंट ऋषभ श्रीवास्तव सेंट जॉन स्कूल टॉपर के 94.2 प्रतिशत व कक्षा 12 मे अनुष्का बाथम अंशदीप कौर के जीव विज्ञान में 96 और हाई स्कूल में दुर्गेश वर्मा सलोनी गुप्ता के 95 एवं आधा दर्जन से भी अधिक बच्चों के 90 से ऊपर मार्क्स आए।



12वीं तक के छात्र-छात्राओं को बी डी सर ने सलाह देते हुए बताया कि गत वर्षो में नगर में अपने विषयों में सर्वाधिक अंक दिलवाने में जो अहम भूमिका है वह बच्चों की है कि वह मेरे द्वारा दिए गए सभी निर्देश एवं अध्ययन सामग्री पर पूर्णतया विश्वास करके रोजाना दिए गए टास्क को कंप्लीट करके और परीक्षा से पूर्व संस्था की सहभागिता के साथ तैयार अभ्यास सीरीज और प्रैक्टिस शीट्स का प्रयास करने से ही आसानी से अच्छे अंक अर्जित कर जा सकते हैं सीबीएसई बोर्ड हो या यूपी बोर्ड हो जो कि सारा सिलेबस एनसीईआरटी पर है तो एनसीईआरटी की पुस्तकों पर विशेष ध्यान देकर आसानी से अच्छा रिजल्ट अर्जित किया जा सकता है।

## इंडिया गठबंधन की बनी सरकार तो सभी की होगी रक्षा: सियाराम

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष सियाराम यादव ने आज अपने समर्थकों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत सराय गोपी जारमऊ भभूत गढ़ी मंगौवा सहित आधा दर्जन गांवों में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया और बाराबंकी से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पूनिया को भारी मतों से जिताने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान सियाराम यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन झूठ और फरेब की राजनीति नहीं करता है संसदीय क्षेत्र की खुशहाली और चौमुखी विकास के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बना अत्यंत आवश्यक है पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पूनिया द्वारा बाराबंकी में किए गए विकास कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है वहीं भाजपा की सरकार में किसान और नौजवान दोनों परेशान है इस सरकार में पिछड़ों दलितों के अधिकारों को दबाने का काम किया गया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने से आप सभी को नौकरी और रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही साथ किसानों और श्रमिकों के हक की रक्षा भी की जाएगी।

## नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मृतका के परिजनों का आरोप जेवर देने से इंकार पर संगीता को मार कर लटकाया**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली भीरा क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दो दिन पहले ही मायके से विदा कराकर पति लाया था। मायके वालों ने पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

कोतवाली भीरा क्षेत्र के गांव बस्तौली निवासी संगीता का विवाह एक वर्ष पूर्व इसी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगदेवपुर मजरा जगन पुरवा निवासी विकास के साथ हुई थी। गुरुवार की देर शाम संगीता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पाकर मायके वाले मौके पर पहुंचे शव देखकर उनमें चीख पुकार मच गई। मृतका के परिजनों ने बताया एक वर्ष पूर्व विकास के साथ हमने अपनी पुत्री संगीता का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ किया था दहेज में पुत्री संगीता को बाइक सहित कई अन्य सामान भी दिए थे।

वही जमीन जगह को लेकर गांव में ही विकास का कुछ विवाद चल रहा था उसी में रुपए देने के लिए संगीता पर जेवर बेचने का घर वाले दबाव बना रहे थे। इसी बीच मृतिका संगीता की मां की तबियत खराब हो गई और संगीता चार दिन पहले अपनी मां को देखने मायके गई थी। बुधवार को मृतका का पति विकास उसे विदा कराने ससुराल पहुंचा था। मृतका के परिजनों का आरोप है उसने जेवर देने से इंकार कर दिया तभी इन लोगो ने संगीता को मार कर लटका दिया है। बुधवार को विकास के साथ हमने अपनी बेटी को विदा किया था तब तक किसी भी प्रकार की कोई बात नही थी।गुरुवार को दोपहर बाद करीब चार बजे हमे सूचना दी गई संगीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, परिजनों का आरोप है मृतका के शरीर पर चोट के निशान थे। जेवर को लेकर मारपीट हुई उसके बाद इन्ही लोगो ने हमारी बेटी को मार कर लटका दिया। माइके वालों ने भीरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**वर्जन**

**पोस्टमार्टम के लिए तहरीर मिली थी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अगर तहरीर मिलेगी तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

**थानाध्यक्ष भीरा पंकज त्रिपाठी**

# मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों तक नल से पहुंचा जल

## मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जल जीवन मिशन व भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन से आच्छादित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। अवशेष घरों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाये।

भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये। भूगर्भ जल निधि से जल संचयन एवं संवर्धन के कार्य कराये जायें। वर्षा जल संचय के लिये शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की जाये। भूजल संचयन एवं संवर्धन हेतु आम जनमानस को जागरूक किया जाये।

इसी तरह 33,976 सोलर पैनल के सापेक्ष 26,578 सोलर पैनल लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसकी क्षमता 844.80 मेगावाट है। यह भी बताया गया कि वर्ष 2017 की तुलना में वर्तमान में प्रदेश के 36 जनपदों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ है एवं 34 विकास खण्ड संकट ग्रस्त श्रेणी से बाहर आये हैं। वर्ष 2023-24 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को आच्छादित करते शासकीय/अर्द्ध शासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया। बच्चों को जल के महत्व को समझाने हेतु जल ज्ञान यात्रा के तहत सरकारी स्कूलों के उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में से अब तक 68 जनपदों में कुल 72 जल ज्ञान यात्राओं का आयोजन किया गया है, जिसमें कुल 688 विद्यालयों के 10222 बच्चे तथा 1000 से अधिक अध्यापक व अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया।

### हाउसहोल्ड्स को वाटर कनेक्शन देने के मामले में यूपी अव्वल

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जल जीवन मिशन से 2,65,59,189 घरों के सापेक्ष 2,20,17,328 घरों को नल कनेक्शन से संतृप्त किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 82.90 प्रतिशत है, जबकि 15 अगस्त, 2019 को मात्र 1.94 प्रतिशत घर ही योजना से संतृप्त थे। वर्तमान में 50 प्रतिशत हाउसहोल्ड्स को वाटर कनेक्शन देने के मामले में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। कम्पोनेन्टवाइज रिपोर्ट में बताया गया कि अब तक 38914 के सापेक्ष 38,421 ट्यूबवेल तथा 38364 के सापेक्ष 35,860 पम्प हाउस को क्रियाशील कराया जा चुका है। इसी प्रकार 9514 के सापेक्ष 7576 क्लोरिनेशन प्लांट को क्रियाशील, 1,67,865 के सापेक्ष 1,32,385 किमी रोड रेस्टोरेशन, 5,04,352 किमी के सापेक्ष 4,53,114 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा सिक्योरिटी राशि पर ब्याज, बिल में समायोजित होगी ब्याज राशि

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड प्रबंधन के आदेश के चलते पीवीवीएनएल के करीब 72 लाख बिजली उपभोक्ताओं को भी कनेक्शन सिक्योरिटी के रूप में जमा राशि पर करीब 130 करोड़ रुपये ब्याज का लाभ मिलेगा। ब्याज का लाभ उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में समायोजित करके दिया जाएगा।

इससे बिजली उपभोक्ताओं को बिल कम जाएगा।विद्युत अधिनियम-2023 में दिए गए प्रावधानों के तहत उपभोक्ताओं को प्रत्येक वर्ष जमा सिक्योरिटी पर मिलने वाले ब्याज को देने का आदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने जारी किया है। प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि के 4500 करोड़ रुपये जमा है, जिसपर 2023-24 के लिए 6.75 फीसदी की दर से 303 करोड़ रुपये ब्याज बन रहा है। पीवीवीएनएल के 72 लाख उपभोक्ताओं के करीब 2000 करोड़ रुपये जमा है। 135 करोड़ रुपये ब्याज बन रहा है। इस ब्याज को डिस्कॉम बिजली उपभोक्ताओं को अदा करेगी। 2023-24 के लिए ब्याज की धनराशि उपभोक्ताओं के मई-जून के बिजली बिलो में दी जाएगी। बिजली उपभोक्ता बिल मे ब्याज की धनराशि देख सकते हैं। अगर किसी को ब्याज की धनराशि न मिले तो वे इसकी शिकायत नजदीक के विद्युत उपकेंद्र पर कर सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### 26 मई को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुस्लिम सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष सलीम अहमद राईनी एवं राष्ट्रीय सामाजिक कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद आफाक ने जारी बयान में कहा कि रविवार 26 मई 2024 को दोपहर 11:00 बजे ब्रुकाम मेजबान होटल, ओल्ड आरटीओ कार्यालय, लातोश रोड लखनऊ मे सामूहिक निकाह समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी शुभचिंतकों से अनुरोध है कि वे इसमें सक्रिय रूप से भाग लें और हर संभव सहयोग करें ताकि जिन लोगों का सामूहिक निकाह समारोह में विवाह हो रहा है। अहमद रानी ने बताया कि हर साल जोड़ों का निकाह बेहद सादगी से किया जाता है। राष्ट्रीय समाज कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद आफाक ने कहा कि सादगी और कमरतोड़ लेन-देन से मुक्त निकाह सबसे अहम जरूरत है। विवाह को रीति-रिवाजों से मुक्त करने की अपरिहार्य आवश्यकता है, और इस संबंध में, प्यारे पैगंबर की बेटी हजरत अल-जहरा का विवाह हमारे लिए एक अच्छा उदाहरण है। दुर्भाग्यवश आज हमने विवाह को बहुत कठिन बना दिया है। गैर-शरिया रीति-रिवाजों और दहेज आदि के कारण शादी महंगी हो गई है, इसलिए सभी लोगों से अनुरोध है कि वे शादी को आसान बनाएं और सभी से अनुरोध है कि वे इस तरह के समारोह में भाग लें और अपने बच्चों की शादी को भी इसी तरह सरल बनाएं।

### अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में लोक कला संग्रहालय, लखनऊ द्वारा विभिन्न विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पपेट शोका आयोजान किया गया। प्रतियोगिता की श्रृंखला में आज सहाय सिंह स्कूल, नरही, लखनऊ, राजकीय बालिका स्कूल, जिआमऊ, भारतीय बालिका गर्ल्स इन्टर कॉलेज, शाहनजफरोड, भारतीय विद्या भवन, गोमती नगर, विद्या मन्दिर, नरही, लखनऊ आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ विनय कुमार सिंह, मुद्राशास्त्र अधिकारी, राज्य संग्रहालय, लखनऊ ने विद्यार्थियों को अपने व्याख्यान में संग्रहालय के बारे में विस्तार से सचित्र परिचय कराया। उन्होंने बताया कि संग्रहालय प्राचीन धरोहरों को सुरक्षित, संरक्षित एवं प्रदर्शित किये जाने का स्थान है एवं राष्ट्र की विभिन्न अमूल्य धरोहरों, राष्ट्रीय पुरावेशों व संस्कृतियों से रूबरू कराया जाता है, साथ ही लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के संग्रहालयाध्यक्ष डा कृष्ण ओम सिंह व वीथिका सहायक सुश्री छाया यादव के द्वारा संग्रहालय के महत्त्व एवं लोक कलाओं के प्रति जागरूक कर ज्ञानार्जन हेतु संग्रहालय भ्रमण के प्रति प्रेरित किया गया और 1090 चौराहा के पास संग्रहालय के महत्त्व से सम्बन्धित पपेट शो का आयोजन भी कराया जा रहा है। कार्यक्रम में लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के सौरवेन्द्र प्रताप सिंह, मदन लाल, जितेन्द्र कुमार, सुरेश चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

### अब 18 तक नहीं बनेंगे डीएल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अब लर्निंग लाइसेंस से लेकर परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस सहित कई कार्य 18 मई तक नहीं हो सकेंगे। आवेदकों को ऑनलाइन अप्लाई करने पर स्लाट नहीं मिलेगा। परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल की मेंटेनेंस के चलते ये दिक्कतें आएंगी।लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करना हो या आरटीओ कार्यालय के लिए स्लाट बुक करना हो, परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस की फीस जमा करनी हो या लाइसेंस रिन्युअल, डुप्लीकेट डीएल, एड्रेस बदलना समेत डीएल से जुड़ा कोई काम इसके लिये सिर्फसारथी पोर्टल एक विकल्प है। पोर्टल बंद होने के ये कार्य नहीं हो सकेंगे। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि मेंटेनेंस के चलते 18 मई तक सारथी पोर्टल प्रभावित रहेगा। लाइसेंस संबंधित कार्य स्थगित रहेंगे। जिन आवेदकों ने स्लाट लिया होगा, उनका भी काम नहीं होगा।

### झूलेलाल घाट पर 23 को मनेगी बुद्ध पूर्णिमा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित इस बार 125वी सनातन समागम व आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन हरिद्वार की तर्ज पर झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर 23 मई, गुरुवार को शाम 6:30 बजे होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि बैशाख पूर्णिमा व भगवान बुद्ध जयंती पर 125वे सनातन समागम में सांस्कृतिक संध्या के साथ हाईस्कूल/इंटर के मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान होगा और नशा व अपराध मुक्त उ0प्र0 विषयक स्लोगन, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता होगी साथ ही दीपदान संकल्प लिया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान बुद्ध की झांकी और अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे और 05 विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान भी दिए जाएंगे। इस बार पूर्व न्यायमूर्ति एस0एस0 उपाध्याय न्यायाधीश मीनाक्षी आई आर सी टी सी रेलवे के एम0डी0 श्री प्रशांत सिन्हा विशिष्ट अतिथि होंगे।

### मतदान अवश्य करें कर्मचारी और अधिकारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी सुरेश सिंह ने कर्मचारियों और अफसरों से लोकसभा चुनाव में महापर्व में सपरिवार शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में सहभागी बनें। मतदान औपचारिक नही है, यह आवश्यक और दायित्व भी है। श्री सिंह ने कहा कि दलगत भावना से ऊपर उठकर ओल्ड पेंशन के हिमायती लीडर को चुने। नेता बदल सकते हैं निष्ठा मगर कर्मचारियों की कोई मजबूरी नही है।जो हमारे हित की बात करे,वही देश पर राज करे। जब हम बूढ़े हो जायेंगे और पेंशन नही पाएंगे तो क्या ये नेता हमारे काम आयेंगे। आज जो मदद को आगे आये,वो ही आगे भी आ सकता है। 2024 का लोकसभा चुनाव अपनी हितैषी हुकूमत चुनने का अवसर है, इसे गंवाना नही है।

# आज थम जाएगा पांचवें चरण का प्रचार

**दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में पाँचवे चरण के अंतर्गत प्रदेश की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 20 मई को मतदान होगा। पाँचवे चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ की 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 04 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात 18 मई को सायं 06 बजे से पाँचवे चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी।

पाँचवे चरण का चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि राजनैतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान इन निर्वाचन क्षेत्रों में उपस्थित न रहें। मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। प्रदेश में पाँचवे चरण के अंतर्गत 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों व लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 20 मई को मतदान होना है। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 34 मोहनलालगंज अजा, 35-लखनऊ, 36-रायबरेली, 37-अमेठी, 45-जालौन अजा, 46-झाँसी, 47-हमीरपुर, 48-बांदा, 49-फतेहपुर, 50-कौशाम्बी अजा, 53-बाराबंकी अजा, 54-फैजाबाद, 57-कैसरगंज, 59-गोण्डा लोकसभा सीटें आती हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 04 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। पाँचवे चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, जालौन, झाँसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच तथा बलरामपुर सहित 21 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

### हटाए गए पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री, 139 एफआईआर

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,63,78,889 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से1,00,95,311 तथा निजी स्थानों से 62,83,578 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,42,059, पोस्टर के 45,78,928, बैनर के 28,03,149 एवं अन्य 15,71,175 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 8,88,673, पोस्टर के 29,13,512 बैनर के 15,83,815 एवं अन्य 8,97,578 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 139 एफआईआर दर्ज, 07 एनसीआर सहित 146 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# नगर-निगम ने दूसरे मकान की फोटो लगाकर भेजा टैक्स




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को हाउस टैक्स की गड़बड़ी सुधारने का कैंप लगाया गया। कैंप का टाइम सुबह 9 से 12 बजे तक था, लेकिन भीड़ के चलते 2 बजे तक कैंप लगा रहा। कैंप में नगर निगम के सभी 8 जोन के जोनल अधिकारी, टैक्स इंस्पेक्टर मौजूद रहे। नगर आयुक्त भी शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान कई ऐसे मामले आए जिसे देख आयुक्त भी हैरान हो गए।

यूपीपीसीएम से रिटायर्ड जोन-1 के बेलदारी निवासी अशोक कुमार कहते हैं कि, मेरे साथ जीआईएस सर्वे में सबसे बड़ा खेला हुआ है। हमारे मकान की जगह दूसरे के मकान की फोटो लगाकर 15 गुना हाउस टैक्स भेज दिया गया है। पहले जो बिल 200 रुपए आता था, वह 2 हजार के पार आने लगा है। सही कराने के लिए जनरल कार्यालय का चक्कर लगाए फिर भी समाधान नहीं हुआ। आपको बता दें पूरे शहर में 2.41 लाख लोगों का जीआईएस मैपिंग के कारण हाउस टैक्स में गड़बड़ी हुई है। शिकायत लेकर पहुंचे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। विवाद बढ़ा तो मामला नगर आयुक्त के पास पहुंचा। निगम की टीम का कहना है कि विवाद करने वाला व्यक्ति जोन-6 का रहने वाला है। उसका मकान दो मंजिला है, लेकिन वह इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं। शिकायतकर्ता ने निगम की टीम पर कई आरोप लगाए हैं। हालांकि आयुक्त ने समझाइश देकर विवाद को शांत कराया और जांच के आदेश दिए।

# युवती की तस्वीरों से छेड़छाड़ करके ब्लैकमेलिंग की कोशिश

**मामला सरोजनीनगर थाना क्षेत्र का, तलाश में जुटी साइबर टीम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में एक युवती की इंस्टाग्राम पर अश्लील तस्वीरें भेजने का मामला सामने आया है। जालसाज ने पहले लड़की की आईडी से उसकी कुछ तस्वीरें लीं और उन्हें एडिट करके अश्लील और आपत्तिजनक बनाया। इसके बाद वहीं फोटो वायरल करने की धमकी दी, 20 हजार रुपए की डिमांड की। मामला सरोजनीनगर थाना क्षेत्र का है। धमकी और वसूली की डिमांड से परेशान युवती ने पुलिस से शिकायत की है। जिसमें बताया करीब 15 दिन पहले उसके इंस्टाग्राम आईडी पर अपूर्व विद्यार्थी नाम से बने इंस्टाग्राम प्रोफाइल से मैसेज आया।

मैसेज में कहा कि आपके लिए एक खास मैसेज है और मुझसे तुरंत बात कर लीजिए। पीड़िता ने जब वह मैसेज देखा तो अपूर्व वाली आईडी पर दिए नंबर पर बात की। इसके कुछ ही देर बाद जालसाज युवक ने लड़की की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें उसके मोबाइल पर भेज दी और कहा कि 20 हजार रुपए दो, नहीं तो इसे वायरल कर दूंगा। लड़की की शादी भी तय थी तो जालसाज ने कहा कि पैसे नहीं मिले तो यह फोटो वायरल करके शादी कैंसिल करा दूंगा। इसके बाद भी युवती ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसके बाद अपूर्व वाली इंस्टाग्राम आईडी से युवती के कुछ दोस्तों के आईडी पर अश्लील तस्वीरें भेज दी गई। फिर युवती के दोस्तों और पहचान वालों ने उसे उन तस्वीरों के बारे में बताया। युवती को लगा कि यह किसी तरह का ट्रैप है और उसे जबरन फंसाया जा रहा है। उसने तुरंत मामले की शिकायत पुलिस से की और पूरी बात बताई। साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी के आईडी की जांच की और लड़की की तरफसे मैसेज दिया कि वह पैसे देने के लिए तैयार है। लेकिन, शायद जालसाज को भनक लग गई कि पुलिस में शिकायत हो गई है, इसलिए उसने कोई जवाब नहीं दिया। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुटी है।

### सपा व कांग्रेस के कई नेताओं ने ज्वाइन किया रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की उपस्थिति तथा प्रदेश महासचिव एवं सदस्य ज्वाइनिंग कमेटी रजनीकांत मिश्रा के प्रयासों से विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल ने किया।इस अवसर पर सपा छोड़कर आये विवेक पाण्डेय तथा कॉग्रेस छोडकर अबुल हसन ने अपने दर्जनों साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से ज्ञानेश वर्मा, कुलदीप सैनी, गीता सिंह, निधि तिवारी, अभिनव पाण्डेय, अजित सिंह, एहसन बिन, बषारत हुसैन खान, सुरेन्द्र कश्यप सिकन्दा हुसैन तथा शकील अंसारी मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य सुमित सिंह, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश सचिव मुकेश वर्मा आदि ने सभी का स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया।



नगर निगम मुख्यालय पर लगे गृहकर शिविर में जनता की समस्याएं सुनते अफसर

### इंडिया गठबंधन को मिलेंगी जीरो सीट : ब्रजेश पाठक



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और रायबरेली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी की आज रायबरेली में होने वाली जनसभा को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कोई मतलब नहीं निकलेगा। इंडिया गठबंधन जीरो सीट पाएगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के 4 चरण संपन्न हो चुके हैं, अभी तीन चरणों पर मतदान होना बाकी है। बता दें कि रायबरेली सीट से कांग्रेस ने राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने यूपी सरकार में मंत्री दिनेश सिंह को टिकट दिया है। बता कें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी यहां से मौजूदा सांसद है। रायबरेली सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है।

# नुक्कड़ जनसभा के जरिए गिनाई भाजपा सरकार की दस साल की उपलब्धियां

**सांसद कौशल किशोर को तीसरी बार जिताने की अपील**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** केन्द्रीय राज्यमंत्री सांसद कौशल किशोर के समर्थन में ओबीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण ने पंडित खेड़ा में नुक्कड़ जन सभा की। डॉ. के लक्ष्मण ने भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनया कहा कि धारा 370 का जिक्र किया, राम मंदिर मुद्दे पर जिक्र किया और उज्ज्वला योजना के विषय में बात करते हुए महिलाओं को सम्मान दिया इसके साथ-साथ महिला बिल पास कराया जो महिलाओं को विशेष गौरव महसूस कराता है ।

पंडित खेड़ा क्षेत्र के पार्षद गीता देवी ने बताया कि पूरा परिवार हमारा पंडित खेड़ा है और हम पंडित खेड़ा के विकास के लिए तत्पर सदैव कार्य करते रहेंगे । उन्होंने बच्चों को सम्मानित भी किया है जो बच्चे टॉपर की श्रेणी में 95 से ऊपर रहे उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान में नित्यानंद पटेल 95 प्रतिशत दिलप्रीत कौर 98 प्रतिशत एवं अन्य बच्चों को भी सम्मानित किया है। कार्यक्रम संयोजक संजय गुप्ता उर्फ राजा भैया उपस्थित पार्षद गीता देवी, एडवोकेट अरुण शुक्ला, कृष्ण कुमार तिवारी, लवलेश भाटिया, आशीष पांडेय, अनुज तिवारी, अनूप तिवारी, महिपाल यादव, सी.एन.शुक्ला, मंजीत सिंह, विनीत मिश्रा, सत्यनारायण प्रजापति एवम हरिभान सिंह आज उपस्थित रहे।

**लोकसभा चुनाव**

## सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व डिम्पल यादव आज गोंडा में

# अंतिम समय में दावेदारों ने प्रचार के लिए झोंकी ताकत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोंडा।** गोंडा लोकसभा सीट के लिये पांचवे चरण में 20 मई को वोटिंग होगी। हर सीट की अपनी अहमियत है। अंतिम समय में सपा और बीजेपी दोनों ने ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री बीजेपी प्रत्याशी कीर्तिवर्धन के पक्ष में हवा बनाने पहुंचे तो कल सपा की बड़ी लीडर और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्मपत्नी डिम्पल यादव गोंडा पहुंच रही है। वे रोड शो करके श्रेया वर्मा के पक्ष में हवा बनाने का प्रयास करेंगी। कहते हैं, अंत भला तो सब भला।

गोंडा सीट 2024 के चुनाव में कुछ ज्यादा खास हो गई है। एनडीए बनाम इंडिया की जंग में जीत किसकी होगी, यह तो 20 तारीख को वोटर तय करेंगे लेकिन जंग बहुत ही कांटे की होनी है, ऐसा चुनावी मीटिंग और प्रचार से लग रहा है। प्रचार तो कल से बंद हो जाएगा। अंतिम समय में एनडीए यानि बीजेपी और इंडिया माने सपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों ही तरफके हाईकमान की नजर गोंडा पर टिक गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा से प्रत्याशी कीर्ति वर्धन सिंह के पक्ष में जनसभा करके माहौल बीजेपी के पक्ष में बनाने की भरसक कोशिश की है। बलरामपुर वालों की तो तारीफ इतनी कर दी है कि राममन्दिर जैसे उन्ही की वजह से भव्य स्वरूप ले पाया हो। कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण की रणनीति 1949 में बलरामपुर में बनी थी इसलिए रामलला पर पहला अधिकार बलरामपुर वालों का है।कहा, यह काम कांग्रेस और सपा के लोग नहीं कर पाते क्योंकि यह लोग चाहते ही नहीं। जो राम को लाएं हैं, हमें उनको लाना है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी रामद्रोही कह दिया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर के उतरौला के गोंडा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने गोंडा के लोकसभा प्रत्याशी कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।मुख्यमंत्री ने गोंडा बलरामपुर में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया। कीर्तिवर्धन खातिर वोट मांगे। कीर्ति वर्धन सिंह मौजूदा सांसद हैं और बीजेपी ने फिर उतारा है। कीर्तिवर्धन राज परिवार से हैं। दूसरी ओर गोंडा के सांसद रह चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को समाजवादी पार्टी ने मैदान में उतारा है।उनके पक्ष में सपाई और कांग्रेस के लोग बराबर जनसंपर्क कर रहे हैं।सियासी समीकरण भी पक्ष में बना रहे हैं। प्रचार का समय तो आज खत्म हो रहा है।लेकिन अंत भला तो सब भला की कहावत बहुत सटीक मानी जाती है। कल समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की धर्मपत्नी सांसद डिम्पल यादव गोंडा पहुंच रही है। कल वे रोड शो करेंगी। डिम्पल यादव बहुत ही शालीन और सुलझी नेता मानी जाती हैं। लोग उनकी बातों से प्रभावित होते हैं।

# सीएम ने की कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

**गोण्डा** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करने सीएम योगी आदित्यनाथ उतरौला विधानसभा के रेहरा बाजार के नयानगर पहुंचे। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रामलला को अयोध्या में विराजमान होना यह हमारे ही नहीं इस देश की आने वाली पीढ़ी के लिए गर्व की बात है। अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ। रामलला विराजमान हुए।

राम लला का मंदिर बनने की रणनीति सबसे पहले बलरामपुर जनपद में ही बनी थी। इसलिए रामलला पर सबसे ज्यादा अधिकार आपका ही है। क्या सपा यह काम कर पाती, जो यह काम हो पाया है यह मोदी जी का नेतृत्व था। जनता जनार्दन के दम से ही असंभव काम भी संभव हो पाया है ये बाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा में कही। 2024 को यह चुनाव पूरे देश में चार चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है 285 लोकसभा सीटों पर अब तक चुनाव हुए हैं और मुझे नौ राज्यों में जाने का अवसर मिला है। चारों ओर एक ही नारा है फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार।

400 पार की बात करते हैं तो लोग कहते हैं कि कैसे होगा, जनता कहती है कि जो राम को लाएं हैं, हम उनको लायगे। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के लोग राम द्रोही हैं। राम के विरोधी तो हैं ही। राष्ट्र विरोधी हैं। समाज को जाति के नाम पर लड़ाने वाले हैं। यह चुनाव रामद्रोही व राम भक्तों के बीच हैं। बाबा साहेब भीमराव अंबेड़कर साहब का अपमान करने वाले हैं। तुष्टीकरण की



नीति पर चल करके भारत के अंदर इनके द्वारा जो खेल खेला जा रहा है।वह भारत को अस्थिरता व अराजकता की ओर धकेल देगा।यह वही लोग हैं, जिन्होंने भारत के सामने, नौजवानों व नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। यह वही लोग हैं जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया था। आतंकवाद व भ्रष्टाचार तेजी के साथ देश में फैला था। देश का विकास अवरूद्ध हो गया था। इनके भ्रष्टाचार के कारनामे रोज आते हैं, रोज सुबह उठते ही पहला समाचार भ्रष्टाचार का देखने को मिलता था। सायंकाल होते- होते आतंकी वारदात की खबर आती थी। इस तरह की खबर रहती थी कांग्रेस की सरकार में।

गोंडा जिले में खाद्यान्न घोटाला समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था। इन लोगों ने गरीबों के राशन पर डकैती डाली, नौजवानों की नौकरी पर डकैती डाली। इनके कारण मां, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ी थी। देश के अंदर अराजकता का वातावरण पैदा हुआ था। यह लोग भारत के विकास को बाधित करने वाले हैं। दूसरी तरफ मोदी के नेतृत्व में राम भक्तों की टीम खड़ी है। रामभक्त के लिए देश सर्वोपरि है। जनता जर्नादन की सेवा महत्वपूर्ण है। रामभक्तों के लिए आत्म निर्भर और विकसित भारत बनाना ही महत्वपूर्ण है। इसलिए रामभक्तों में एक झटके में देश के अंदर आतंकवाद, नक्सलवाद की समस्या का समाधान किया। दुनिया के अंदर भारत का सम्मान भी बढ़ाया है। आप देख सकते हैं पहले कांग्रेस के समय में आतंकी विस्फोट होते हैं,जब सांसद कहते थे कि आंतकियों पर कार्रवाई करो तो कांग्रेस कहती थी कि आतंकी सीमा के उस पार के हैं।

### कहीं पटाखा भी फट जाता है तो पाकिस्तान पहले सफाई देता है

अब दस वर्ष में कहीं आतंकी घटना नहीं हुई। अब कहीं पटाखा भी फट जाता है तो पाकिस्तान पहले सफाई देता है कि कहता है कि मेरा हाथ नहीं है। उसे मालूम है उसे यह नया भारत है, छेड़ता नहीं है यदि कोई छेड़ता है तो छोड़ता नहीं है। यह नया भारत है यहां हाइवे है रेल है और एयर पोर्ट भी है। श्रावस्ती में एयरपोर्ट शुरू हो गया है, बलरामपुर में विश्वविद्यालय भी बन रहा है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज हो गया है। सपा सरकार में सड़कों का क्या हाल था पहले में देवीपाटन जाता था तो गोंडा से तीन घंटे लगता था। अब 45 मिनट में पहुंच रहे हैं। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी सूची है। 80 करोड़ को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। सपा-कांग्रेस के लोग कहते हैं कि आटा-डाटा फ्री देंगे। जब सरकार थी तो राशन पर डकैती डालते थे, अब क्या दोगे। इनकी बात पर विश्वास करने लायक नहीं है। इनके समय में इलाज की सुविधा नहीं थी, थी तो महंगी थी। कोई गरीब उपचार नहीं करा पाता था। अब 60 करोड़ के पास आयुष्मान कार्ड है, पांच लाख रूपये तक के इलाज की सुविधा है। जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और रुपया नहीं है तो सांसद विधायक पत्र लिखते हैं और मैं सीधे रूपया भेज देता हूं। उतरौला में विधायक ने करोड़ों को भुगतान कराया है। अब किसी के पास जरूरत के सामान की कमी नहीं है। होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दे रहे हैं। इस बार 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्गों को पांच लाख के इलाज की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश के मंदिरों पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमे वापस लेने का काम सपा सरकार ने किया था। इन लोगों को चुनाव में जमानत जब्त करा दीजिए।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने कायस्थ अध्यक्ष को किया सम्मानित



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

चुनाव करीब आते ही तमाम पार्टियों ने अपने को विजई बनाने के लिए अपनी अपनी ताकत झोंक रखी वहीं भारतीय जनता पार्टी जिला संयोजक मुकेश धनकानी व्यापार प्रकोष्ठ ने बैठक कर नगर के तमाम लोगों को किया सम्मानितऔर रखी अपनी बात, अबकी बार चार सौ पार का नारा किया बुलंद।

उक्त बैठक के मुख्य अतिथि विनीत शारदा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ व जिला संयोजग ने चित्रांश कल्याण समिति के संरक्षक अनिल कुमार श्रीवास्तव को पुष्प गुच्छ,अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर कायस्थो के नेता अनिल श्रीवास्तव को किया सम्मानित जिस समय राजकुमार श्रीवास्तव, घनश्याम धनकानी, नीरज मंजर, गोपाल शादेजा, अतुल श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजेश राय चंदानी, योगेंद्र शादेजा नंदलाल शादेजा, महेश शदेजा, संजय समेत जनपद के सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।



### तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** टर्टल सर्वाइवल एलायंस फाउंडेशन इंडिया (टीएसएएफआई) द्वारा शुक्रवार को सरयू नदी के किनारे रहने वाले चाइन पुरवा गांव के महिलाओं के लिए तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 25 महिलाओं को मूंज और जलकुंभी से बैग, डलिया, टेबल मेट आदि को बाजार के अनुरूप बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए लखीमपुर जिला की छिद्दो देवी और मंगो देवी ट्रेनर के रूप में आई है। यह कार्यक्रम टर्टल सर्वाइवल एलायंस फाउंडेशन इंडिया के द्वारा संचालित है तथा मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल उत्तर प्रदेश की डॉक्टर गरिमा रानी के सहयोग से चल रहा है। यह कार्यशाला जिलाधिकारी, सीडीओ एवं टीएसएएफआई के निदेशक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह और भास्कर दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य सरयू नदी के ऊपर निर्भरता को कम करना है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन टी.एस.ए.एफ.आई. के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर श्रीपर्णा दत्ता,एजुकेशन ऑफिसर हर्षित सिंह एवं अनोखे द्वारा किया जा रहा हैं।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन घर जले, गृहस्थी सहित लाखों का नुकसान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के केशव नगर ग्रांट पूर्वी के मजरा बनकटवा में गुरूवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग लगने से तीन लोगों की गृहस्थी जलकर राख हो गई।

केशव नगर ग्रांट पूर्वी के मजरा बनकटवा के रहने वाले दिनेश कुमार, अशोक कुमार व रामलौटन ने बताया कि गुरूवार की देर शाम उनके छप्पर के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते कि तीनों छप्पर के घर जलकर राख हो गये। घर के अंदर रखा गृहस्थी



का सामान, नगदी, जेवर व कपड़े आदि सभी सामान जल गए। गांव के लोगों ने आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत की लेकिन सफलता नहीं मिली। क्षेत्रीय लेखपाल बिजेंदर सक्सेना ने बताया कि इस आग्निकांड से लगभग 1.35 लाख का रुपये का नुकसान हुआ है। तहसील को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# मेधावी बच्चे देश के कर्णधार : देवता प्रसाद श्रीवास्तव

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

मेधावी बच्चे देश के कर्णधार हैं। इनका प्रोत्साहन और सम्मान के साथ इस तरह मार्गदर्शन करते रहना होगा जिससे वह राष्ट्र के मजबूत स्तम्भ बनकर विश्व में भारत का ज्ञान संस्कृति और वैभव को अक्षुण्ण बनाये रखें। उक्त बातें अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष देवता प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा आयोजित मेधावी सम्मान सामारोह श्री चित्रगुप्त मंदिर महाराज गंज में बतौर मुख्य अतिथि उपजा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जी सी श्रीवास्तव ने हाईस्कूल और इण्टरमीडियट के उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण तेजस्विनी श्रीवास्तव, अनिका सिन्हा, सक्षम श्रीवास्तव, प्रत्यूष श्रीवास्तव, दीपांश श्रीवास्तव, समृद्धि श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव,



प्रत्यूष कुमार श्रीवास्तव छात्र छात्राओं को मिष्ठान, माल्यार्पण, मैडल, मोमेन्टो से सम्मानित करते हुए आशीर्वचन के साथ कही।

उक्त मेधावी सम्मान समारोह से पूर्व भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना आरती की गयी।इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान के लिए उपस्थित लोगों का आवाहन किया गया।जहां पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी ने भगवान श्री चित्रगुप्त के समक्ष संकल्प लिया। मेधावी बच्चों को सम्मानित करती हुई शशि भूषण शरण सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा सक्सेना ने कहा कि बच्चों के उत्थान में उनके माता पिता का दिशा निर्देशन तथा शिक्षकों का अमूल्य योगदान की अहम भूमिका है।

फातिमा इण्टर कालेज के प्रवक्ता अश्विनी गुरू जी ने मेधावियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रतियोगिताओं का दौर हैं। जिसे सतत प्रयास के बल पर बनाये रखना होगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के महामंत्री विनोद कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बच्चों को आशीर्वाद देते हुए मेधावी सम्मान सामारोह में आये सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उक्त अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नगर अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान अभय कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव,रमेश कुमार श्रीवास्तव, विकास मनोहर, विजित प्रेम, पूर्णिमा श्रीवास्तव, किरन श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, प्रेमशंकर लाल, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. वियोगी पंकज, राजीव श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, वैभव राज, आर पी प्रजापति एडवोकेट, अनुज सिन्हा, कुलदीप चंद्र, विजय कुमार, प्रमोद नंदन आदि सैकड़ों प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### 20 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने समस्त कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिये कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या 584/सी0ई0ओ0-2-9/2-2004 दिनांक 04 अप्रैल, 2024 के साथ संलग्न उत्तर प्रदेश, शासन की विज्ञप्ति संख्या 1/533175/2024 दिनांक 02 अप्रैल, 2024 (छाया प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा निगोशिएबुल इन्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 (1881 की एक्ट सं0-26) की धारा-25 द्वारा प्राप्त उन अधिकारों को काम में लाकर, जिन्हें भारत सरकार की विज्ञप्ति संख्या-20/25-56-Pub-1 दिनांक 08 जून 1957 के अनुसार राज्य सरकार काम में ला सकती है, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महोदया मतदान की तिथि 20 मई, 2024 (सोमवार) को जनपद-गोण्डा में अवस्थित 57-कैसरगंज एवं 59-गोण्डा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित जनपद में निर्वाचन के प्रयोजन के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिले के कोषागार तथा उप कोषागार भी इस इंगित तिथि को बन्द रहेंगे।

### मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में मुकदमा दर्ज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में दो पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने दस लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली कर्नलगंज के ग्राम पारा निवासी अमीन की तहरीर पर उसके भाई मोबीन अख्तर, मुजीब,मुहीत, सरवर रहीमुन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। कहा गया कि वह घर निर्माण संबंधी सामान लेकर आ रहा था। उसके सगे भाई मुवीन व पिता अख्तर ने ट्रैक्टर ट्राली रोक ली और मारपीट करने लगे। जब वह जान बचाकर घर में घुसा तो अन्य परिवार के लोग लाठी-डंडा लेकर घर में घुस आए और मारा-पीटा। जब पत्नी मेहरुन बचाने को निकली तो उसे भी मारा-पीटा। पुलिस ने पिता,भाई व उसके परिजनों सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पिता की तहरीर पर बेटे अमीन, बहू मेहरून, शाहिद, सना के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज धमकी देने का मुकदमा भी दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि दो सगे भाइयों के बीच जमीन का विवाद था,जिसमें मारपीट हुई है। दोनों तरफ से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सड़क पर खड़ी बस में लगी आग


**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के झिंगहाघाट के पास एक प्राइवेट बस में बृहस्पतिवार रात आठ बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। दमकल के दो वाहनों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से जलकर राख हो गया।इलाहाबाद बस ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से शहर में बसें बुकिंग की जाती है। बस संख्या यूपी 70 ईटी 7877 टूरिस्ट बस है। इस बस की बुकिंग शुक्रवार को अयोध्या जाने के लिए हुआ था। इसके लिए बस की साफ सफाई गुरुवार रात को की गई। इसके बाद बस को प्राईवेट बस स्टैंड से 100 मीटर पहले शहर में खड़ी कर दी गई। रात आठ बजे अज्ञात कारणों से बस में आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल विभाग को सूचना दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गेंदा लाल, विशाल गौड़, रामानुज और सरफराज की टीम मौके पर पहुंची। दमकल के दो वाहनों ने आग पर काबू पाया। नानपारा प्राइवेट बस यूनियन के महामंत्री साहब जैदी ने बताया कि बस में अज्ञात कारणों से आग लगी है। बस के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि आग काफी भयानक थी, लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया।

### मकान में सेंध लगाकर हजारों की चोरी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रायपुर गांव निवासी ग्रामीण के मकान में चोरों ने सेंध लगा दिया। इसके बाद सभी नकदी अन्य सामान की चोरी की। चौकी इंचार्ज ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। राम गांव थाना क्षेत्र के रायपुर ग्राम पंचायत के मजरा बगिया निवासी मेराज गुरुवार रात को खाना खाने के बाद परिवार समेत सो गए थे। देर रात को चोर गांव पहुंचे।सभी मेराज के मकान में पीछे से सेंध लगा दिया। इसके बाद चोरों ने तीन जोड़ी पायल, सोने की बाली, दो सोने का मांग टीका, कपड़ा और 40 हजार रूपये नकदी की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि गंभीरवा चौकी इंचार्ज ब्रजेश कुमार चौबे ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। जांच रिपोर्ट के बाद केस दर्ज चोरी के खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।

### दस साल की बच्ची को सांप ने डंसा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के बौंडी इलाके में घर में काम कर रही 10 साल की मासूम को सांप ने डस लिया। चीख सुनकर पहुंचे परिजनों ने मौके पर सांप को देख उसे एक बोरे में बंद कर मासूम को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे यहां उसका इलाज शुरू कर दिया गया। बौंडी थाने के राजा रहुआ के मजरे चुनहा गांल निवासिनी 10 साल की कामिनी पुत्री पुत्तन रसोई घर में पानी लेने गई थी। इसी दौरान रसोई में मौजूद सांप ने उसके पैर में डस लिया बेटी की चीख पर परिजन रसोई घर में पहुंचे वहां सांप को देखकर उसे बोरी में कैद कर लिया। परिजन आनन फानन में उसे और सांप को मेडिकल कॉलेज लेकर आए यहां पर उसका इलाज चल रहा है। डॉ शिवम् मिश्रा ने बताया कि कामिनी को रसल वाइपर सांप ने काट लिया था उसका इलाज किया जा रहा है हालत में सुधार है सांप को जंगल में छोड़ा गया है।

# 51 लाख रुपयों के बरामदगी की क्या है असली कहानी

▸ क्या नेपाली करेंसी में बदल कर नेपाल जाने वाला था पैसा

**जगदम्बा सिंह/दयाशंकर शुक्ल**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बुधवार 15 मई की रात में एसएसटी ने एन एच 927 पर स्थित राना पेट्रोल पंप पर एक आई ट्वेंटी कार से इक्यावन लाख से अधिक रूपये बरामद किये गये थे।

प्रथम दृष्टि में यह चुनाव आचार संहिता के तहत हुई कार्रवाई है और यह धन चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से लाया गया प्रतीत होता




है।किन्तु असलियत कुछ अलग ही लग रही है। सीमा पर स्थित बाजार रुपईडीहा में सारा कारोबार नेपाल से आये ग्राहकों का और नेपाली करेंसी का है। व्यापारियों को ये धन भारतीय करेंसी में बदलवाना पड़ता है। दूसरी ओर नेपाल के व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से भारत भेजे जाने वाले माल का भुगतान जो कि भारतीय करेंसी में मिलता है उसे नेपाली करेंसी में बदल कर नेपाल भेजना होता है। यह कारोबार करोड़ों का है, प्रतिदिन का है। इस काम में रुपईडीहा के छोटे बड़े दर्जनों लोग लगे हैं। कुछ खुले में बस स्टैंड, चौराहा से लेकर सीमा तक बोल बोल क रूपये बदलते हुए देखे जा सकते हैं।कुछ बड़े कारोबारी हैं जो अपनी दूकान पर ही यह काम करते हैं। यह सब कुछ सबकी जानकारी में होता है और आगे भी होता रहेगा।

हां यदि भारत सरकार की कोई अधिकृत एजेंसी करेंसी बदलने का काम करे तो इस समस्या का समाधान हो सकता है। रुपईडीहा का व्यापारी यदि नेपाली रुपए न स्वीकार करे तो व्यापार खत्म हो जायेगा। इसलिए यह धन इसी तरह के अवैध कारोबार से प्राप्त हो सकता है जो यहां नेपाली करेंसी में बदल कर नेपाल जाने वाला था।

# भारत-नेपाल सीमा सील, 20 मई को खुलेगी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज**

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पंचम चरण अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 20 मई 2024 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों तथा 01 अप्रैल 2024 को सम्पन्न भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा समन्वय बैठक में हुई सहमति के क्रम में जनपद बहराइच की नेपाल राष्ट्र से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा 17 मई को सांय 05:00 बजे से 20 मई को मतदान समाप्ति की अवधि तक के लिए सील किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि उपरोक्त अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी किये जाने हेतु एसएसबी कमाण्डेंट 42वीं वाहिनी व 59वीं वाहिनी बहराइच एवं 70वीं वाहिनी लखीमपुरी खीरी अथवा उनके द्वारा नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को एवं अन्य आवश्यक कार्यो के लिए आवागमन करने हेतु पास जारी करने हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा व मिहींपुरवा (मोतीपुर)/पुलिस क्षेत्राधिकारी, नानपारा व मोतीपुर को अधिकृत किया जाता है।



### एसपी ने परेड की ली सलामी, किया परेड का निरीक्षण

▸ एसपी ने जांचीं कैंटीन, बैरक, तथा भोजनालय की गुणवत्ता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन में मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने बैरको का निरीक्षण कर, बैरको व शौचालयो की साफ सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर शस्त्रागार, परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, डायल-112 व यातायात शाखा निरीक्षण किया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में बेहतर साफ सफाई, गुणवत्तापरक निर्माण व मरम्मत कार्य कराए जाने के लिए क्षेत्राधिकारी लाइन एवम् प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण/ मरम्मत कार्यों की समीक्षा कर गुणवत्तापरक, तीव्र गति से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन/पयागपुर हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग के लिए तैयारियां पूर्ण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रक्रिया को स्वतन्त्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत पंचम चरण में 20 मई 2024 को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर एवं कैसरगंज के 50 प्रतिशत बूथों अर्थात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर में 210 तथा कैसरगंज में 197 बूथों की वेबकास्टिंग होनी है। वेबकास्टिंग कार्य के अनुश्रवण के लिए जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में स्थापित किये गये कमाण्ड सेन्टर का डीएम मोनिका रानी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया



▸ वेबकास्टिंग कमाण्ड सेन्टर व इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि वेबकास्टिंग कार्य के अनुश्रवण के लिए कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के न्यायालय कक्ष में प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 06-06 कुल 12 अदद मॉनीटरिंग स्क्रीन की स्थापना की गई है। कमाण्ड सेन्टर के निरीक्षण के पश्चात डीएम मोनिका ने ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में राउण्ड-द-क्लाक संचालित इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का डीएम मोनिका रानी ने निरीक्षण कर जनपद में वितरण हो रहे मतदाता पर्ची कार्य का जायज़ा लेने के उद्देश्य से आमजन से मोबाइल पर बात कर मतदाता पर्ची कार्य का फीड बैक प्राप्त किया। डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों से भी मोबाइल पर वार्ता कर निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण कराना सुनिश्चित करें तथा क्षेत्र का भ्रमण कर डोर-टू-डोर जाकर तथा मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर पर्ची वितरण कार्य की ज़मीनी हकीकत को परखें।

### जिला निर्वाचन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच का निरीक्षण कर पंचम चरण अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र पयागपुर हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा पोलिंग पार्टियों को प्रदान करने वाली निर्वाचन सामग्री की तैयारियों का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

# पुल निर्माण हो पूरा तो तहसील मुख्यालय से जुड़े 14 गांव के लोग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कैसरगंज क्षेत्रवासियो की दुर्दशा को बयां करने के लिए वर्षों से टूटा पड़ा रसूलपुर घाट का पुल अभी तक बनकर नहीं तैयार हुआ है। जिसके चलते 14 गांवों के लोगों का जुड़ाव तहसील मुख्यालय से टूटा हुआ है। यहाँ विकास की रोशनी वादों के धुंधलके मे अटकी है।

समस्याएँ सुरसा की तरह मुँह फैलाए खड़ी है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।कैसरगंज लोक सभा क्षेत्र दिग्गजों का कार्य क्षेत्र रहा है, लेकिन इस क्षेत्र के लोगों को आज भी नाव का सफर तय करके मुख्य मार्ग पर पहुँचना पड़ रहा है। हम बात कर रहे है विकास खंड कैसरगंज के ग्राम कहरई के रसूलपुर घाट की। यहाँ एक दशक पूर्व एक पुल का निर्माण कराया गया था। लेकिन पुल बनने कुछ ही वर्ष बाद यह पुल टूट कर गिर



▸ ग्राम प्रधान और ग्रामीण बोले- निर्माण जरूरी

गया था। जिससे एक दर्जन से अधिक गाँवों का सम्पर्क तहसील मुख्यालय से टूट गया तथा बीस हजार से अधिक की आबादी प्रभावित है। लोग कई किलोमीटर का चक्कर काटकर तहसील मुख्यालय पहुँच पा रहे है। कुछ लोग जान पर खेल कर नाव के सहारे पुल पार कर कैसरगंज पहुँच रहे है। इस पुल के टूटने की वजह से एक दर्जन गाँव के हजारों लोग प्रभावित हो रहे है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

यहां के नागरिकों ने उपजिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक तथा सांसद से लेकर विधायक तक सभी को इस विकट समस्या से अवगत कराया लेकिन किसी ने पुल निर्माण के किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नही दिया जबकि इस घाट में कई लोग डूब कर अपनी जान भी गँवा चुके है। ग्रामीणों ने बताया कि सोतिया नाले पर बना यह पुल विगत आठ वर्ष पूर्व अचानक ढह गया था। तबसे आज तक इस पुल का कोई पुरसा हाल नहीं था।पिछले साल से इस पुल का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की ओर से कराया जा रहा है। जिसके कुछ महीनों मे पूरा होने की आस जगी है, अब 20 मई को लोक सभा चुनाव के लिए मतदान होना है। ऐसे मे रसूलपुर घाट का टूटा पुल इस चुनाव मे महत्वपूर्ण मुद्दा है। पुल के टूट जाने की वजह से रसूलपुर, बसहिया, हैदर बसहिया, चंदीपुरा, सांथा, आदि गाँवो के लोगों को कैसरगंज पहुंचने के लिए बरसात के दिनो मे नावों का सहारा लेना पड़ता है।

### ग्राम प्रधान और ग्रामीण बोले निर्माण जरूरी

विकास खंड कहरई के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश यादव का कहना है कि रसूलपुर घाट का पुल विगत आठ वर्षो से टूटा पड़ा था लेकिन कोई सुधि लेने वाला नही है। ग्रामीण नाव के सहारे मुख्य मार्ग तक किसी तरह पहुँच पाते थे। तमाम कोशिशों के बावजूद पुल का निर्माण शुरू नही हो पाया। ग्राम वैरी महेशपुर निवासी अजय श्रीवास्तव का कहना है कि पुल टूट जाने की वजह से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम कहरई निवासी पुत्तीलाल यादव का कहना है कि इस पुल का निर्माण कराया जाना बेहद आवश्यक है।ग्राम कहरई निवासी सिराज अहमद का कहना है कि पुल का निर्माण न होने से लोगों को बेहद परेशानी हो रही है। अरशद रईस का कहना है कि इस पुल का निर्माण न होने से विकास के क्षेत्र मे यह क्षेत्र पिछड़ता जा रहा है। इसको शीघ्र पूरा कराया जाना नितांत नितान्त आवश्यक है। ग्राम पचम्भा निवासी मौलाना खालिद का कहना है कि यह पुल वर्षो से टूटा हुआ है। लेकिन कोई सुधि लेने वाला नही है। जिससे आवागमन बेहद प्रभावित है। अब कुछ माह से पीडब्लूडी की ओर से लगभग तीन करोड की लागत से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन कब पूरा होगा पता नही है।

### जून के अंत तक निर्माण की उम्मीद

लोक निर्माण विभाग की ओर से लगभग तीन करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इस पुल के निर्माण के संबंध में जब साइड इंचार्ज शेष कुमार यादव से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि यह पल जून के आखिरी तक बनकर तैयार हो जाएगा और आवागमन भी शुरू हो जाएगा पुल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है कुछ ही काम शेष रह गया है।

# रायबरेली की राय भाजपा यहां से जाय : अखिलेश यादव

- सोनिया गांधी-अपना राहुल आपको सौंप रही हूं
- गढ़ बचाने के लिए इकट्ठा हुआ गांधी परिवार
- अखिलेश बोले- जनता इन्हें खटाखट हटाने जा रही

रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने अमेठी व रायबरेली से अपने रिश्तों की याद दिलाई कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली की जनता को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आंचल आपके प्रेम और आर्शीवाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया।

मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि अमेठी-रायबरेली से हमारा रिश्ता 103 साल पहले किसान आंदोलन के समय से शुरू होता है और अब मैं अपना राहुल आपको सौंप रही हूं। इस दौरान सोनिया गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं।



### एक और एक ग्यारह बीजेपी नौ दो ग्यारह : अखिलेश

INDIA गठबंधन की संयुक्त जनसभा आज रायबरेली में हो रही है। सबसे पहले अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- यहां से राहुल गांधी न केवल जीतेंगे। बल्कि यह जीत रिकॉर्ड बनाएगी। यहां का जनसैलाब बता रहा है। इस जन सैलाब ने रायबरेली की राय बता दी है। अगर र से रायबरेली है, तो र- से राहुल भी होता है। जो लोग गिनती नहीं समझते हैं वो भी समझ लें कि एक और एक ग्यारह होता है। अब एक और एक ग्यारह हो गया है। बीजेपी नौ दो ग्यारह हो गई है। चार चरणों के चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी चारों खाने चित हो गई है। ये भाजपा का रथ, ये भाजपा के लोग जो घूम रहे हैं। ये लोग उत्तर प्रदेश में फंसे नहीं है, जनता ने इन्हें फंसा दिया है। इनका रथ धंस गया है। ये बीजेपी वाले वही लोग हैं, जो किसानों पर काले कानून लागू कर रहे थे। हमारे किसानों को खड़े होना पड़ा। लड़ना पड़ा। हजारों शहीद हुए। किसान तभी पीछे हटा, जब सरकार ने काले कानून को वापस ले लिया।

### आपने मुझे सेवा का अवसर दिया यही मेरी पूंजी है : सोनिया



सोनिया गांधी ने कहा कि आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ें इस मिट्टी से जुड़ी हुई हैं। गंगा मां की माटी से रिश्ता रहा है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था। मैंने राहुल और प्रियंका को वही सीख दी है जो इंदिरा जी ने मुझे दी थी। सबका आदर करो। अन्याय और अधिकार की रक्षा के लिए जिससे भी लड़ना पड़े उससे लड़ो। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका है।

### समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक सैलाब बन गए हैं : प्रियंका



प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है। यह समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक सैलाब बन गए हैं। पूरे देश को दिखाया है कि पूरे दिल से आप लगे हैं। परिश्रम किया है, यह रायबरेली क्षेत्र है। मेरे परिवार का रायबरेली से गहरा रिश्ता रहा है। इस रिश्ते को अटूट बनाने के लिए राहुल गांधी मैदान में हैं। दस साल से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं परेशान हैं। जन जन की पुकार थी कि आपकी सुनवाई हो लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में कोई सुनवाई नहीं हुई। आज इस देश में आंधी उठी है कि सत्ता से तानाशाही सरकार को हटाया जाए। रायबरेली की जनता ने 100 साल पहले आवाज उठाई थी। एक बार फिर रायबरेली देश को सत्ता परिवर्तन के लिए आवाज दे रहा है।





## स्वीप के तहत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग बछरावां के खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गईद्य यह जागरूकता रैली खंड विकास अधिकारी कार्यालय बछरावां से प्रस्थान करते हुए नीमटीकर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय इशिया, शेखपुर समोधा, उच्च प्राथमिक विद्यालय इचौली, मैनाहार कटरा, राजामऊ से होते हुए दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां में समाप्त हुई। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मतदाता जागरुकता रैली का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जिन बूथो पर पिछले चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है वहां जाकर मतदाताओं को इस बार अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करना है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि इस मतदाता जागरुकता रैली में हमारे बेसिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहीद्य इस मौके पर उप जिलाधिकारी महाराजगंज राम रजित गुप्ता, खंड विकास अधिकारी बछरावा शिव बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बछरावां राम आशीष वर्मा, सहित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का समस्त स्टाफ, नगर पंचायत का स्टाफ व बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं भारी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते गुरुवार की देर रात लगभग 10:00 बजे के आसपास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गईद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मृतक अनिल गुप्ता पुत्र स्व0 गया प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम गजियापुर थाना बछरावां गुरुवार की देर रात थाना क्षेत्र के बबुरिहा खेड़ा बाजार से सब्जी बेचकर अपने घर वापस जा रहा था, जैसे ही वह बिशनपुर गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दीद्य टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गयाद्य सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयाद्य जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दियाद्य विदित हो कि मृतक अनिल गुप्ता की चार संताने हैं जिनमें तीन लड़की और एक लड़का है व मृतक अनिल गुप्ता सब्जी बेचकर किसी तरह अपने परिवार का गुजारा करता थाद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैद्य तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक घायल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां -राजामऊ मार्ग पर गुरुवार की रात 8:00 बजे के करीब नशे में धुत मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल से अपने घर जा रहे युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोटे आ गई प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। क्षेत्र के रैन गांव का रहने वाला पप्पू सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र संतराम साइकिल से सामान लेकर बछरावा से वापस अपने घर जा रहा था, वह जैसे ही गांव के चौराहे के करीब पहुंचा पीछे से नशे में धुत एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे टक्कर मार दी इस हादसे में उसके सिर, मुंह तथा शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटे आ गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल पप्पू सिंह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इस बारे में डॉक्टर अमित सिंह ने बताया कि पप्पू सिंह को घायल अवस्था में लाया गया था हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### छेड़छाड़ मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। युवती से छेड़छाड़ करना तथा विरोध करने पर भाई पर ताना तमंचा पड़ा महंगा दर्ज हुआ मुकदमा राजू यादव पुत्र रामदेव यादव निवासी अहमदगंज मंजरे सलेथू थाना महराजगंज की तहरीर पर आशु सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी नेबाजगंज थाना महराजगंज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ है वादी ने तहरीर में बताया कि मेरी बहन दूध लेकर सूरदास की कुटी डेयरी पर गई थी दूध देकर वापस आ रही थी तभी रास्ते में विपक्षी द्वारा छेड़छाड़ करने लगा वादी ने आकर विरोध किया तो विपक्षी के द्वारा वादी के ऊपर तमंचा तानकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी । वहीं कोतवाली पुलिस ने शस्त्र अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। पिता ने दी तहरीर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में पुलिस ने पिता की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा। वादी मेराज पुत्र मो अहमद निवासी गोलाह मंजरे जिह्वा ने पुलिस को तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री उम्र 17 वर्ष अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बक्सर पुल पर लगा भीषण जाम, सैकड़ों वाहन फंसे

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बारासगवर थाना क्षेत्र के बक्सर में गंगा पुल से लेकर जगतखेड़ा तक 3 किलोमीटर लंबा जाम लग जाने से सैकड़ो यात्री, वाहन फंसे रहे। शाम तक जाम हट सका और व्यवस्थाएं सुचारु हो सकीं। फतेहपुर में प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी सभा के चलते हुए रुट डायवर्जन को लेकर फतेहपुर की तरफजाने वाले सभी बड़े वाहनों को चौडगरा-बक्सर-बिहार मार्ग की ओर मोड़ दिया गया। जिसके चलते सुबह से ही जाम लगना शुरू हो गया। जाम सांय 4:30 बजे तक सामान्य हो सका। जाम के चलते सैकड़ो दैनिक यात्री, मोटरसाइकिल सवार, चार पहिया वाहन व डंपर जाम में फंसे रहे। जाम में फंसे छोटे-छोटे बच्चे, वृद्ध लोग तेज धूप व भूख प्यास से परेशान रहे। मरीज, एम्बुलेंस, स्कूली बच्चे सभी जाम में फंसे रहे। थाना बारसगबर प्रभारी अखिलेश तिवारी, चौकी ऊँचगाव प्रभारी ओम प्रकाश यादव, बक्सर चौकी प्रभारी प्रेम नारायण सरोज सहित पुलिस फोर्स शाम तक आवागमन सुचारू करने में लगा रहा।

### शो-पीस बना वाटर कूलर, फरियादी परेशान

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में आए फरियादियों के लिए तहसील के उच्चाधिकारियों द्वारा तहसील सभागार में फरियादियों के लिए पानी पीने के लिए आरओ वाटर कूलर लगवाया गया था। तहसील प्रशासन द्वारा आरओ वाटर कूलर का ढ़ंग से देख-रेख व रख-रखाव न होने के कारण उसने पानी देना बंद कर दिया है जिसके कारण अपनी फरियाद लेकर आए फरियादियों को तहसील में पानी तक नहीं मिल रहा है और आरओ वाटर कूलर की स्थिति यह है कि मानो वह मात्र शो-पीस बनकर रह गया है। आपको बता दें कि तहसील में प्रतिदिन लगभग पांच सैकड़ा फरियादी आता है। इतनी भीसड़ गर्मी में यदि आए हुए फरियादियों को तहसील में पानी भी नसीब नहीं हो रहा है और आरओ वाटर कूलर शो-पीस बन कर रह गया है।

### वृद्ध की जहर खाने से मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर अजगांव के मजरे गहाखेड़ा निवासी चंदी पुत्र नोखे ने संदिग्ध परिस्थितियो में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी पर परिजनो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## पिकअप व कार की आमने-सामने हुई टक्कर में मासूम बच्चे की मौत

- दुर्घटना महिलाओं समेत सात लोग गंभीर रूप से हुए घायल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा तेज रफ्तार पिकअप ने कार को मारी जोरदार टक्कर, कार सवार मासूम बच्चे की मौके पर हुई दर्दनाक मौत वहीं सात लोग गंभीर रूप से हुए घायल सभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचशील डिग्री कॉलेज के पास का है जहां प्रयागराज के रहने वाले नौशाद अपने चचेरे भाई मिराज को छोड़ने के लिए अर्टिगा कार से परिवार समेत लखनऊ एयरपोर्ट जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दिए जिससे कार सवार 4 वर्षीय मासूम बच्चे की मौके पर दर्द नाक मौत हो गई, वहीं महिलाओं समेत 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य के लिए जाया गया जहां सभी की हालत गंभीर होने पर उन्हें रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया जहां दोनों महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## लोकसभा चुनाव के बीच सपा को झटका, भगवा के रंग में रंगे मनोज





- भाजपा में शामिल अमित शाह ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लोकसभा चुनाव 2024 की प्रकिया जारी है. चार चरणों में चुनाव भी संपन्न हो चुक है. वहीं पांचवे चरण के लिए 20 मई को मतदान होना है।

वहीं नेताओं के दलबदल का सिलासिला जारी है. वहीं बीजेपी का कुनबा लगातार बढ़ता ही जा रहा है. समाजवादी पार्टी के रायबरेली ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडे ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर लिया है। आधिकारिक रूप से गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें विशेष रैली में ज्वाइन करवाया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने मनोज पांडेय को पार्टी की पटका पहना कर भाजपा में शामिल कराया।

### राजनीति रहे न रहे लेकिन सनातन के साथ रहेंगे : मनोज



भाजपा में शामिल होने के बाद सपा विधायक मनोज पांडे ने कहा कि राजनीति रहे न रहे लेकिन सनातन के साथ रहेंगे। गर्दन भले कट जाए लेकिन भगवान राम ही मेरे हैं। वहीं अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि यह लोग अगर आयेंगे तो राम मंदिर पर ताला लगाएंगे, बाबरी मस्जिद बनायेंगे। मनोज पांडे को बीजेपी में शामिल करने के लिए अमित शाह विशेष रूप से रायबरेली और अमेठी क्षेत्र में आए। कुछ दिन पहले ही अमित शाह ने मनोज पांडेय के घर जाकर मुलाकत की थी. तभी से सियासी हलचल तेज हो गई थी। अमित शाह ने रायबरेली में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

### रायबरेली में कमल खिला दो, 400 पार यहीं से हो जाएगा : अमित शाह



रायबरेली में अमित शाह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमेठी और रायबरेली में कमल खिला दो. 400 पार यहीं से हो जाएगा. ऊपर मोदी जी है और नीचे योगी जी है। गुंडों को चुन-चुन कर मोदी जी ने साफ किया है। राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो। जिन-जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है सब जेल जाएंगे। कांग्रेस नेता के घर से 350 करोड़ मिला। गृहमंत्री ने कहा कि रायबरेली, अमेठी की यह सीट परिवार की सीट नहीं रहेगी, जो संकट में साथ देता है सीट उसकी होती है। यह बीजेपी के झोली में जा रही है। कांग्रेस सरकार में राहुल बाबा के दौरान कई करोड़ का घोटाला किया, वही मोदी के ऊपर चवन्नी का दाग नहीं है। अमेठी और रायबरेली के लोग अपना बेटा मानते हैं, लेकिन यह नहीं मानते।

## शहादत दिवस के रुप में मनाई शहीद अजीत प्रताप सिंह की पुण्यतिथि

- शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मनाया गया शहादत दिवस
- सन् 2001 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे शहीद अजीत प्रताप सिंह
- दंतेवाड़ा में सन् 2011 में आईईडी ब्लास्ट में हुए शहीद



सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को शहीद अजीत प्रताप सिंह निवासी पूरे चित्ता मजरे मथुरपुर की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रुप में मनाया गया। ग्रुप सेंटर अमेठी सीआरपीएफ के कमांडेंट ए.के. सिंह की उपस्थिति में शहीद अजीत प्रताप सिंह के नाम से बनी शहीद स्मारक पर ही शहादत दिवस मनाया गया।

शुक्रवार को सीआरपीएफ कमांडेंट ए.के. सिंह इंस्पेक्टर रहीस खान व इंस्पेक्टर अवस्थी आदि सीआरपीएफ टुकड़ी के साथ शहीद अजीत प्रताप सिंह के पैतृक गांव पूरे चित्ता मजरे मथुरपुर पहुंचे, जहां शहीद के परिजनों (पिता अर्जुन सिंह, माता उर्मिला सिंह,पत्नी रेखा सिंह, पुत्र अनुभव सिंह व पुत्री अंशिका सिंह) के साथ शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहादत दिवस मनाया।उल्लेखनीय है कि सन् 2001 में शहीद अजीत प्रताप सिंह सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे।दंतेवाड़ा में 17 मई 2011 को आईईडी ब्लॉस्ट में शहीद हो गए थे। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छुट्टी पर घर आए सीआरपीएफ में तैनात जवान मनोज कुमार, रामू, संदीप परिहार, शुभम परिहार,राहुल परिहार व सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक आर. बी. सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, रतिपाल, प्रमोद श्रीवास्तव समेत पूर्व प्रधानाचार्य केशव सिंह, डॉ भूपेंद्र सिंह, प्रभात सिंह त्रिलोकचंदी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, गौरव सिंह जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान बृजेश सिंह आदि गणमान्य व मोनू सिंह, बच्चा सिंह, सूरज सिंह, संजय, भोले, राजेश, योगेश सिंह आदि तमाम संभ्रात ग्रामीण मौजूद रहे।

## मेगा पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आधार शिला कॉलेज में होगा सम्पन्न





रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जनपद का अग्रणी शिक्षण संस्थान जो क्षेत्र की युवा पीढ़ी की शिक्षित करने के साथ साथ रोजगारपरक शिक्षा देकर उन्हें हुनरमंद बनाने का लगातार कार्य कर रहा है। संस्थान के संस्थापक डॉ तहसीलदार सिंह और प्रबंधक चंद्र प्रभा सिंह क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए प्रयासरत हैं। कॉलेज के ओ एस डी गिरजा शंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी उद्देश्य से आधारशिला सेवा संस्थान द्वारा संचालित सचालित आधारशिला कॉलेज ऑफ फार्मेसी कैम्पस में डी फार्मा के छात्रों के लिए मेगा पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आगामी 21.05.2024 मंगलवार को किया गया है। निश्चित रूप से यह आयोजन डी फार्मा के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

## डम्पर की टक्कर से ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया। गनीमत रही कि ट्रैक्टर चालक को कोई चोट नहीं आई।

चालक अपनी ट्रैक्टर ट्राली में तरबूज लादकर कन्नौज से बिक्री करने बांगरमऊ के कृषि उत्पादन मंडी यार्ड आया था। चालक तरबूज बेचकर वापस कन्नौज जा रहा था। तभी आज शुक्रवार की शाम बिल्हौर मार्ग पर स्थित पंच पीर बाबा की मजार के सामने विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। गनीमत रही कि ट्रैक्टर चालक उछल कर दूर फुटपाथ पर जा गिरा और वह बाल-बाल बच गया। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर सहित मौके से भाग निकला।

## दो वर्ष पूर्व बिछायी गयी पाइप लाइन से अभीतक नहीं हो सकी आपूर्ति

- ईओ ने जल्द ही जलापूर्ति चालू करवाने का दिया आश्वासन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



बांगरमऊ नगर पालिका के जल-कल विभाग द्वारा करीब दो वर्ष पूर्व नगर में पाइप लाइन बिछाई गई थी किंतु अभीतक पाइप लाइन से जलापूर्ति शुरू नहीं की जा सकी है। पालिका की अधिशाषी अधिकारी ने जलापूर्ति चालू करने हेतु जलकर विभाग को निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा सरकारी योजना हर घर नल से जल के तहत नगर के नसीमगंज और प्रेमगंज मोहल्लों में पाइप लाइन बिछाई गई थी। साथ ही दोनों मोहल्लों में हैवी डीप बोरिंग भी की गई। यहां तक कि दोनों ट्यूबवेलों के लिए विद्युत कनेक्शन भी स्वीकृत हो चुके हैं किंतु दो साल बीत जाने के बाद भी स्थानीय विद्युत उपकेंद्र द्वारा दोनों ट्यूबवेलों का विद्युतीकरण नहीं किया जा सका है। जिससे सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना परवान नहीं चढ़ पाई है। जबकि दोनों मोहल्लों की करीब दस हजार आबादी स्वच्छ पेयजल की एक-एक बूंद को तरसे रही है। बीते दिनों इस योजना को अमली जामा पहनाने के संदर्भ में दोनों मोहल्लों के नागरिकों द्वारा पालिका प्रशासन से शिकायत की गई थी। इस संदर्भ में पालिका की अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि दोनों डीप बोर के विद्युतीकरण के लिए जिला प्रशासन और विद्युत विभाग को पत्र भेजा गया है। जल्द ही पाइप लाइन से जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जलापूर्ति शुरू होते ही नागरिकों को जलकर कनेक्शन भी स्वीकृत करना शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने नागरिकों से कनेक्शन के नाम पर किसी भी पालिका कर्मी को शुल्क नहीं देने की हिदायत दी है। यदि कोई कर्मचारी पैसा मांगने तो उससे शुल्क की रसीद अवश्य प्राप्त करें और इसकी सूचना पालिका प्रशासन को दें। जिससे ऐसे कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

## मार्शल आर्ट का छह दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ

- जिले के लगभग दो सौ खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



मार्शल आर्ट का छः दिवसीय समर कैम्प कस्बे के डा0 रिज़्वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुरू किया गया जिसमे जिले के लगभग दो सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस कैम्प में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन भी किया जाएगा।जिला मार्शल आर्ट संघ रायबरेली के जिला सचिव अताउर रहमान ने बताया की मार्शल आर्ट का यह समर कैम्प जिला एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया इस समर कैम्प में खिलाड़ियों को तीन टाइम सुबह साढ़े चार बजे फिजकल एक्टिविटी दोपहर में खेल को बारीकियां तथा शाम को 4 बजे से फाइट की टेक्निक्स कराई जाती है। उन्होंने बताया की कैम्प का आयोजन हर वर्ष किया जाता है जिससे जिले के खिलाड़ियों को बेहतर बनाया जा सके। इस वर्ष वूशु और ताइक्वांडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं मई से जून तक आयोजित हो रही हैं इस कैम्प से जिले के खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा और ज्यादा से ज्यादा पदक खिलाड़ी जीत कर लायेंगे।

### 14 मई से 19 मई तक चलेगा कैंप

इस कैम्प में लालगंज मार्शल आर्ट क्लब, एमसीएफ मार्शल आर्ट क्लब,आर्यन मार्शल आर्ट क्लब टिकरा, जे एस मार्शल आर्ट क्लब भोजपुर,रायबरेली मार्शल आर्ट क्लब, डलमऊ मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी भाग ले रहे है यह कैम्प 14 मई से 19 मई तक चलेगा 19 मई को ही वूशु की सब जूनियर तथा जूनियर बालक,बालिका जिला टीम का चयन किया जाएगा। वूशु की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के डी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में 23 से 26 मई तक आयोजित होगी। इस कैम्प में सन्त लाल,डिम्पी तिवारी,पूनम यादव, अखण्ड दीप सोनकर,महताब आलम,सलमान खान, जितेन्द्र प्रजापति,अनुराग यादव आदि लोग उपस्थित रहते है।

## धान की नर्सरी डालने से पूर्व बीज एवं मिट्टी का उपचार जरूरी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



धान की खेती करने वाले किसानों को नर्सरी डालने से पहले बीज एवं भूमि जनित रोगों से बचने के लिए बीज एवं मृदा का उपचार अवश्य करना चाहिए। धौरा कृषि विज्ञान केंद्र के पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉ0 जय कुमार यादव ने बताया की बीज शोधन करना बहुत ही आवश्यक होता है क्योंकि बहुत से रोग बीज जनित रोग फसलों में उत्पन्न हो जाते हैं, जिससे फसल उत्पादन घट जाता है। इस नुकसान से बचने के लिए किसान बीज शोधन जरूर करें। धान की फसल में कई रोग बीज जनित होते हैं। नर्सरी के लिए तैयार बीज में ही रोग संक्रमण के कारक मौजूद रहते हैं, जैसे ही अनुकूल परिस्थितियां मिलती हैं रोग का प्रसार तेजी से हो जाता है।

धान की नर्सरी डालने वाले किसान बीज एवं मृदा शोधन करके अपनी फसल को बड़े नुकसान से बचा सकते हैं। धान में पद गलन, झोंका, बकानी, झुलसा, खैरा आदि जैसे रोग धान में पाए जाते हैं। किसान को धान की नर्सरी डालने से पहले बीज एवं मृदा का उपचार अवश्य कर लेना चाहिए। बीजशोधन कार्बेंडाजिम, जैव उर्वरक जैसे एजोटोबेक्टर, ट्राइकोडर्मा, स्योडोमोनास आदि जैसे अन्य रसायनों से बीज उपचार कर सकते हैं, मृदा उपचार करने के लिए किसान ट्राईकोडर्मा का प्रयोग कर सकते हैं। ट्राईकोडर्मा को 5 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर के हिसाब से प्रयोग करें।

# झूठ और जहर का सैलाब

**राम पुनियानी**

भाजपा की प्रचार मशीनरी काफी मजबूत है और पार्टी का पितृ संगठन आरएसएस इस मशीनरी की पहुंच को और व्यापक बनाता है। आरएसएस-भाजपा के प्रचार अभियान का मूल आधार हमेशा से मध्यकालीन इतिहास को तोड़मरोड़ कर मुसलमानों का दानवीकरण और जातिगत व लैंगिक पदक्रम पर आधारित प्राचीन भारत की सभ्यता और संस्कृति का महिमामंडन रहा है। संघ परिवार समय-समय पर अलग-अलग थीमों का प्रयोग करता आया है। एक थीम यह है कि मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों।को तोड़ा। राममंदिर आन्दोलन का मूल सन्देश यही था। फिर देश की सुरक्षा भी एक प्रमुख थीम है, जिसमें पाकिस्तान को भारत का दुश्मन बताया जाता है। बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने के पहले वे अन्य मुस्लिम-विरोधी थीमों के अतिरिक्त, मुसलमानों के भारतीयकरण की बात भी किया करते थे। पिछले एक दशक में उन्होंने अच्छे दिन की बात की और कई दूसरे जुमले भी उछाले, जैसे महिलाओं की सुरक्षा, हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आएंगे और हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। कांग्रेस को भ्रष्ट पार्टी सिद्ध करने का प्रयास भी किया गया। आरएसएस से जुड़े संगठनों के समर्थन और उनके तत्वावधान में अन्ना आन्दोलन चलाया गया जिससे कई सालों तक लोगों के दिमाग में यह बैठा रहा कि कांग्रेस भ्रष्ट नेताओं की पार्टी है। फिर 2019 के चुनाव में पुलवामा-बालाकोट को मुद्दा बनाया गया और हमें बताया गया कि केवल भाजपा की सरकार ही देश की रक्षा कर सकती है। हालांकि इस पूरी अवधि में मुस्लिम-विरोधी प्रचार भी जारी रहा। कहने की जरुरत नहीं कि आरएसएस-भाजपा के प्रचारक सत्य और तथ्यों को बहुत महत्व नहीं देते। इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम। इसके बाद भाजपा-आरएसएस ने अपने पुरानी तरकीब एक बार फिर अपनाने का निर्णय किया। वह तरकीब है मुसलमानों की खिलाफत और समाज को धार्मिक आधार पर बांटना। श्री मोदी ने मुसलमानों को अपना चुनावी मुद्दा बना लिया और इसके लिए समाज के कमजोर वर्गों (आदिवासी, दलित और धार्मिक अल्पसंख्यकों) के साथ न्याय, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार और इंटर्नशिप आदि का वायदा करने वाले कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र का इस्तेमाल किया। आरएसएस और उससे जुड़े संगठन, समाज के कमजोर वर्गों के साथ न्याय के पुराने विरोधी रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के रोड शो और सामाजिक समरसता

**मृत्युंजय दीक्षित**



**उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्वोतर राज्यों के सभी बड़े नेताओं का संगम दिखा। इनमें उल्लेखनीय रही बिहार की चर्चित चाचा-भतीजे की जोड़ी अर्थात चिराग पासवान व पशुपति पारस की उपस्थिति। वाराणसी में दोनों की उपस्थिति व आपसी केमेस्ट्री को देखकर बिहार की सियासत में विरोधी दलों के नेताओं को तनाव हो गया है। चाचा भतीजे की इस जोड़ी को लेकर मोदी विरोधी मीडिया में जो कयास लगाये जा रहे थे वे ध्वस्त हो गए। वाराणसी में राजग नेताओं ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती से अपने नेता के साथ खड़ा है और उन्हें ही 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इंडी गठबंधन पूरी तरह से फ्यूज है। उसके पास न तो नेता है और न ही विचार। न ही विकास का कोई रोडमैप। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चार प्रस्तावकों के माध्यम से भी सबका साथ का परिचय दिया।**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता, सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में सामाजिक समरसता का अनूठा दर्शन हो रहा है। वह वाराणसी से तीसरी बार उम्मीदवार है।

परचा भरने से एक दिन पहले वाराणसी में भी प्रधानमंत्री ने रोड शो किया। रोड शो में उमड़ा जनसमुद्र काशी के चुनावी इतिहास में अद्भुत व अकल्पनीय रहा। वाराणसी के पूर्व ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लेकर बिहार की राजधानी पटना तक के रोड शो में जिस प्रकार की जन भावनाएं मोदी के प्रति देखने को मिलीं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि अबकी बार फिर मोदी सरकार ही बनने जा रही है । प्रधानमंत्री के रोड शो की सबसे बड़ी विशेषता सामाजिक समरसता है। इनमें नारी शक्ति का वंदन भी हो रहा है और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उनके समाजसेवा व भक्ति भाव के विविध रूपों के दर्शन भी हो रहे हैं। रोड शो के दौरान वह भीड़ में भी बच्चों को भी दुलार कर संदेश दे रहे हैं कि यह कल के निर्माता हैं।

जहां कहीं भी प्रधानमंत्री का रोड शो होता है वहां से नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है। उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे और लोगों के आश्चर्यचकित होने का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उन्होंने नीतीश कुमार के हाथ में कमल का फूल देखा अर्थात पटना के रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री के हाथ में उनकी अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न न होकर कमल का फूल था जिसे लेकर अब बिहार की राजनीति में तरह-तरह के कयास लगने आरम्भ हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार का राजनीति किधर जाती है, नीतीश कुमार यह इशारा काफी है।

वाराणसी का रोड शो तो स्वाभाविक रूप से ही अद्भुत होना ही था। यहां मां गंगा के बेटे का रोड शो जो था। वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए और उन्हें देखने के लिए हर कोई बेताब था । अपने सांसद के लिए पूरा बनारसी जनसमुद्र उमड़ पड़ा। स्वागत में झांकियां सजायीं गईं। पुष्प वर्षा की गई। भगवा और तिरंगे लहराये। हर-हर महादेव और जय श्रीराम से आसमान गुंजायमान कर दिया गया। ऐसा प्रतीत हुआ कि सनातन का सूर्योदय हो चुका है बस उसका तिलक ही शेष रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पांच किलोमीटर लंबे रोड शो के माध्यम से सामाजिक, आध्यात्मिक व जातीय गुणा -गणित पूरी तरह से साध लिया है। वाराणसी की धरती पर यह लहर नहीं, सुनामी का आगाज है। प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय राजग गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति रही।

उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्वोतर राज्यों के सभी बड़े नेताओं का संगम दिखा। इनमें उल्लेखनीय रही बिहार की चर्चित चाचा-भतीजे की जोड़ी अर्थात चिराग पासवान व पशुपति पारस की उपस्थिति। वाराणसी में दोनों की उपस्थिति व आपसी केमेस्ट्री को देखकर बिहार की सियासत में विरोधी दलों के नेताओं को तनाव हो गया है। चाचा भतीजे की इस जोड़ी को लेकर मोदी विरोधी मीडिया में जो कयास लगाये जा रहे थे वे ध्वस्त हो गए। वाराणसी में राजग नेताओं ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती से अपने नेता के साथ खड़ा है और उन्हें ही 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इंडी गठबंधन पूरी तरह से फ्यूज है। उसके पास न तो नेता है और न ही विचार। न ही विकास का कोई रोडमैप। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चार प्रस्तावकों के माध्यम से भी सबका साथ का परिचय दिया। राम मंदिर का शुभ मुहूर्त में उद्घाटन करने वाले ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री, ओबीसी समाज के बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा तथा दलित समाज के संजय सोनकर उनके प्रस्तावक हैं। वाराणसी में परचा दाखिल करने से पहले नरेन्द्र मोदी ने भावुक कर देने वाला वीडियो भी जारी किया और मां गंगा के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे परमात्मा ने भेजा है। परमात्मा ने मेरे से काम लेना तय किया है। ये सब कुछ ऊपर वाले की कृपा है। हम 400 पार के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। देश ने ही हमें 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कहा है।


अब वाराणसी पूरे देश की राजनीति का मुख्य केंद्र बिंदु बन चुकी है। यहां से प्रधानमंत्री ने काशी व उत्तर प्रदेश का ही नहीं अपितु पूरे भारत का समीकरण साधा है। देश के सभी महापुरुषों के कट आउट रोड शो में रहे। प्रधानमंत्री ने अपने रोड शो के माध्यम से जहां देश के सामाजिक समीकरण के अंतर्गत जैन संन्यासी व शैव दक्षिण को समेटा वहीं दूसरी ओर वाराणसी के कोर वोटर 3 लाख ब्राह्मण मतदाता, 2.5 लाख से अधिक गैर यादव ओबीसी, 2 लाख कुर्मी, 2 लाख वैश्य, 1.5 लाख से अधिक भूमिहार और 1.5 लाख यादव सहित अनुसूचित जाति के मतदाताओं को भी साध लिया है। प्रधानमंत्री मोदी किसी भी अवसर को हाथ से नहीं जाने देते हैं और इस बार तो उनका नया रूप ही दिखाई पड़ रहा है। अभी तक यह कहा जाता था कि प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के सामने नहीं आते।अबकी बार वह लगातार मीडिया को साक्षात्कार दे रहे हैं, वह चाहे छोटा हो या फिर बहुत बड़ा। प्रधानमंत्री मोदी अपने साक्षात्कारों के माध्यम से मनौवैज्ञानिक रूप से विरोधी दलों का मनोबल तीव्रता के साथ ध्वस्त कर रहे हैं। विरोधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में भी मोदी आगे निकल चुके हैं और विपक्ष के सारे नैरेटिव विफल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी हर साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से बार -बार कह रहे हैं कि अबकी बार 400 पार का नारा एक नारा भर नहीं है अपितु यह एक हकीकत बन चुका है, जिसे भारत की जनता ने करने का मन भी बना लिया है।

हताश विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी दौरे पर लगातार तंज कसने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा कह रही हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में कभी किसी के घर गए हैं । बिहार के नेता प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो व साक्षात्कार आदि को एक इवेंट मात्र बता रहे हैं। सच तो ये है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़े जनसमुद्र ने विरोधी दलों के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

## विचार

# मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है! जाना पड़ सकता है जेल

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**भारतीय रीति रिवाज को हर समाज स्तर पर अलग अलग रूप से लागू किया जाता रहा है,परंतु बहुत सीत्रतियां और रिवाज ऐसे हैं। जो करीब करीब हर समाज जाति में कॉमन है, उन्हें में से एक है परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर उस परिवार में 13 दिवसीय शोक मनाया जाता है तथा अंतिम दिन को, 13 वीं या 12 वीं दिन के रूप में अंतिम दिन मृत्यु भोज दिया जाता है, जिसे समाज स्तर व पारिवारिक व रिश्तेदारों के लोग शामिल होते हैं।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां में भारत ही एक ऐसा देश है जहां हजारों समाज, लाखों जातियां, उपजातियां धर्म व आध्यात्मिक आस्था की जड़ कहा जाता रहा है, जिसकी गिनती विदेशो में भारतीय खूबसूरती की विशेषताओं में से एक है। कई सैलानी इस अनोखी व्यवस्था को देखनें ही भारत यात्रा पर आते हैं और कहते हैं काबिल-ए-तारीफ़! इसी कारण ही भारत धर्मनिरपेक्ष देश की ताक़त से प्रसिद्ध है। भारतीय रीति रिवाज को हर समाज स्तर पर अलग अलग रूप से लागू किया जाता रहा है,परंतु बहुत सीत्रतियां और रिवाज ऐसे हैं।

जो करीब करीब हर समाज जाति में कॉमन है, उन्हें में से एक है परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर उस परिवार में 13 दिवसीय शोक मनाया जाता है तथा अंतिम दिन को, 13 वीं या 12 वीं दिन के रूप में अंतिम दिन मृत्यु भोज दिया जाता है, जिसे समाज स्तर व पारिवारिक व रिश्तेदारों के लोग शामिल होते हैं। परंतु समय के बदलते परिपेक्ष में आजकल समय अभाव के कारण समाज में अपने-अपने समय अनुसार मृत्यु भोज दिया जाता है, तो अनेक समाजों में यह मृत्यु भोज केवल पारिवारिक व रिश्तेदारी तक सीमित कर दिया गया है, जो कि इस प्रकार के नियम समझो कि पंचायत द्वारा ही बनाए गए हैं, जो मेरा मानना है कि काफी हद तक उचित भी हैं। हमारी राइस सिटी गोंदिया नगरी के हमारे पूरे समाज के अध्यक्ष श्री नारायण सच्चानंद चांदवानी सर जी से इस मृत्यु भोज के विषय पर मेरी लंबी चर्चा हुई तो, उन्होंने कहा हमारे समाज में मृत्यु भोज प्रतिबंधित है परंतु समाज के लोग अपने परिवार और रिश्तेदारों तक सीमित रूप से मृत्यु भोज की रस्म करते रहते हैं। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि मुझे आज 17 मई 2024 को एक महिला ने डिस्पोजल शॉप पर बताया कि उसके पति की मृत्यु हो गई है, वह उसकी 13 वीं में मृत्यु भोज कर रहे हैं। पूरे 13 दिवसीय शोक में एक लाख रुपए से अधिक खर्च आ गया है, व मृत्यु भोज पर भी करीब 40-50 हज़ार रुपए खर्च होगा। उन्होंने कहा कि वह यह मृत्यु भोज नहीं करना चाहती है परंतु कुछ समाज के लोगों ने कहा इससे समाज वाले उंगली उठाएंगे, बदनाम करेंगे, व सामाजिक प्रतिष्ठा कम होगी! इसलिए मैं यह सब कर रही हूं। बस! इसलिए मैंने आज इस विषयपर आर्टिकल लिखनेकी सोचा औरमैंने फिर इस पर रिसर्च शुरू की तो, मुझे राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 मिला, जिसके तहत मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है, जेल जाना पड़ सकता है।

उसमें 1 साल की सजा वह 1000 रुपए जुर्माना की सजा है । दुसरा 13 दिसंबर 2023 तारीख़ की राजस्थान पुलिस की एक सोशल मीडिया पर पोस्ट मिली जिसमें लिखा था, मृत्यु भोज करने और उसमें शामिल होना कानूनं दंडनीय अपराध है। मानवीय दृष्टिकोण से भी यह आयोजन अनुचित है, इसलिए आओ मिलकर इस कुरीति को समाज के से दूर करें, इसका विरोध करे।चूंकि राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 के तहत मृत्यु भोज कानून दंडनीय अपराध है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पारिवारिक सदस्य की मृत्यु पर 13 दिवसीय शौक पर मृत्यु भोज को कुरीति/ रीति/ धार्मिक संस्कार पर बस छिड़ी। राष्ट्रीय स्तरपर इसका समाधान होना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम मृत्यु भोज की करें तो, हिंदू परिवारों में मृत व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए परिजन अंतिम संस्कार के बाद विधि विधान से तेरह दिन पर तेरहवीं के रूप में मृत्यु भोज रखते हैं, मगर राजस्थान पुलिस का फरमान देख लगता है कि यह लोगों का अधिकार नहीं बल्कि अपराध है। राजस्थान पुलिस ने 13 दिसंबर की सुबह सोशल साइट एक्स पर पोस्ट किया था - मृत्यु भोज करना और उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय है। मानवीय दृष्टिकोण से भी यह आयोजन अनुचित है,तो क्या किसी को भोज दे ही नहीं?असल में मृत्यु भोज ऐक्ट आज का नहीं है, यह 1960 से है। इसमें साफ लिखा है कि मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है। सजा के रूप में एक साल तक का या एक हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसमें साफ है कि धार्मिक संस्कार के तहत रखे गए भोज में सौ से ज्यादा लोगों की संख्या नहीं होनीचाहिए। एक्ट बने इतने साल बीत गए मगर हकीकत यह है कि लोग इसके बारे में जानते भी नहीं। राजस्थान पुलिस के ट्वीट पर भी कई लोगों की प्रतिक्रिया थी कि क्या ऐसा भी कोईकानून है। ऐसा कहने वाले भी कम नहीं थे कि यह उनका निजी विषय है। एक ने एक्स पर लिखा-ऐसे हिंदू विरोधी क़ानून बंद करें। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं। इसमें कोई जबरदस्ती नहीं होती। हर इंसान अपनी हैसियत के हिसाब से ही करता है। तो कुछ लोगों ने इसके समर्थन में भी पोस्ट किया। एक ने लिखा-हमारे यूपी में भी ऐसा कानून होना चाहिए! मरने के बाद धर्म संकट में डालकर लूटने वालों की दुकानों पर ताला लगना चाहिए! राजस्थान में कुरीति बन चुकी है मृत्यु भोज लोगों के तर्क से बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या शोकाकुल परिजनों को मृत्यु भोज के लिए धर्म संकट में डाला जाता है?

# एड्स पर नियंत्रण, चिकित्सा तंत्र की बड़ी चुनौती?

एड्स से निजात के लिए हमें सिर्फ सतर्कता और जागरुकता पर ही निर्भर नहीं होगा, इसके आगे भी सोचना पड़ेगा। आगे सोचने का मतलब, एड्स की वैक्सीन, दवा या टीके के अविष्कार की ओर कदम बढ़ना? क्योंकि दिनों दिन ये लाइलाज बीमारी भयाभय रूप लेता जा रही है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में एचआईवी पॉजिटिव केस सामने आते हैं जिनमें हजारों की संख्या में मौत के मुंह में समा जाते हैं। ये सच है, एड्स से डरावनी बीमारी शायद आज भी दूसरी कोई और नहीं? जिसका मात्र नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप जाती हैं। लोग भगवान से दुआ करते हैं, उन्हें कोई भी हारी-बीमारी क्यों न हो जाए, पर एड्स न हो? एड्स समाज की सबसे बड़ी कलंकित बीमारी है। कलंकित इसलिए क्योंकि इस बीमारी के चलते समाज में असमानता फैल रही है जो सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं? यही कारण है, एचआईवी लक्षण पता होने पर पॉजिटिव व्यक्ति से समाज एक तरह से नकार ही देता है। एड्स हो जाने के बाद समाज के अलावा सगे-संबंधी भी दूरी बना लेते हैं। तब दुखी होकर पीड़ित एकांतवास जीवन जीने को मजबूर हो जाता है। जबकि, देखा जाए तो एड्स की बीमारी मौत का तत्काल कारण नहीं बनती। एड्स रोगी लंबा जीवन जीते हैं। इसे स्वास्थ्य तंत्र की नाकामी कहें, या हुकूमतों की लापरवाही? दशकों बीत जाने के बाद भी एड्स वायरस पर विजय प्राप्त नहीं हो सकी और न ही आजतक कोई मुकम्मल दवा या वैक्सीन बन सकी। एड्स से बचाव के लिए हम आज भी मात्र सतर्कता और जागरूकता पर ही निर्भर हैं, जो नाकाफी हैं। दरकार,अब वैक्सीन और दवा की है।

पहले के रिसर्च में यह तो तय हो चुका है कि एचआईवी एड्स की बीमारी जानलेवा है। चपेट में आने वाले मरीज की मौत होना निश्चित है। क्योंकि, एचआईवी के वायरस अपनी स्थित को बहुत तेजी के साथ बदलते हैं। एचआईवी का वायरस मरीज के प्रतिरक्षा सिस्टम पर सीधा प्रहार करता है। वायरस अपनी मौजूदगी को नित बदलता रहता है। हिंदुस्तान के अलावा पूरे संसार की बात करें, तो एड्स पीड़ितों की संख्या इस समय लाखों-हजारों में नहीं, बल्कि करोड़ों-अरबों में हैं। पिंड छुड़ाने के लिए देश-विदेश की हुकूमत लाखों नाकाम कोशिशें करती हैं। हालांकि रिसर्च-औषधियों के शोध लगातार जारी हैं। पर, सफलता हाथ नहीं लग रही। कई मुल्क इस वैक्सीन पर शोध कर रहे हैं। हां, इतना जरूर है, 'इंटरनेशनल एड्स वैक्सीन इनिशिएटिव और द स्क्रिप्स रिसर्च इंस्टीच्यूट' ने इतनी सफलता जरूर हासिल कर ली है कि एचआईवी संक्रमितों की मरने-जीने की स्टेज बता सकती है। वैसे, चिकित्सा विज्ञान के अनुसार एड्स भी मात्र एक वायरस ही है। लोगों में भ्रम है कि एड्स छूने से, साथ खाने से या हाथ मिलाने से फैलता है। जबकि, यह कोरा मिथक है। एड्स इनमें से किसी भी कारण से नहीं फैलता। साथ ही यह एक ही टॉयलेट प्रयोग करने से, छींकने या खांसने या फिर गले मिलने से भी नहीं फैलता। एड्स के फैलने के दूसरे कारण होते हैं। जैसे, संक्रमित खून चढ़ाना, एचआईवी पॉजिटिव महिला या पुरुष के साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना, साथ ही एक से अधिक पार्टनरों के साथ सेक्स करना आदि मुख्य कारण हैं। इस बीमारी का जबसे पता चला है, तभी से संक्रमितों की संख्या में कमी के बजाय बढ़ोतरी हुई है। आज पूरे संसार में 'विश्व एड्स वैक्सीन दिवस' मनाया जा रहा है। जो एचआईवी वैक्सीन जागरुकता के लिए निर्धारित है जिसकी बहुत जरूरत है। बहरहाल, बढ़ते संक्रमित मामलों को देखते हुए दरकार इसी बात की है कि एचआईवी वैक्सीन की तत्काल आवश्यकता को पूरा किया जाए। कुछ वर्ष पूर्व अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एचआईवी से निपटने के लिए वैक्सीन बनाने का दावा किया था जिसमें जानवरों का प्रयोग किया था। तब बताया गया था कि एचआईवी वायरस की प्रतिरक्षा के लिए जानवरों के रक्त एंटीबॉडी प्रोड्यूस करते हैं जिनके जरिए एचआईवी को रोका जा सकता है।



# राशिफल

**मेषः-** योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।


**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

# असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करें तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही हैं। भले ही व्हाइट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।**
**भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में हैं तो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक हैं। दरअसल देखा जाए तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल एस्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है।**

असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागडोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दोराय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर हैं। बहुत बड़े वर्ग की रोजी-रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है। हालांकि असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का ना होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दोचार होना पड़ता है। हालांकि सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय-समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाता रहा है। खैर, बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही है कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका




है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करें तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही हैं। भले ही व्हाइट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।

भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में हैं तो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक हैं। दरअसल देखा जाए तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल एस्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती-किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ-साफ यह हुआ कि खेती-किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दोराय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती-किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है। गली कूचे में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली-मोहल्ले में घूमने वाले वेंडर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती। इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी। मोटे रूप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कोड़ी ही मानी जा सकती है। हालांकि असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है। पहली बात यह कि श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से सरकार के सामने वास्तविक तस्वीर सामने आने लगी है। सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना और इसी तरह की अन्य योजनाओं से जोड़कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के प्रयास किए गए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# चुनौती को चुनौती देने का नाम है मोदी : प्रधानमंत्री

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

हमीरपुर महोबा जालौन के सबई लौगन को हमाई राम राम, साथ ही घर जाकर सबई जनन के हमाई राम राम बोल देना के साथ जन सभी को राठ कस्बे में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि सपा कांग्रेस सरकार में बुन्देलखंड के लोग बूंद बूंद पानी को तरसते थे, सूखा बुन्देलखंड की पहचान बन गयी थी। योजना आती थी योजना का पैसा खा जाते थे, कहा कि चुनौती को चुनौती देने का नाम मोदी है जो चुनौती से टकराता है वही मोदी कहलाता है।

मोदी ने युवा मतदाताओं से कहा कि बुंदेलखंड की समस्या को युवा लोग अच्छी तरह जानते है। बुन्देलखंड

- जो चुनौती से टकराता है वही मोदी कहलाता है
- सपा कांग्रेस सरकार में बुंदेलखंड के लोग बूंद बूंद पानी को तरसते थे

में जल जीवन मिशन में बारह करोड़ से ज्यादा घरो में घरो में पानी पहुचाया। क्षेत्र में सैकड़ो घरो में पानी पहुच चुका है। कहा कि वह काम की रिपोर्ट लगाता लेते रहते है। भाजपा ने केन बेतवा लिंग परियोजना में काम शुरु कर दियाहै।

बुंदेलों को पानी मिले सरकार इसके लिये पूरी तरह संकल्पित है। सरकार इस परियोजना के लिये चालिस हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेगी। तभी विकास के लिये पंख लगेगे। बौएनबी





डिग्री कालेज में रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस परियोजना से न केवल पानी की समस्या हल होगी बल्कि कृषि के उत्पाद में सहायक होगी। उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह का नाम लेकर नाराज लोधी मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयासकरते हुये कहा कि कल्याण सिंह राममंदिर के लिये अपनी सरकार को बलिदान कर दिया था। विपक्षी उनको श्रद्धाजलिं देने जाते तो उनका बोट कम हो जाता, मगर एक माफ्यिा की मौत पर विपक्षी आसू बहाने गये थे। कहा कि अंबेडकर ने संविधान में स्पष्ट किया था कि धर्म के नाम पर आरक्षण नही दिया जायेगा। मगर कांग्रेस व सपा आपके आरक्षण को खत्म करना चाहते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा कांग्रेस के इरादे साफ नही है। यह दल आपकी संपत्ति का आकलन करउसे हड़पने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले ब्रम्हांनन्द की समाधि स्थल पर जाकर नमन किया। उन्होने कहा कि आगे सरकार बनने पर हरेक 70 साल के वृद्ध के लिये मुफ्त उपचार करने की व्यवस्था सरकार करेगी। श्री मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस के किनारे किनारे नये नये रोजगार स्थापित किये जायेंगे।

42 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड की पानी की समस्या पर ही स्पीच दी। सात मर्तवा पानी पिया। मंच पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, विधायक मनीषा अनुरागी, चरखारी विधायक वृजभूषण राजपूत, बाबूराम निषाद राज्यसभा सांसद समेत कई लोग उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने हमीरपुर महोवा संसदीय क्षेत्र के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, जालौन प्रत्याशी भानुप्रसाद वर्मा,झांसी के प्रत्याशी अनुराग शर्मा, को भारी मतो से जिताने की अपील की।

### झलकियां

दो बजकर 2 मिनट पर हैलीपेड पर उतरा पीएम मोदी का उड़न खटोला, दो बजकर 10 मिनट पर पीएम मोदी ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि स्थल पर टेका माथा, दो बजकर 23 मिनट पर मंच पर पहुंचे पीएम मोदी, दो बजकर 24 मिनट पर हाथ हिलाकर मंच से लोगों का किया अभिनंदन, दो बजकर 33 मिनट पर पीएम मोदी ने बोलना शुरू किया, तीन बजकर 22 मिनट पर पीएम मोदी का उड़ा उड़न खटोला, भीषण गर्मी में पुलिस कर्मी पीने के पानी को इधर-उधर भटके।



## कृष्ण जन्म की कथा सुन झूम उठे श्रोता

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।** पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत पठारी कदीम गांव के बस स्टैंड स्थित ब्रम्ह देवी माता मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार प्रवचन करते हुए कथा वाचक पंडित कमलेश शास्त्री जी महाराज ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ता है। प्रभु का अवतरण होता है। उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने अपनी बहन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ कर खुशियां मनाई। जब वह अपनी बहन को विदा कर रहा था उसी समय आकाशवाणी सुनकर कि देवकी का आठवां पुत्र तेरा काल होगा यह सब सुन कर कंस परेशान हो गया। वह देवकी को मारने के लिए तैयार हो गया। लेकिन वसुदेव के समझाने पर उसने वसुदेव व देवकी को कारागार में डाल दिया। जहां श्रीहरि विष्णु ने देवकी के गर्भ से कृष्ण के रूप में जन्म लिया। कंस के डर से वसुदेव ने कृष्ण को गोकुल में नंद के घर पहुंचा दिया।कथा वाचक ने कृष्ण जन्म पर नंदोत्सव की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा पंडाल में लोगों ने खुशियां मनाते हुए मंगल गीत गाए। धर्म प्रेमियों ने बाल कृष्ण की आरती उतार प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर मंदिर पुजारी बोल हरिहर महाराज कैलाश मुनि महाराज बाबा परिछत बने महेश राजपूत कमलेश कुमार दिनेश किशना छत्रपाल तेजराम जयहिंद्र निखिल मधुर आकाश आदि श्रोता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवक को दी धमकी, मुकदमा दर्ज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** युवक ने पड़ोसी के घर जाकर गालियां दी और धमकी दी कि वह उसकी पुत्री की शादी नहीं करने दूंगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धारा 504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खन्ना के ग्राम ग्योड़ी निवासी शिवनारायण विश्वकर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव का ही राजकुमार साहू ने 13 मई की रात्रि करीब 8 बजे उसके घर के दरवाजे में आकर नशे में धुत होकर गाली गलौज की। धमकी दी कि बाहर निकले तो गोली मार दूंगा। वह हाथ में तमंचा भी लिए था। इससे वह व उसका परिवार डरा सहमा हुआ है। उसने कहा कि लड़की की शादी नहीं होने दूंगा। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने आरोपी राजकुमार साहू के खिलाफ धारा 504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने शिकायतकर्ताओं को धमकाया

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम असुई में एक किसान द्वारा अपने खेत की पराली में आग लगाने से आग बढ़ते बढ़ते गांव तक पहुंच गई जिस पर ग्रामीणों ने खासे प्रयास के बाद काबू में किया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने उपजिला अधिकारी से शिकायत कर आरोपी के खिलाफकार्यवाही की मांग की थी लेकिन पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं को ही धमकाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से जिला अधिकारी को ज्ञापन भेज आरोपी किसान के खिलाफकार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम असुई में युसूफठेकेदार के नलकूप में काम करने वाले चौकीदार ने ठेकेदार के कहने पर अपने खेत की पराली में आग लगा दी थी जो आग बढ़ते बढ़ते गांव के करीब तक पहुंच गई जिस पर ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया था। इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोपी युसूफठेकेदार के खिलाफकार्यवाही की मांग की थी लेकिन पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफकार्यवाही करना तो दूर, पुलिस ने गांव पहुंच शिकायतकर्ताओं को ही धमकाना शुरू कर दिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को तहसीलदार के माध्यम से जिला अधिकारी को एक ज्ञापन भेज आरोपी के खिलाफपुनः कार्यवाही करने के की गुहार लगाई है। थाना विवार प्रभारी राकेश सरोज ने बताया की किसी भी तरफसे उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है, केवल उप जिल्स अधिकारी के यहाँ से तहरीर आई है,इस मौके पर पूर्व प्रधान बृजेंद्र गौतम, कामता प्रसाद, दिनेश कुमार व नरेंद्र समेत एक दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

### एसएमजीआई में वर्ल्ड हाईपरटेंशन-डे आयोजित




**इटावा, समृद्धि न्यूज।** एसएमजीआई इटावा में वर्ल्ड हाईपरटेंशन डे (विश्व हाईपरटेंशन दिवस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के डायरेक्टर डॉ. उमा शंकर शर्मा ने किया जिन्होंने छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में वर्ल्ड हाईपरटेन्शन डे को मनाने के बारे में विशेष जानकारी देते हुए इस समस्या पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज कल की जीवनशैली में किसी को भी हाईपरटेन्शन की समस्या होना आम बात ही है लेकिन हमे अपनी दैनिक दिनचर्या को बदलकर ठीक से समय प्रबंधन करके इस समस्या से दूर रहने का प्रयास करना चाहिए। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल सुनयना अग्रवाल ने भी छात्रों को हाइपरटेन्शन की समस्या और इसके समाधान के बारे में जागरुक किया। कार्यक्रम में विभिन्न छात्र छात्राओं द्वारा भाषण एवम पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में बीफार्मा प्रथम वर्ष की देवांगी यादव ने प्रथम स्थान, बीफार्मा तृतीय वर्ष की ज्योति ने द्वितीय तथा डीफार्मा प्रथम वर्ष के अंकित शाक्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भाषण प्रतियोगिता में बीफार्मा द्वितीय वर्ष की कीर्ति यादव ने प्रथम स्थान, डीफार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र राघवेन्द्र ने द्वितीय तथा बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र अभिनय तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसएमजीआई इटावा के चेयरमैन डा विवेक यादव ने संस्थान के सभी छात्र छात्राओं को उक्त महत्वपूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एव अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### एंटी रोमियो स्कवायड ने शहर में की चेकिंग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदलगस्त कर मनचलों/ अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जून को

इटावा, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज सचिव जिला/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव-1 ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा के आदेशानुसार 13 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय प्रांगण इटावा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों, दाम्पत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर, आर्बिट्रेशन, तुच्छ आपराधिक प्रकृति के वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व चकबन्दी, बैंक मामले, धारा 138 एनआई एक्ट, सर्विस के मामले, श्रमिक वाद, भरण पोषण वाद आदि प्रकार के मामले निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत में धन व समय की बचत करने हेतु एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित मुकदमों को व प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु अपने मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाये जिससे एक ही बार में मुकदमों से मुक्ति पाये। सर्व साधारण को सूचित किया है कि 13 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के उद्देश्य से सामान्यजन से अपील की जाती है कि अपनेलम्बित मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जाने हेतु उक्त लोक अदालत में भाग लेना सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये।

## एसपी ने जनसुनवाई में समस्याएं सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिले में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के तहत लोगों की समस्याएं सुनी। समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को मौके पर दूरभाष के जरिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आदेशित किया गया कि मौके पर तत्काल जाकर शिकायतों की निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी। साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिये जाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## एसपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर की वर्चुअल गोष्ठी

- चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था संबंधी तैयारियों की हुई समीक्षा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिये आगामी 20 मई को होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सकुशल संपन्न कराये जाने को लेकर जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों, वाचक पुलिस अधीक्षक एवं चुनाव सेल प्रभारी के साथ गूगलमीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी कर चुनाव संबंधी तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बिंदुवार समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए।



पुलिस अधीक्षक ने पांचवे चरण के लिये जिले में 20 मई को होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के सख्त निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए।

निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहें व जनपद के प्रत्येक इंट्री प्वाइंट(12), अंतर्राज्यीय बार्डर बैरियर (21) पर अधिक सक्रियता बढा दी जाये, बैरियर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को निरतंर ब्रीफ किया जाये। जनपद में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति/वाहन की सघन चेकिंग की जाये।

डायल-112 के माध्यम से प्राप्त हुए चुनाव से संबंधित प्रत्येक इवेन्ट पर तत्काल रिस्पास करते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रो में सूचना तंत्र को विकसित करते हुए क्षेत्र की प्रत्येक छोटी-बड़ी विभिन्न सूचनाओं को संकलित किये जाने के निर्देश देते हुए चुनाव को प्रभावित करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में निर्वाचन प्रकिया के लिए बाह्य जनपदों से आये हुए पुलिस बल के लिये उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## मां चंद्रिका महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज।

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय में विधिक जागरूगता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल ने की। गोष्ठी में उपस्थित छात्राओं एवं अध्यापिकाओ को महिलाओं के अधिकार एवं उनके उत्पीड़न के संबंध में जागरूक किया गया।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया ताकि कोई भी योजना से वंचित न रहे एवं समस्त छात्राओं एवं अध्यापकों के माध्यम से महिलाओं के हित में संचालित योजनाओ के बारे में जागरूक किया जा सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा द्वारा महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा महिलाओं के हितार्थ कल्याणकारी कार्य को समर्पित करने हेतु शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिरकण द्वारा उपस्थित छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं बच्चों का लैंगिक अपराधां से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उपस्थित छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुये उन्हे समाज की मुख्य धारा में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया। विशेष रूप से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, चाइल्ड ट्राफिकिंग, कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के अधिकार व उनके स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न कानूनी, सामाजिक प्रभावों एवं लाभों के बारे में जानकारियां प्रदान की गयी। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी चीफ रामनरेश यादव, असिस्टेंट हरेंद्र मिश्रा एवं योगेंद्र सिंह सहित प्रधानाचार्या ज्योति सिंह शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया।

## हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से दिलाया मतदान का संकल्प



- कार्यक्रम में मंचासीन रहे बुंदेलखंड के वरिष्ठ समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी

महोबकंठ, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी,स्वीप प्रभारी चित्रसेन सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली एवं भानुप्रताप(पीईएस)के निर्देशन में संस्था की स्वीप प्रभारी पूनम यादव की मौजूदगी में पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकुआ के छात्र छात्राओं एवं स्टॉफ ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत वाहन रैली निकाल कर एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर अपने अभिभावकों एवं ग्रामीणों को आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया।

मीडिया प्रभारी सतीश मिश्रा ने बताया कि वाहन रैली का नेतृत्व संस्था की वरिष्ठ प्रवक्ता उषा देवी सरोज ने किया तो हस्ताक्षर अभियान में बतौर मुख्य वक्ता मंचासीन रहे *वरिष्ठ पत्रकार और बुंदेलखंड के प्रसिद्ध समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने सम्बोधित करते हुए अपने उदबोधन में मज़बूत एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण हेतु मतदान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता के अंतर्गत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना भी की। हस्ताक्षर अभियान में लक्ष्मी बाई, कमलेश, आकांक्षा, रामकुमार, अमर सिंह, विनीत कुमार, मनोज कुमार, अंकित राजपूत समेत कनकुआ, महोबकंठ, घुटई, रूरी कला के अभिभावकों के अलावा स्टॉफ से शिखा राणा, प्रीती कन्नौजिया, रानी हिर्देश, डॉ सुनैना, ज्योति राजपूत, दुर्गेश सहित छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।

### माल्यार्पण कर नवमतदाता का किया सम्मान

अभियान के दौरान कार्यक्रम प्रभारी सतीश मिश्रा ने नवमतदाता बने कनकुआ निवासी चंद्रभान अहिरवार का माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए कहा कि मताधिकार हमारी लोकतंत्र में सहभागिता सुनिश्चित करता है। यह हमारा मूल्यवान अधिकार ही नहीं, राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए आवश्यक है कि नवमतदाता उत्साह के साथ देश के विकास के लिए आगे आकर लोकतंत्र रुपी महायज्ञ में वोट रुपी आहुति अवश्य दें।

## योगासन प्रतियोगिता में तेजस्वी यादव प्रथम

- शहर के राजकीय वीरभूमि डिग्री कालेज में हुई प्रतियोगिताएं

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिला योगासन खेल संघ महोबा के तत्वावधान में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिलाशा सौरभ तिवारी एवं जिला योगासन खेल संघ के मुख्य संरक्षक वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सुशील बाबू, एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेमचंद सोनी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। योगासन की इस प्रतियोगिता में 9 से 55 वर्ष के पुरुष एवं महिला वर्ग की प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में परंपरागत योग, कलात्मक योग, लयबद्ध योग की विभिन्न आयु वर्ग की



प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। बालिका वर्ग में केंद्रीय विद्यालय महोबा की तेजस्वी यादव प्रथम, कल्पना यादव द्वितीय व निष्ठा सिंह तृतीय स्थान पर रही। सब जूनियर की बालक वर्ग के परंपरागत योग स्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय महोबा के प्रवीण सिंह प्रथम स्थान पर एवं माधव इंटरनेशनल स्कूल महोबा के दिव्य दीप सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर बालिका वर्ग में अनामिका खरे तथा सीनियर बालक वर्ग में वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा के पवन विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान एवं हर्षवर्धन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक संतोष, भारती सुल्लेरे द्वारा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्रों वितरण किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका सरोज यादव, शमा यादव, पूनम अग्रवाल, माया अग्रवाल, तृप्ति त्रिवेदी, मुक्ता सक्सेना, प्रशांत सक्सेना एवं प्रवीण शर्मा द्वारा निभाई गई। जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष देवेश खरे, सचिव विभावरी गुप्ता, उपाध्यक्ष आरती शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपिका बैंसला आदि मौजूद रहे। संचालन अपर्णा नायक ने किया।

### बेसहारा बंदी की करायी गयी जमानत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद कारागार में बन्दी चुन्नू कुमारनिवासी-बेलथान थाना-बख्तियारपुर जिला पटना( बिहार) को थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा सुमेरपुर के पास से दो माह पहले तमंचा,मोवाइल व जेवरात बरामद किये थेमाल चोरी का था जिसकी रिपोर्ट कानपुर में दर्ज है। उसे दोनों मुकदमो में जेल भेज दियागया था। जेल निरीक्षण के दौरान उसने लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफलीगल ऐड डिफेंस काउंसिल आनन्द कुमार सक्सेना व डिप्टी चीफलीगल ऐड डिफेंस काउंसिल श्री हरिनाम सिंह और असिस्टेंट लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल फ़िरोज़ आलम व सत्यम को बताया की वह बिहार का रहने वाला है मेरा कोई पैरोकार नहीं है और मेरे पिता जी भी ख़त्म हो गये है मेरे परिवार में कोई नहीं है मैं बहुत गरीब व्यक्ति हूँ मेरे पास से कोई बरामदगी न होने पर भी पुलिस ने मुझे झूठा फ़सा कर गलत बरामदगी दिखाकर किसी चोरी के मुकदमे के अभियुक्त की तालाश के दाबाव में आकर मुझ निर्दोष को पुलिस ने जेल भेज दिया उसका कोई पैरोकार न होने के कारण बिधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती गीतांजली गर्ग को उसके द्वारा प्रार्थनापत्र दिया गया जिसमें सीजीएम कोर्ट से उसकी जमानत करायी गयी।

## पत्रकार की हत्या के विरोध में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने सौंपा ज्ञापन

(महोबा), समृद्धि न्यूज।

पत्रकारों को न्याय एवं सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे संगठन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के महोबा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र नायक के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी महोबा के माध्यम से राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश शासन के नाम पत्रकारों के द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें कहा गया है कि जनपद जौनपुर स्थित शाहगंज कोतवाली के अंतर्गत इमरानगंज बाजार में टीवी चैनल के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या कर दी गई है, जौनपुर में दिन दहाड़े कोतवाली स्थित शाहगंज के इमरानगंज बाजार में सोमवार को सुबह एक टीवी चैनल के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव उम्र 48 वर्ष की गोलियों से मारकर हत्या कर दी गई है राष्ट्रीय



पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 इस घटना की घोर निन्दा करता है सरकार से मांग करता है कि मृतक के परिवार को 5000000 की आर्थिक सहायता एवम पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान की जाये ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है वही आज खतरे से खाली नहीं है पत्रकारों के ऊपर आए दिन आरोप प्रत्यारोप लगते रहते हैं वजह मात्र यह है की पत्रकार बंधुओ द्वारा निरंतर समाज की समस्याओं को विभाग व सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखता है उसे जो भी दबाने का प्रयास करेगा हमारा संगठन उसका विरोध करेगा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की ओर से माननीया राज्यपाल महोदय को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन द्वारा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की जाए और पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए पत्रकार सुरक्षा बिल लागू किया जाए जिससे देश का चौथा स्तंभ सुरक्षित रहे, ज्ञापन देते समय शिवकुमार सोनी, आनंद तिवारी, जुगुल किशोर द्विवेदी , अनुज तिवारी, जतन सिंह, हरिओम सोनी सहित एक दर्जन से अधिक पत्रकारों की मौजूदगी रही।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार की दर्दनाक मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के जैतपुरा और मानपुरा के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। लवेदी थाना क्षेत्र में साइकिल सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना में बताया गया कि जैतपुर और मनापुरा के पास चन्दपुरा निहालसिंह के रहने वाले 54 वर्षीय बृजेन्द्र सिंह जो लखना बाजार से घर जा रहे थे, तभी मानपुरा और जैतपुरा के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई।पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भेजा। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित करते हुए शव को शव गृह में रखाया है। डॉक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## ट्रैक्टर से कुचलकर छात्रा की मौत, एक अन्य छात्रा घायल

कुरारा, (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

- नाराज ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को किया आग के हवाल

थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव के पास मौरम लेकर जा रहे टैक्टर ट्राली के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाकर सड़क किनारे से चल रही स्कूटी सवार छात्रा को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।चालक को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर थाने में बैठाया है। अक्रोशित भीड़ ने टैक्टर ट्राली को आग के हवाले कर दिया जो कि मौके पर जल कर खाक हो गया।

दमकल दस्ते ने दो घंटे बाद मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। पुलिस के मुताबिक कुरारा के इंग्लिश मीडियम स्कूल से पढ़कर वापस अपने गांव जा रही स्कूटी सवार दो छात्राओ को कस्बे से मौरम लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनो सड़क पर गिर गई। जिसमे एक छात्रा ट्रैक्टर से बुरी तरह कुचल कर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल छात्रा शुभी सिंह पुत्री अर्जुन सिंह निवासी मिस्त्रीपुर को इलाज के लिए सीएचसी कुरारा भेज दिया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक छात्रा कौशकी(7) कक्षा दो में पढ़ती थी।

अपनी मां पूजा सिंह के साथ विद्यालय आती थी। पूजा सिंह इसी विद्यालय में शिक्षक है। मृतक के पिता अजीत सिंह मिस्त्रीपुर गांव स्थित आर्यावर्त बैंक में दैनिक वेतन कर्मचारी है।घटना की जानकारी मिलते ही गांव सहित आसपास के गांवों के हजारों लोग मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ ने टैक्टर ट्राली को आग के हवाले कर दिया। जो जलकर खाक हो गया है। दमकल दस्ते ने दो घंटे बाद जाकर आग बुझाई। भीड़ ने सड़क मार्ग में जाम लगा दिया। तथा थाना प्रभारी योगेश तिवारी के समझाने पर तीन बजे जाम खुला। तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना से मृतक बच्ची के परिजनों का रोकर बुरा हाल है। मां बार बार बेहोश हो रही थी। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस ने दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

# विपक्ष ने चार चरणों के बाद मानी हार: योगी



**उतरौला,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रेहरा बाजार इटावा के बनघुसरा के चुनावी सभा में विपक्षी दलों पर जमकर प्रहार किया। गोंडा से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के पक्ष में आयोजित जनसभा को योगी आदित्यनाथ ने संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण के औचित्य पर सपा व कांग्रेस की ओर से लगातार आ रहे बयान पर दोनों दलों को निराशा में डूबा बताया। मुख्यमंत्री ने गोंडा लोकसभा के रेहरा बाजार के इटवा में सपा और कांग्रेस के नेताओं पर तंज करते हुए कहा कि उन्होंने तो चार चरण के चुनाव में ही हार मान ली है। और अब हताश और निराश होकर भगवान श्री राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। कोई राम मंदिर निर्माण के औचित्य पर सवाल उठता है। तो कोई मंदिर से जनता के लाभ की बात करता है। बात-बात पर राम मंदिर को लेकर भाजपा से सवाल करने वाले लोगों को राम मंदिर इसलिए खराब लगा कि क्योंकि या वही लोग हैं जो आतंकियों की पैरवी करते रहे हैं। विपक्षी दलों पर आतंकियों की पैरवी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष ने श्री राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए होते तो वाराणसी के संकट मोचन मंदिर और कचहरी पर आतंकी हमले नहीं होते। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार चरणों में लोकसभा का आधार चुनाव संपन्न हो चुका है। चुनाव प्रचार के क्रम में देश के नौ राज्यों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। हर जगह एक ही स्वर गूंज रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार। जनता कह रही है जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, हम उनको लाएंगे। जिन्होंने राम राज्य की परिकल्पना को साकार किया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह विधायक राम प्रताप वर्मा गौरा विधायक प्रभात वर्मा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ सहसंयोजक अनूप गुप्ता,नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सविता गुप्ता, लक्ष्मी रतन गुप्ता,ब्लाक प्रमुख पंकज सिंह चौहान, राकेश तिवारी , विधायक विनय द्विवेदी , विधायक प्रतीक भूषण सिंह। रमेश चंद्र त्रिपाठी , सत्रुहन मिश्र , रमेश चंद्र चौहान , यूं पी सिंह ,राम बहोर वर्मा , प्रमोद तिवारी,सानू सिंह,मोनू सिंह ,राम करन मिश्र व डिप्टी सिंह व अनिल सिंह कल्प नाथ दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पिता ने बेटे की गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी

**जालौन (उरई)।** पिता के पास जा रहा बेटा अपने पिता के पास नहीं पहुंचा है। पिता ने बेटे की गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के जालौन निवासी इकबाल ने पुलिस को बताया कि वह हापुड़ में पानी पूरी का काम करते हैं। कुछ समय पूर्व उनका 24 वर्षीय बेटा इरशाद घर आया था। घर आने के बाद बीती 10 मई को उन्होंने पुत्र को वापस बुलाया तो 10 मई की शाम वह घर से हापुड़ आने लगा। लेकिन तबसे वह हापुड़ नहीं पहुंचा है। उसका नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है। बेटे के हापुड़ न पहुंचने पर उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पिता ने बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

# 42800 कीमत के खोए दो मोबाइल बरामद



चोरी गये मोबाइलों को वापस करती पुलिस।

**माधौगढ़, जालौन समृद्धि न्यूज।**

पुलिस की सक्रियता से खोए हुए दो मोबाइलों को बरामद कर लिया गया। खोए हुए मोबाइलों की कीमत 42800 रुपये थी। मिलने के बाद उन मोबाइल को कोतवाली में वापिस किये गए।

टेक्नोलॉजी का विकास हुआ तो लोगों को फायदा भी मिला और नुकसान भी हुआ। पहले मोबाइल खोने पर लोग मन मार के बैठ जाते थे कि अब मिलना मुश्किल है। पर टेक्नोलॉजी बढ़ी तो एंड्रॉयड मोबाइल के खोने या चोरी के बाद उनका मिलना आसान हो गया।

29 अप्रैल 2024 को अनूप प्रताप सिंह पुत्र अरविंद सिंह निवासी बंगरा थाना माधौगढ़ का वन प्लस मोबाइल खो गया था,वहीं पप्पू सिंह पुत्र स्व0 राम सिंह निवासी मिझौना का भी रियल मी सी-20 खो गया था। जिसके लिए दोनों लोगों ने माधौगढ़ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। कम्प्यूटर ऑपरेटर हेड कॉन्स्टेबल इरशाद को खोए हुए मोबाईल को बरामद करने की जिम्मेदारी मिली। इरशाद ने खोए हुए दोनों मोबाइलों को रिकवर कर लिया। उसके बाद कोतवाली में दोनों मोबाइल वापिस किये गए। मोबाइल पाकर दोनों लोग खुश हो गए।

पुलिस के सहयोगात्मक प्रयासों से मोबाइल का बिना कुछ डेटा डिस्टर्ब हुए उन्हें ढूंढ लिया गया। पुलिस ने कहा कि मोबाइल गुम हो जाने की सूचना जैसे ही पुलिस को दी जाएगी,पुलिस जल्द से जल्द खोए, चोरी किये गए मोबाइल को बरामद करने का प्रयास करेगी।

# दुर्घटना का शिकार बना बाइक सवार, अस्पताल में भर्ती

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

बाईक पर सवार होकर झाँसी से कानपुर का अकेले सफर कर रहा वृद्ध हाईवे पर हादसे का शिकार हो गया। राहगीरों ने गम्भीर अवस्था में उसे सीएचसी में दाखिल कराया है।

सूत्रों की माने तो रामकृष्ण उपाध्याय झाँसी के राजगढ़ में रहते हैं उनके पुत्र सहित अन्य पारिवारिक लोग सरकारी सेवा में है जिससे वह नितान्त अकेले है। शुक्रवार भोर पहर वह बाईक पर सवार होकर राजगढ़ से कानपुर के लिए निकले थे लेकिन वह नगर सीमा पार कर पाते इससे पहले उनकी बाईक अनियंत्रित होकर आटो से टकरा गई थी जिससे वह गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये थे हालाकि मौके पर मौजूद लोगों ने रक्तरंजित अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया था जँहा डॉक्टरो ने उनको प्राथमिक इलाज के बाद उच्च संस्थान के लिए रिफर किया था लेकिन बृद्ध ने परिजनो के न आने तक कही भी जाने से इनकार कर दिया था और दुर्घटना की जानकारी अपने परिजनो को दी थी। दोपहर बाद मौके पर आये घायल के परिजन उन्हें इलाज के लिए कानपुर ले गये हैं। इलाज करने वाले चिकित्सक डॉ गोपाल जी द्विवेदी के अनुसार वृद्ध को हादसे में काफी चोटे आई है। वही पुलिस के अनुसार बृद्ध काफी दूर से बाईक चलाकर आ रहा था इसी वजह से उनका संतुलन बिगड़ गया था और वह घायल हो गए हैं।

# आधे से अधिक गांव में अब तक शुरू न हो सकी जलापूर्ति

- गिधौसा में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी हर घर नल से जल योजना
- घरों में कनेक्शन करने के बाद अपनी जिम्मेदारी भूले अधिकारी



शोपीस बनी गांव में निर्मित पानी की टंकी।

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

लगभग दो वर्ष पूर्व गांव में पानी की टंकी के निर्माण के साथ ही घरों में कनेक्शन भी दे दिए गए। लेकिन अब तक आधे से अधिक गांव में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पानी की आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है।

नमामि गंगे योजना के तहत केंद्र सरकार ने हर गांव में हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने की घोषणा की थी। योजना के तहत चयनित गांवों में पानी की टंकी कर निर्माण करा दिया गया है। लगभग दो वर्ष पूर्व सभी चयनित गांवों में पानी की टंकी बनकर तैयार है। बोरिंग के साथ ही गांव में पाइप लाइन डालकर घरों में पानी के कनेक्शन भी दे दिए गए। लेकिन कई गांव ऐसे भी हैं जहां अभी तक लोग नलों से पानी की बूंद टपकने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसा ही मामला ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गिधौसा का है। गांव के कृष्णकुमार प्रजापति ,सोनू गुर्जर, महेंद्र कुमार, राजाराम, सुरेश आदि बताते हैं गांव में पानी की टंकी का निर्माण हुए दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। योजना के तहत गांव में पानी की पाइप लाइन भी डाल दी गई है। लेकिन पाइप लाइन छोटी होने के चलते आधे से अधिक गांव में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

जिसके चलते इस गर्मी में लोग पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की जा चुकी है। लेकिन कोई भी समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत नहीं है। जिसके चलते इस योजना का लाभ सभी लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने डीएम से मांग करते हुए कहा कि गांव में सभी घरों तक पानी की सप्लाई पहुंचाए जाने की व्यवस्था की जाए। ताकि गांव के लोगों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।



## पारिवारिक बंटवारे का विवाद पहुंचा कोतवाली

**जालौन,उरई।** पारिवारिक बंटवारे को लेकर तीन भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी तिलक सिंह, सुंदर व दीपक के बीच पारिवारिक बंटवारे को लेकर अनबन है। इसी को लेकर शुक्रवार की सुबह तीनों भाइयों के बीच विवाद होने लगा। बातचीत से शुरू हुआ विवाद गाली, गलौज तक पहुंच गया। जब तीनों ही नहीं माने तो उनके बीच हाथापाई होने लगी। वहां मौजूद लोगों ने समझाने की कोशिश की तो भी नहीं माने। जिसके बाद उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**माधौगढ़, जालौन।** अज्ञात कारणों के चलते रवि पुत्र शीतल निवासी भीमनगर थाना माधौगढ़ ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई,उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। युवक ने फांसी उस समय लगाई,जब घर के सभी सदस्य विवाह समारोह में आल( कुठौंद) गए हुए थे। मृतक की 10 वर्ष पूर्व शादी हुई थी,जिसके एक पुत्र व एक पुत्री है।

### रंगबाजी को लेकर ग्रामीण ने युवक से की मारपीट

**जालौन,उरई।** रंगबाजी को लेकर ग्रामीण ने युवक के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी और युवक समेत परिजनों को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी प्रत्यूष ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही संजय सिंह अक्सर उससे विवाद करते रहते हैं और धमकाते हैं। गुरुवार को रंगबाजी को लेकर उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। जब उसने रोकने की कोशिश की तो परिजनों को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सलाघाट में श्रद्धालुओं के स्नान पर लगा प्रतिबंध




**उरई,जालौन।** जनपद जालौन कि सीमा में प्रवाहित बेतवा नदी के तहसील कोंच एवं थाना कोटारा के अंतर्गत सला घाट पर स्नान करने के उद्देश्य से जाने वाले श्रद्धालुओं की नदी में डूबने एवं उनकी मृत्यु की घटनाएं घटित होने के प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सला घाट पर श्रद्धालुओं को स्नान करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए घाट पर प्रॉपर वैरीकेटिंग व सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं व्यापक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए, सुरक्षित स्थान पर श्रद्धालु स्नान कर सकते हैं। सला घाट पर असुरक्षित गहरे पानी वाले क्षेत्र को निषेध किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोटारा व खण्ड विकास अधिकारी उक्त स्थल पर आईपी कैमरा अधिष्ठापन सुनिश्चित करेंगे, अधिशासी अभियंता सिचाई, बेतवा नहर प्रखंड प्रथम उरई बेतवा नदी के सला घाट क्षेत्र का सीमांकन करते हुए बैरिकेडिंग करेंगे।

### पट्टे में मिली जमीन पर दबंगों ने जमाया कब्जा

**कालपी,जालौन।** किसान को पट्टे में मिली जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवकली निवासी लालदास के अनुसार शासन ने उसे मौजा मुन्दसपुर में 146 एअर जमीन का पट्टा दिया हुआ था लेकिन जमीन वेशकीमती एवं सडक के किनारे स्थित होने के चलते उसकी जमीन पर गांव के ही दबंगों ने कब्जा कर लिया था जिसको कब्जामुक्त कराने के लिए वह कयी वर्ष से थाना और तहसील में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत करता आ रहा था तब कही जाकर तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ उसकी भूमि की नापजोख कराई थी।

# प्राधिकरण सचिव ने की एलडीएम के साथ बैठक



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा द्वितीय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।यह बैठक आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक से संबंधित आधिकाधिक वादों के को निस्तारित कराए जाने हेतु बैंक आफ बडौदा एलडीएम के साथ की गई।बैठक में अधिक से अधिक वादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराए जाने की निर्देश दिए गए जिससे आम जनमानस सुलह समझौते के आधार पर लाभान्वित हो सके।

# विधायक से की हाईवे पर दो अंडर पास बनवाने की मांग

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



एक बार फिर उठी नगर में दो अंडरपास बनवाने की मांग इस बार नगर के प्रमुख बुद्धजीवियों ने विधायक विनोद चतुर्वेदी से उक्त संबंध में बात कर समस्या के समधान की मांग की है।

आपको बताते चलें कि नेशनल हाइवे 27 नगर के मध्य से लगभग डेढ़ दो किलोमीटर निकला है जिसमें मात्र तीन अंडर पास है जबकि सबसे व्यस्त दुर्गा मन्दिर चौराहा और अमलतास तिराहे पर अंडर पास न होने से सैकड़ों दुर्घटाएं हो चुकी हैं इसे लेकर नगर के तमाम बुद्धजीवियों अधिवक्ताओं व्यापारियों और समाजिक संगठनों ने तमाम जनप्रतिनिधियों और हाईवे अथार्टी से इन दो स्थानों पर अंडरपास बनवाने की मांग की पर आज तक इस भारी समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

इसको लेकर एकबार फिर लोगों ने विधायक विनोद चतुर्वेदी के सामने अपनी बात रखी लोगों का कहना है वर्तमान विधायक विनोद चतुर्वेदी का कार्य बहुत ही सराहनीय है। आपने ऐसे ऐसे कार्य इतने कम समय में कराए हैं जिसकी मांग दशकों से नगर तथा क्षेत्र की जनता करती आ रही थी। इसलिए लोगों को विधायक विनोद चतुर्वेदी से उम्मीदें अधिक बढ़ गई और लोगों ने पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि अगर विधायक विनोद चतुर्वेदी चाह लें तो जनता को इस भारी दिक्कत से छुटकारा मिल सकता है। इस सम्बन्ध में गुरूवार को मनोज चतुर्वेदी के आवास आए कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी से नगर के तमाम गणमान्य लोगों ने जिनमें अशोक बाजपेई, कमर अहमद एडवोकेट, रामकुमार तिवारी, राजू पाठक पत्रकार हरिश्चंद्र दीक्षित, मनोज पाण्डेय, अनुराग पंडित, अवधेश बाजपेई आदि ने अडंर पास बनवाए जाने की मांग की। जिस पर विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा आपकी मांग जायज है इसके लिये चुनाव के बाद सम्बन्धित मंत्रालय मे पुरजोर तरीके बात रखेंगे। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा की जनपद की सबसे पिछड़ी विधानसभा है कालपी क्षेत्रफल के हिसाब से भी सबसे बड़ी विधानसभा है बीहड़ और यमुना आदि नदियों के चलते भौगौलिक स्थिति भी ठीक नहीं है सिंचाई के साधन पर्याप्त नहीं हैं इसलिए कालपी बिधानसभा में बहुत कार्य करना है। जिसके लिए में दिन रात काम कर रहा हूं। एक सवाल के बाब में कहा कि यमुना को घाटों पर लाने के लिए बैठक हो चुकी है और मेरा विश्वास है जल्द ही इसमें सफलता मिलेगी। इसके अलावा भी कालपी विधानसभा के अन्दर बहुत काम होना है तमाम फाइलें कम्प्लीट है बजट भी आ चुका है चुनाव के बाद सारे कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि द्वापर युग के तमाम अवशेष हैं धार्मिक नगर कालपी में मेरा प्रयाश है कि इस पौराणिक नगर का विकास पर्यटक स्थल की तर्ज पर हो और कालपी को पर्यटन स्थल घोषित किया जाये आप सभी को सहयोग और मेरा प्रयास मिलकर काम करेंगे तो कोई काम हो सफलता अवश्य मिलेगी।

# युवक ने नाबालिग से मंदिर घुमाने के बहाने रास्ते में किया दुष्कर्म

**कुठौंद,सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

थाना कुठौंद क्षेत्र के अंतर्गत जालौनी माता मंदिर पर घुमाने के बहाने मल्थुआ निवासी प्रधान प्रतिनिधि सत्येन्द्र पुत्री नरेंद्र चौधरी 15 मई 2024 को रात्रि के समय अधेड़ युवक की नियत बदलती देर नहीं लगी और नाबालिक के साथ रास्ते में ही वावली गांव के समीप दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा थाना कुठौंद पुलिस को दी गई जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने संधिग्ध अवस्था में अघेड़ युवक तथा नाबालिक को पकड़ा इसके बाद पूंछतांछ करने के दौरान नाबालिक के द्वारा बताया गया मंदिर घूमने के बहाने मुझे साथ लेकर आए मल्थुआ निवासी सत्येंद्र पुत्र नरेंद्र चौधरी और इसने हमारे साथ रास्ते में ही दुष्कर्म किया! जिसकी सूचना नाबालिक के पारिवारिक जनों को दी गई सूचना मिलते ही पीड़िता की मां शशि देवी पत्नी मुन्नेश निवासी ग्राम मल्थुआ थाना सिरसा कलार जनपद जालौन थाना कुठौंद आयी इसके बाद पीड़िता की मां के द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष कृष्ण पाल (सरोज) को देकर बताया कि मेरी पुत्री की आयु लगभग 17 वर्ष की है। जिसके साथ सत्येंद्र पुत्र नरेंद्र चौधरी ने मेरी ना वाले पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और उसकी मारपीट भी की गई और मारपीट करने के उपरांत अघेड़ युवक ने मेरी पुत्री को इस घटना की जानकारी की बात किसी से न कहने को भय व्यापत करते हुए मना किया।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



सुल्तानपुर से गोंडा जाते समय समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का देवकली बाईपास पंचशील होटल के सामने भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रहे हैं।पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में जो भी विकास कार्य हुआ है उसे जनता आज भी याद कर रही है।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव ने बिना भेदभाव के सभी वर्गों के विकास का काम किया है और जनता उन्हें आशा भरी निगाहों से देख रही है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद भारी बहुमत से चुनाव जीतकर केंद्र में अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करेंगे। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से आम जनता परेशान है। सभी वर्ग भाजपा सरकार से निजात चाहते हैं। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम वरिष्ठ नेता बलराम मौर्य संजय विद्यार्थी जय सिंह यादव बृजेश सिंह बैचलर ओपी पासवान अंसार अहमद बबन फैसल हुसैन जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद राशिद खान अरुण यादव जितेंद्र यादव सूर्यभान यादव वीरेंद्र गौतम सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## चुनाव के अंतिम दौर में आयी प्रत्याशियों को गैर प्रांतों में रहने वाले मतदाताओं की याद

**जालौन,उरई।** जालौन, गरौठा, भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र से जनपद जालौन की तीन विधानसभाएं आती हैं। उरई-जालौन, कालपी व माधौगढ़ इन तीनों विधानसभाओं में तकरीबन 30 से 40 हजार वोटर दूसरे जिलों में या फिर दूसरे प्रदेशों में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे है। यदि यह वोटर मतदान तक आ जाते हैं तो चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इस बार प्रत्याशियों के बीच कांटे टक्कर होने से प्रत्याशियों के समर्थक गांव-गांव जाकर बाहर से वोटरों को बुलाने की बात कर रहे हैं। हाल ही में सैंकड़ों की संख्या में वोटर चार धाम की यात्रा पर भी गए हैं।

घर आ जा परदेशी, तेरा वोट बुलाए रे की तर्ज पर चुनाव की तिथि नजदीक आते ही सभी पार्टियों के प्रत्याशियों को बाहर गए वोटरों की याद सताने लगी है। प्रत्याशियों की निगाहें उन वोटरों पर गई हैं जो या तो दूसरे जिले में या फिर दूसरे राज्य में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पहले जहां इन वोटरों को गांव में होने वाले ग्राम प्रधान के चुनावों में ही याद किया जाता था। लेकिन इस बार भी प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर होने से उन्हें लगाता है कि बाहर गए हुए वोटर उनके चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है एसबीआई शाखा चोपन

**चोपन,सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

- दूर दराज से आ रहे बैंक ग्राहकों को उठानी पड़ रही परेशानी

नगर के वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा चोपन बिते कई महिनो से स्टाफ की कमी से जूझ रहा है जिसके चलते बैंक ग्राहकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है दूर दराज से आने वाले ग्राहकों को बैंक कर्मचारी न रहने से हलकान होना पड़ रहा है जिस कारण लगभग 50 हजार से अधिक ग्राहकों का लेनदेन प्रभावित हो रहा है समस्या को लेकर लगातार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो पा रही है इससे खाता धारकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है बैंक अफसर की लापरवाही का खामियाजा स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा चोपन से जुड़े हजारों ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है 7 जानकारी के मुताबिक बैंक शाखा में बीते तीन-चार माह से कर्मचारियों की भारी कमी है बैंक में 4 कर्मचारियों की आवश्यकता है इसके सापेक्ष दो कर्मचारी ही तैनात हैं जिससे बैंक शाखा में लेनदेन करने वाले ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# श्रेया वर्मा ने हाशिमपारा में किया जनसम्पर्क



**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

गोंडा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने उतरौला विधानसभा क्षेत्र के हासिमपारा, पिपराराम, ईंटईरामपुर, बाक बाजार, दतलूपुर, शाहपुर ईंटई समेत दर्जनों गांवों का भ्रमण कर जनसंपर्क किया। जन सम्पर्क करते हुए समाजवादी पार्टी प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने कहा कि पीडीए एक सच्चा लोकतांत्रिक जनबंधन है, जिसमें हमारे साथ जनता सीधे जुड़ रही है। पीडीए एक ऐसा जन आंदोलन है जिसमें पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य सभी शामिल हैं। सच्चे लोकतंत्र की तरह इसकी दिशा नीचे से ऊपर की ओर है। विधानसभा प्रभारी मलिक एजाज ने कहा कि सभी वर्गों को आगे लाने का प्रयास कर रही है जो सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक पैमाने पर शदियों से वंचित और शोषण रहे वर्गों को आगे लाने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा हर वर्ग के शोषितों को आगे करने का काम कर रहे है। प्रदेश सचिव अंसार अहमद खां ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को विजय बनाने का आश्वासन देते हुए कहा कि पीडीए एक ऐसा जन आंदोलन है जो हर वर्ग को एक साथ लाने का काम कर रही है। इस मौके पर अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष बहलोल नियाजी, डॉ एहसान खान, विजयपाल यादव प्रधान,गन्ना चैयरमेन अतीक अहमद खां, राकेश यादव, रामदयाल यादव,नागर दादा सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पुलिस प्रेक्षक ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**दुद्धी, सोनभद्र।** पुलिस प्रेक्षक आरबी दहले ने शुक्रवार की दोपहर स्थानीय क़स्बा स्थित पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और मतदान के दिन विशेष सुरक्षा के बावत पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय दुद्धी प्रथम व पूर्व माध्यमिक कन्या विद्यालय पर बने बूथों का बारी बारी से निरीक्षण किया और बूथों पर चल रहे तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद वे कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सीओ प्रदीप सिंह चंदेल , प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह ,क़स्बा चौकी इंचार्ज रामअवध यादव मौजूद रहें बता दे कि उक्त बूथों पर क़स्बे के मतदाता 1 जून को मतदान करेंगे

## सूचना

पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SHOBA KANWAR दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHOBHA KANWAR है। Shobha Kanwar W/O No. 3012679L Rank Nk Roop Singh Bhati, Unit 22 Rajput, Vill Ram singh Nagar Meriya Deriya Jodhpur, Rajasthan Pin 342306.

# नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की ट्रैफिक पुलिस ने की चेकिंग





**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने कन्नौज बस स्टैंड से

▸ **ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर ट्रैक्टर ट्रालियों में लगाए रिफ्लेक्टर**

लेकर मंडी समिति बैरियर चेक पोस्ट तक नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की अभियान चला कर चेकिंग की। जिसमें एक वाहन चालक नशे की हालत में पाया गया, जिसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। कई वाहन चालकों को यातायात प्रभारी द्वारा ब्रेथ एनालाइजर से अल्कोहल की मात्रा चेक की, परंतु अधिकांश वाहन चालक नशे की हालत में नहीं मिले।ब्रेथ एनालाइजर द्वारा चेक करते समय कई वाहन चालकों द्वारा बताया गया कि ब्रेथ एनालाइजर की चेकिंग से बचने के लिए वाहन चालकों द्वारा ड्राइविंग करते समय शराब पीना छोड़ दिया है। वहीं ट्रैक्टर ट्रालियों में यातायात पुलिस द्वारा रात्रि में चमकने वाले रिफ्लेक्टर लगाए गये। रिफ्लेक्टर लगाते समय ट्रैक्टर चालकों को यातायात प्रभारी द्वारा जागरूक भी किया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। शराब पीकर वाहन चलाने से कितने परिवार बर्बाद हो जाते हैं। बहुत ही अच्छे ढंग से वाहन चालकों को समझाया।

# विद्युत समस्या को लेकर सभासदों ने किया एसडीओ व जेई का घेराव

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**भीषण गर्मी** में अघोषित विद्युत कटौती की समस्या जूझ रहे नगरवासियों की समस्या को संज्ञान में लेकर सभासदों ने विद्युत उपकेन्द्र का घेराव कर एसडीओ व जेई से वार्ता कर समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की जिसपर मौजूद अधिकारियों ने समस्या के निस्तारण का भरोसा दिलाया।

शुक्रवार को नगर में विद्युत कर्मियों द्वारा मनमानें ढंग से की जा रही विद्युत कटौती की समस्या को सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, शिवा गुप्ता, सभासद विपिन चौरसिया, सुरेंद्र राठौर, परमजीत, दीपक गुप्ता, जीतू गुप्ता, सोनू सैनी, कपिल यादव नें संज्ञान में लेकर एसडीओ ब्रजेश कमार एवं जेई विकास कुमार के समक्ष दो वार्डों में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढबाये जानें एवं ट्रिपिंग की समस्या से अवगत कराया गया। जिसपर एसडीओ ब्रजेश कुमार द्वारा बताया गया कि जल्द ही समधन फीडर को इंदुईयांगज फीडर से जोडनें का कार्य किया जायेगा जिससे नगर में लोड की समस्या समाप्त हो जायेगी। साथ ही बताया कि लोड कम करनें के लिये प्रतिदिन नगर के वार्डों में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया जायेगा।



एसडीओ से वार्ता करते सभासद — समृद्धि न्यूज

# छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

▸ **मेरा आंगन मेरी हरियाली के तहत हुआ स्वच्छ सारथी क्लब का गठन**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** तालग्राम में मेरा आंगन मेरी हरियाली के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने एक-एक पौधा रोपित कर लोगों को पौधरोपण के लिये प्रेरित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने श्लोगनों के माध्यम से आओ मिलकर निर्माण करें अधिक पेड़ लगाकर धरती का श्रंगार करें।

स्वच्छ सारथी क्लब नें छात्र-छात्राओं को स्वच्छ भारत मिशन एवं पर्यावरण संरक्षण के सम्बंधित चित्र प्रतियोगिता कराई गई। इस दौरान नगर पंचायत लिपिक दीपक सविता ने बताया कि कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ ही अध्यापकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत आने वाले निकाय के समस्त स्कूलों, कॉलेजों में स्वच्छ सारथी क्लब का गठन किया गया है। इसके लिए नगर विकास विभाग की ओर से बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर इस अभियान से जुड़ने की अपेक्षा की गई है। स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रमों को बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों व अध्यापकों को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सविता, नितेश सिंह, अनुज कुमार, रवीश चंद्र, सर्वेश कुमार, राम वेदी शर्मा, आमिर आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



पौधरोपण के लिये जागरूक करते बच्चे पंचायत कर्मी — समृद्धि न्यूज

# तिर्वा में हुआ सचल न्यायालय का आयोजन सात मुकदमे निस्तारित

▸ **नगर पंचायत कार्यालय में ग्राम न्यायालय की न्यायाधीश ने निपटाएं मामले**

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत** तिर्वा के कार्यालय में जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर पहली बार सचल न्यायालय का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर ग्राम न्यायालय तिर्वा के न्यायाधीश ने सात मुकदमों का निस्तारण किया। कुछ पर जुर्माना भी लगाया। तिर्वा तहसील स्थित ग्राम न्यायालय की न्यायाधीश दीपान्शु चैधरी के बताया कि लोगों को सस्ता, सुलभ व त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए जनपद न्यायाधीश ने प्रयास शुरू किए है। इसको लेकर सचल न्यायालय का आयोजन शुरू किया गया है। नगर पंचायत तिर्वा के कार्यालय में सचल न्यायालय का आयोजन हुआ है। जिसमें सुलह समझौते के आधार पर सात लंबित मुकदमों का निस्तारण कर दिया गया है। इसमें 29500 रूपए का जुर्माना भी वसूला गया है। उन्होने बताया कि इस तरह के आयोजन निरंतर चलते रहेगें। इस मौके पर श्याम सोनी, संजय सविता, आशुतोष चैहान, अनुज कुमार यादव, मो.शहीद, अमित राजपूत, अनिल यादव सहित कई अधिवक्ता व ग्राम न्यायालय का स्टॉफ मौजूद रहा।

# खबरें चलते-चलते

## पूर्व चेयरमैन को दी धमकी ,मुकदमा दर्ज



**छिबरामऊ कन्नौज।** लोक सभा चुनाव मे मतदान के बाद भाजपा नेता और पूर्व चेयरमैन को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले मे एक युवक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया है।नगर के मोहल्ला तालाब कला निवासी पूर्व चेयरमैन और भाजपा नेता दिनेश यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार की रात ग्राम गुलरिया निवासी मंटू यादव पुत्र वेदराम ने अपने साथी के मोबाइल फोन से विचपुरवा निवासी उनके रिश्तेदार धीरज यादव पुत्र राजेन्द्र सिह के फोन कर गाली-गलौज की और उन्हे जान से मारने की धमकी दी।

## सोशल मीडिया पर सनातनी आस्था से खिलवाड़, लोगों ने जताई नाराजगी

**छिबरामऊ कन्नौज।** सूचना और समस्याओ की जानकारी के आदान प्रदान के लिए सोशल मीडिया एक प्रभावी मंच है।वही दुसरी तरफ यह अफवाहे और माहौल बिगाडने का भी मंच है। मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम संचालक गौरव त्रिपाठी अमर निवासी वनवारी नगर ने बताया कि बहबलपुर निवासी पूर्व सभासद के लडके पंकज शाक्य ने सोशल मीडिया पर फराजी आईडी बनाकर और कई लोग प्रत्यक्ष रूप से समाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से फेसबुक पर पोस्ट कर रहे है।उन्होने बताया कि अज्ञात सोर्स से जहा बहुजन क्रांतिकारी,पियाली राय,सुनील यादव, नाम से अज्ञात फेसबुक आईडी संचालित की जा रही है।दुसरी ओर बहबलपुर निवासी पंकज शाक्य के द्वारा लगातार हिन्दु धर्म की आस्था के प्रतीक भगवान कृष्ण, श्री हनुमान, तथा खाटू श्याम जी के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम के संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने मामले की शिकायत एसपी के अलावा मुख्यमंत्री से कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## पॉक्सो एक्ट में दोषी पाते हुये 3 वर्ष का कारावास तथा 9,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये

**छिबरामऊ कन्नौज।** अवगत कराना है कि अभियुक्त द्वारा नाबालिक पीडिता के साथ उसके घर मे घुसकर छेड-छाड करने के सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ पर में पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कन्नौज द्वारा अभियुक्त शिवनन्दन पुत्र रुपलाल नि0 भानपुर 3 वर्ष का कारावास व 9,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## प्रतिवादी पक्ष द्वारा बादी पक्ष को लगातार दी जा रही जान से मारने की धमकी

**छिबरामऊ कन्नौज।** तहसील क्षेत्र छिबरामऊ के कोतवाली गुरसहायगंज में अभियोग दर्ज होने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से बांदी पक्ष को प्रतिवादी पक्ष से प्रतियां मिल रही धमकियां। कोतवाली क्षेत्र गुरसहायगंज में लड़की को भाग कर ले जाने का अभियोग 301 / 2024 दर्ज होने के बावजूद प्रतिपक्ष के लोगों द्वारा आए दिन ध्यान से मार देने की धमकी देने का प्रार्थना पत्र बादी पक्ष शेर सिंह पुत्र राजबहादुर द्वारा उच्च अधिकारियों से लगाई गुहार प्रार्थना पत्र रजिस्ट्रेशन डाक से क्षेत्राधिकार पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजा गया।

# भारतीय किसान यूनियन बलराज की बैठक का किया गया आयोजन



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन बलराज राष्ट्रीय अध्यक्ष का लखनऊ दौरा है इसी दौरा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने अपने आवास पर एक आपातकालीन बैठक बुलाई थी सभी पदाधिकारी कल तालग्राम कार्ड पर अध्यक्ष का स्वागत करेंगे इसी को लेकर बैठक किए गए थे इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह जिला अध्यक्ष कन्नौज चौधरी प्रताप सिंह मंडल सचिव आमिर खान प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सौरव यादव जिला सचिव उदयवीर यादव जिला सचिव विनीत यादव जिला संगठन मंत्री देवेंद्र यादव पंकज मोदी प्रदेश सचिव विजेंद्र यादव,कौशल यादव आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, परेशान हुए लोग

▸ **मौसम विभाग ने जताई अगले तीन दिनों 18 से 20 मई तक तापमान अत्यधिक होने से हीट वेव/लू की संभावना**

▸ **धूप एवं लू के प्रभाव से बचाव रखते हुए दोपहर के समय 12 से 3 बजे तक रखें विशेष ध्यान: एडीएम**



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पिछले कई दिनो भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण दोपहर में बाजारों में ग्राहकों की संख्या भी कम हो रही है। शुक्रवार को दिन निकलते ही भीषण गर्मी से लोग जूझे। अत्यधिक गर्मी के कारण दिन भर लोग परेशान नजर आए। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केन्द्र, लखनऊ द्वारा जनपद में अगले तीन दिनों 18 से 20, मई, तक तापमान अत्यधिक होने से हीट वेव/लू की संभावना व्यक्त की गई है। उन्होंने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि जितना हो सके धूप एवं लू के प्रभाव से बचाव रखते हुए दोपहर के समय 12 बजे से 3 बजे तक विशेष ध्यान रखें। यदि कोई जरूरी काम हो तो ही बाहर निकले अगर निकालना भी हो तो गमछा, चश्मा, टोपी या छाते का उपयोग करें। साथ हीपर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ जैसे छाछ, लस्सी, नींबू पानी, आम के पना का सेवन करें। उन्होंने कहा कियात्रा करते समय पानी जरूर अपने साथ रखें एवं हल्के रंग के वस्त्र पहने। उन्होंने बताया कि घर की छत पर चूना / सफेद रंग का पेंट करने से तापमान में गिरावट आ सकती है। धूप में खड़े वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को छोड़कर ना जाए। पक्षियों के लिए पानी और दाने छत पर और पेड के नीचे जरूर रखें। पशुओं को छाया में बांधे और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं। बताया कि लू से प्रभावित व्यक्ति को छाँव में लेटा कर सूती गीले कपड़ों से पोछे या पानी का स्प्रे करें, कम प्रभाव होने पर नहला भी सकते हैं। कमजोरी, सर दर्द, उल्टी आने पर या मांसपेशियों में ऐंठन हो या चक्कर आए तो तुरंत प्राथमिक सहायता ले एवं चिकित्सक से सम्पर्क करें।

## चार के विरुद्ध दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के साथ अभ्रदता व मारपीट करनें सहित धमकी दिये जानें का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पडोसी जनपद हरदोई के थाना देहात के ग्राम खुमारीपुर निवासी रीता देवी पुत्री स्वर्गीय लेखराम कठेरिया द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें कहा गया है कि उसकी शादी दो माह पूर्व क्षेत्र के ग्राम गुगरापुर निवासी विमलेस पुत्र हजूरीलाल कठेरिया के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति विमलेस, ससुर हजूरी कठेरिया, सास छोटी बिटिया, ननंद नंदिनी उपरोक्त ससुराली जनों द्वारा अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल व पचास हजार रुपयों की मांग की गई। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उपरोक्त गणों नें 15 मई की रात उसके साथ गालीगलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# सांसद की पत्नी ने श्रीमद् भागवत कथा में पहुँच लिया आशीर्वाद



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**कस्वे में** श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पधारे कथावाचक पंडित प्रेमसागर पांडे ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया। वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है। भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है।

श्रीमद् भागवत कथा में निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक की पत्नी नेहा पाठक ने पहुँच कर पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर परीक्षित पप्पू पाठक, प्रतिमा पाठक, महिला मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष गीता पाठक, ककून पाठक, पुष्पा पाठक, प्रमोद पाठक, आशीष पाठक, सचिन पाठक, शिवम दीक्षित, विश्वास अवस्थी सहित आदि रहे।

## चुनावी रंजिश में कुल्हाड़ी मारकर किया घायल

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली क्षेत्र** के गुलरेहा गांव में चुनावी रंजिश के चलते दबंगो ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसको घायल कर दिया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में घायल युवक के भाई ने तिर्वा कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गुलरेहा गांव निवासी सत्यम राजपूत पुत्र रामाधार राजपूत ने गांव के ही अनुज, सौरभ पुत्रगण राजेश, राजेश व सन्तराम पुत्रगण आत्माराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि लोकसभा चुनाव में उन्होने अपने समर्थित प्रत्याशी को वोट दिया था। जिसपर विरोधी पक्ष नाराज थे। इस बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब उसके भाई शिवम ने गाली देने से मना किया, तो उसपर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद ने बताया कि जांच की जा रही है।

**प्रबन्धन** | खरपतवारों को नष्ट करने से हानिकारक कीटों एवं सूक्ष्म जीवों के आश्रय नष्ट हो जाने से फसलों पर प्रकोप कम हो जाता है

# ग्रीष्मकालीन कीट रोग एवं खरपतवार नियन्त्रण हेतु प्रबन्धन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**फसलों में** प्रतिवर्ष कीटरोग एवं खरपतवारों से होने वाली क्षति एवं कृषि रक्षा रसायनों के अज्ञानपूर्ण प्रयोग से स्वास्थय पर प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुये कृषि की यान्त्रिक विधियों जैसे मेड़ो की सफाई, गर्मी में गहरी जुताई के साथ-साथ भूमिशोधन, बीजशोधन कर बुवाई करना आवश्यक है। इससे कीट रोग एवं खरपतवारों का प्रकोप कम होगा। साथ ही उत्पादन में वृद्धि होगी। आई0पी0एम0 विधा द्वारा भी कीट रोग पर नियन्त्रण पाया जा सकता है। ग्रीष्मकालीन कीट रोग एवं खरपतवार प्रबन्धन मानसून आने से पूर्व मई-जून महीने में करना नितान्त आवश्यक है। उक्त जानकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि मेढ़ों पर उगने वाले खरपतवारों की सफाई से किनारे की फसलों के बीच खाद एवं उर्वरकों की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है एवं



खरपतवारों को आगामी बोई जाने वाली फसलों में फैलने से रोका जा सकता है। बताया कि खरपतवारों को नष्ट करने से हानिकारक कीटों एवं सूक्ष्म जीवों के आश्रय नष्ट हो जाने से फसलों पर प्रकोप कम हो जाता है तथा फसलों में सिचाई करते समय परेशानी नहीं होती है। श्री सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करने से भूमि को जलधारण क्षमता बढ़ जाती है जो बोई जाने वाली फसलों के काम आती है। खेत में उगे हुये खरपतवार एवं फसल अवशेष मिट्टी में दबकर सड़ जाते है जिससे मिट्टी में उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है। भूमि में छिपे हानिकारक कीट जैसे- दीमक, गिडार, कछुआ, बीटल, लार्वा एवं प्यूपा नष्ट हो जाते है। अगली बोई जाने वाली फसल में इनका प्रकोप कम हो जाता है। गर्मी में गहरी जुताई से भूमि के अन्दर पाये जाने वाले जीवाणु, कवक, निमेटोड नष्ट होने से बीमारी कम हो जाती है। भूमि में वायु संचार बढ़ जाता है जो लाभकारी सूक्ष्म जीवों की वृद्धि एवं विकास में सहायक होता है। उन्होंने बताया कि जैविक फंफूदीनाशक ट्राइकोडर्मा 2 प्रतिशत को 2.5 कि0ग्रा0 प्रति हे0 की दर से 75 कि0ग्रा0 सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर पानी को छींटा देकर 08 से 10 दिन छाया में रखकर आखिरी जुताई में भूमि में मिला देने से उकठा रोग, जड़गलन, तनासड़न, झुलसा आदि रोगों पर नियन्त्रण किया जा सकता है। इसी कड़ी में ब्यूवेरिया वैसियाना - 01 प्रतिशत की 2.5 कि0ग्रा0 मात्रा को उपरोक्त विधि अपनाकर बुवाई से पूर्ण आखिरी दिन जुताई के समय भूमि में मिला देने से दीमक, सफेद,गिडार, कटुवर्म आदि पर नियन्त्रण पाया जा सकता है। पौधों की अच्छी वृद्धि होती है, मृदा में मौजूद फास्फोरस,6 पोटास व अन्य तत्वों की उपलब्धता बढ़ जाती है, पौधों की जड़ो का अच्छा विकास होता है। श्री सिंह ने बताया कि बीजशोधन हेतु बुवाई से पूर्व 2.5 ग्राम थीरम अथवा कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत की 2 ग्राम अथवा ट्राइकोडर्मा 2 प्रतिशत की 4 से 5 ग्राम मात्रा प्रति कि0ग्रा0 बीज की दर से शोधन कर बुवाई करें द्य बीज शोधन से बीजसड़न कम होता है, जमाव अच्छा होता है, पौधे स्वस्थ एवं बढ़वार अच्छी होती है। बीजशोधन से बीजजनित रोग बीजगलन, उकठा आदि पर नियन्त्रण किया जा सकता है। बीजशोधन करने से बीमारियों के नियन्त्रण हेतु रसायनों पर खर्च को कम किया जा सकता है। उन्होंने अधिक जानकारी हेतु किसान भाईयो से अपील की है कि ब्लॉक स्तर पर तैनात प्रभारी कृषि रक्षा इकाई से सहायता ले सकते है।

# शराब पीने के दौरान हुई मारपीट में घायल अधेड़ की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मारपीट में** घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे पजिनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं परिजनों ने शव लेने से इन्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ अंतर्गत ग्राम महरुपुर सहजू निवासी विद्याप्रकाश पुत्र स्व0 रहवारी जाटव उम्र करीब 55 वर्ष का 13 मई को शाम करीब 7 बजे भजीजे लालू, अजय, दीपक, सोनेलाल के दामाद धीरज ले शराब पीने को लेकर झगड़ा हो गया था। जिससे विद्याप्रकाश गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। रात भर दबंगों ने उन्हें निकलने नहीं दिया। 14 मई को परिजन सुबह लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां शाम तक उनका इलाज चलता रहा। कल शाम को उनकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं परिजनों ने शव लेने से इन्कार कर दिया। जिस पर सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और परिजनों को काफी समझाया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस हमारी सुनवाई नहीं कर रही है और वो लोग हमें धमकी देकर गए हैं। जब तक वह लोग गिरफ्तार नहीं हो जाते है तब तक हम लोग शव नही लेंगे, तब सीओ सिटी प्रदीप सिंह आरोपियों के घर गए, लेकिन वह नहीं मिले। सीओ ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। तब कहीं जाकर पुलिस ने अपनी मौजूदगी में मृतक का अंतिम संस्कार कराया। मृतक मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक की दो बेटी नीरज व मधू तथा पुत्र राजन है।


मृतक का फाइल फोटो


पीएम हाउस में बैठे मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज



परिजनों को समझाते सीओ सिटी समृद्धि न्यूज

# खंड विकास परिसर से कबाड़ की चोरी के मामले में पुलिस ने की जांच

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**खंड विकास** कार्यालय कमालगंज के बाहर रखा कबाड़ तथा अन्य सामान चोरी हो गया। जिसकी शिकायत बीडीओ ने पुलिस से की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जानकारी के अनुसार खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि हमारे ब्लॉक के पीछे बने हुए रूम में कबाड़ का सामान कुर्सी, टेबिल बेकार हुए पंखे व अन्य सामान आदि रखा रहता है। जिसको कुछ अराजकतत्वों के द्वारा चोरी किया जा रहा था। एकाएक किसी ब्लाक कर्मचारियों की उस पर नजर पड़ गई। ब्लॉक कर्मचारी के चिल्लाने पर चोरी कर रहे लोग भाग गये। जिसमें कुछ कुर्सियां चुराने में चोर कामयाब रहे। प्रत्यक्षदर्शी कर्मचारियों ने बताया कि दो चोर थे जो की एक तरफ से सामान दूसरी तरफ पीछे बाउंड्री से फेंक रहे थे, लेकिन मौके पर पहुंचने के कारण ज्यादा सामान चोरी नहीं हो सका। खंड विकास अधिकारी ने पुलिस को बताया कि यहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी अराजकतत्वों के द्वारा चोरी कर लिए गए। खंड विकास कार्यालय परिसर में रखे फ्रीजर की नल की टोंटियां भी गायब हो गईं। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष राजेश राय ने जांच पड़ताल की तथा दो कबाड़ा बीनने वाले लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।


जांच पड़ताल करते थानाध्यक्ष व मौजूद बीडीओ आदि

# खबरें चलते-चलते

## मकान मालिक ने किरायेदार को पीटा, दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** किरायेदार पति पत्नी के बीच हो रहे विवाद के बाद शराब के नशे में धुत मकान मालिक पहुंच गया और गाली-गलौज कर किरायेदार की पिटाई कर दी। पीड़ित किरायेदार ने मकान मालिक के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला बाजार कला निवासी अजय कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद वर्तमान में नगर के ही मोहल्ला दलमीर खां में एक किराए के मकान में परिवार सहित रह रहा है। वह फर्रुखाबाद में मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। 15 मई की शाम अजय कुमार का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जो काफी देर तक होता रहा। बताते हैं दोनों के बीच जारी विवाद में अचानक शराब के नशे में टुन्न मकान मालिक पहुंच गया और किरायेदार से गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट की। मारपीट की घटना में किराएदार अजय कुमार घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर मोहल्ल के लोग मौके पर पहुंच गये। भीड़ में कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला रफा-दफा कराने की कोशिश की। वहीं किरायेदार ने मकान मालिक के खिलाफ तहरीर दी है। शमसाबाद थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए घायल किराएदार का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में मेडिकल परीक्षण कराया। थाना पुलिस ने घटना की जांच कर घायल किराएदार को कार्यवाही का भरोसा दिया।

## नव विवाहिता को पति एवं ससुर ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नव विवाहिता को पति व ससुर ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार अजय यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद यादव निवासी नेकपुर कला ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया मैंने अपनी पुत्री अनुष्का की शादी 2020 में हिंदू रीतिरिवाज व उचित दान दहेज देकर की थी। मेरा दामाद सचिन कुमार पुत्र महेश चंद आए दिन मेरी पुत्री के साथ मारपीट करता रहता है। दिनांक 16 मई को मेरी पुत्री अनुष्का यादव के साथ उसके पति सचिन यादव, राधेश्याम यादव, घनश्याम यादव पुत्रगण महेशचंद्र एवं सरला देवी पत्नी महेश चंद्र ने मेरी पुत्री को मारपीट का गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसकी सूचना मेरी पुत्री ने फोन द्वारा जब मुझे दी। तब मैंने पुत्री की ससुराल पहुंचकर मारपीट करने का विरोध किया, तो इसी बात से आक्रोशित पुत्री के ससुरालीजनों ने मेरे साथ भी मारपीट करने को आमादा हो गये। जैसे तैसे गांव वालों ने बचाया। तब पीड़ित ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## भैंस चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद, दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शामसबाद क्षेत्र के ग्राम बरई निवासी महिपाल सिंह की भैंस को लोडर सवार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। घटना के संबंध में बताया गया है महिपाल सिंह के जानवर रोज की भांति घर के बाहर बांधे जाते हैं। बीते दिवस की शाम को भी जानवर भैंस बांधे गए थे। पीड़ित के अनुसार लोडर में सवार अज्ञात चोरों ने रात्रि के किसी पहर भैंस को खोल लिया और लोडर में लादकर फरार हो गए। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुबह 3 बजे के करीब पशु पालक को लघुशंका महसूस हुई और जब मौके पर जाकर देखा, तो भैंस नहीं थी। पीड़ित ने भैंस की काफी खोजबीन की, लेकिन कोई कुछ पता नहीं चला। बताते हैं पास में ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे। जिसमें भैंस चोरी की घटना कैद हो गई। पीड़ित भैंस स्वामी ने सीसीटीवी कैमरे में कैद घटना के आधार पर अज्ञात लोडर चालक के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना के बाद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की।

# सीपी विद्या निकेतन में धूमधाम से मना मातृ दिवस

- बुलंदियों पर पहुंचे छात्रों की माताओं को किया गया सम्मानित

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**सीवी विद्या** निकेतन इंण्टर कॉलेज के प्रांगण में मातृ दिवस धूमधाम से रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर मिथलेश अग्रवाल ने की। उन्होंने बच्चों को नकद पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अनुपम गंगवार, लक्ष्मी यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मेधावी छात्र गौरव यादव व प्रशांत तिवारी की माता पुष्पा देवी, सुकन्या देवी को सम्मानित किया। जिन्होंने विषम परिस्थितियों मेंअपने पुत्र को शिक्षा प्रदान की और वह उच्च स्थान पर पहुंचा। गौरव यादव नेट परीक्षा उत्तीर्ण करके एम.बी.बी.एस.प्रथम वर्ष का छात्र है। प्रशान्त तिवारी बी0 टेक परीक्षा उत्तीर्ण करके नोएडा में इजीनियर के पद पर कार्यरत है। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने कार्यक्रम में उपास्थित सभी माताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सी0पी0वी0एन के प्रधानाचार्य आर0के0 वाजपेयी, डा0 मनोज तिवारी, वीर सिंह, नेहा रस्तोगी, अनिकेत शाक्य आदि अध्यापक उपास्थित रहे।



छात्र की मां को सम्मानित करतीं मिथलेश अग्रवाल व मौजूद शिक्षकगण समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपराध एवं** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस ने वांछित आरोपी को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना मऊदरवाजा पुलिस ने मु0अ0सं0100/2024 में वांछित चल रहे अभियुक्त प्रमोद गंगवार पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम खिनमिनी थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ को 01 अदद रायफल 315 बोर सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है।

# इन्वर्टर की बैट्री फटी


इन्वर्टर की फटी बैट्री समृद्धि न्यूज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**इन्वर्टर की** बैट्री अचानक धमाके के साथ फट गयी। जिससे परिजन घबरा गये और छत पर जाकर देखा, तो बैट्री के परखच्चे उड़ गये थे। हालांकि वहां पर कोई मौजूद नहीं था अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती थी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी कैलाश पुत्र चहेते की छत पर रखे इन्वेटर की बैट्री शुक्रवार को तेज धमाके के साथ फट गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। वहीं कैलाश ने बताया कि बैट्री छत पर रखी थी, जबकि परिजन उस समय नीचे लेटे थे। अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती थी। बताते चलें कि गर्मी में बैट्री ज्यादा हीट हो गयी और तेज धमाके के साथ फट गयी।

# कोविड-19 कर्मचारियों ने चार माह का बकाया वेतन मांगा, दिया ज्ञापन

- पिछले तीन वर्ष से ईपीएफ भी नहीं हो रहा जमा

फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज

**कोविड-19 कर्मचारियों** विगत चार माह से वेतन न मिलने से वह भुखमरी की कगार पर पहुंच गये। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर वेतन दिलाये जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह को दिये गये ज्ञापन में कोविड-19 कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें करीब चार माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कुछ कर्मचारियों के पास तो डियूटी के लिए आने जाने तक का किराया नहीं है। ऐसी स्थिति में कोविड-19 कर्मचारियों का वेतन दिलाने की कृपा करें। वहीं दूसरे दिये गये ज्ञापन में कहा है कि कोविड-19 कर्मचारियों का ई0पी0एफ0 जमा नहीं किया गया है, जबकि तीन वर्ष पूर्ण होने को हैं। इस संबंध में दिनांक 27 मार्च 2023 व 12 मई 2023 को प्रार्थना पत्र दिया गया था। किन्तु सेवादायी कम्पनी विवान पार्थ द्वारा अभी तक हम कोविड-19 कर्मचारियों का ई0पी0एफ0 जमा नहीं किया गया है। ज्ञापन पर शाहिद, विनय, रन सिंह, शिवकुमार, आशीष कुमार, अर्जुन, आशना, स्वाती, शिवानन्द, निधि, रिंकी, नेहा, मीरा, आरती, पूनम, मो0 असलम, संजय प्रजापति, रोहित बाथम, रतनेश, पिंकू, राजू, सरिता, डब्बू, गौतम सिंह, मोनीश कुमार आदि के हस्ताक्षर हैं।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते कोविड-19 कर्मचारी समृद्धि न्यूज

# भागवत कथा में कंस जन्मलीला का किया गया मनोहारी वर्णन


कथा का श्रवण करते भक्तगण समृद्धि न्यूज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**श्रीमद् भागवत** कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में कंस जन्म लीला का मनोहारी वर्णन किया गया। जिसे सुनकर श्रोता रोमांचित हो गये। परीक्षित ग्राम सचिव जगवीर सिंह तथा सरला देवी बने। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दुर्गा में ग्राम सचिव जगवीर सिंह यादव के यहां श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। जिसमें शुक्रवार को शास्त्री कथा वाचक प्रवेश कुमार ने कंस जन्म की लीला का प्रसंग सुनाया। जिसमें परीक्षित ग्राम सचिव जगवीर सिंह तथा उनकी पत्नी सरला देवी बनी। कथा में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं कलश यात्रा में शामिल कन्याओं को अंग वस्त्र तथा उपहार भेंट कर उनके चरण स्पर्श किया गया। कथावाचक प्रवेश यादव ने कथा का प्रसंग सुनाया। जिसको सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गये। शास्त्री प्रवेश कुमार ने कंस जन्म लीला का संक्षेप में वर्णन कर फिर विस्तार से लीला को सुनाया। इस मौके पर कथा वाचक प्रवेश शास्त्री तथा कथा के परीक्षित जगवीर सिंह यादव सचिव, पत्नी सरला देवी, मां सुदामा देवी, पुत्र संजीव यादव, अजीत यादव, राजीव यादव, भतीजे अतुल यादव तथा समस्त ग्रामीण व परिजन मौजूद रहे। वहीं नवाबगंज विकास खंड कार्यालय से आलोक पाठक कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा सहायक, दिनेश यादव प्रधान अलाहदादपुर, राजपाल सिंह, प्रदीप यादव, रोजगार सेवक अमरपुर नगला मकोड़ा आदि लोग भागवत कथा के आयोजन में सम्मिलित हुए।

निर्देश

लिपिक को सचिवों को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

# बीडीओ ने रोजगार सेवकों तथा समूह की महिलाओं की ली बैठक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**विकास** खंड अधिकारी ने समूह की महिलाओं तथा रोजगार सेवकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी तथा डीपीओ सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम रोजगार सेवक तथा समूह की महिलाओं की बैठक ली। बैठक के दौरान काफी समय से लंबित चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी की। वहीं उन्होंने अधीनस्थों के पेंच कसे। ग्राम रोजगार सेवकों से उनके द्वारा कराए गए कार्यों का तथा समूह की महिलाओं के द्वारा उनके गांव में की गई प्रगति के बारे में जानकारियां जुटायीं। कार्यालय के लिपिक सुरेश कुमार को निर्देशित करते हुए बताया कि वह तत्काल प्रभाव से ग्राम सचिवों को एक नोटिस जारी करें कि उनके कार्यों की प्रगति क्या है तथा ग्राम पंचायत में बैठने वाले दिनों को भी दर्शाये, साथ ही जो सचिव बिना अनुमति के अवकाश ले लेते हैं, उन्हें बिना अनुमति के अवकाश न दिया जाये, ग्राम पंचायत में दूर दराज से आए लोगों के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेज पंचायत कार्यालय पर दिन सुनिश्चित कर बैठकर गांव की समस्या गांव तक ही रखें। वह किसी भी व्यक्ति को कार्यालय पर आने का मौका ना दें। इसी वजह से ग्राम पंचायत में सचिवालय बनवाए गए हैं। हर ग्राम पंचायत में एक दिन सचिव सुनिश्चित करें और जिसका प्रचार प्रसार भी करवा दें। जिससे कि आम जनमानस को गांव की सुविधा गांव में उपलब्ध हो सके। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी, डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, सीडीपीओ मानवेंद्र प्रताप, बीएमएम अनुज शुक्ला, संजीव कुमार के अलावा रोजगार सेवक, समूह की महिलाएं, लिपिक अकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, लिपिक सुरेश कुमार, आलोक दीक्षित, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, एपीओ गौरव दिवाकर आदि लोगों ने बैठक में भाग लिया।


रोजगार सेवकों व समूह की महिलाओं की बैठक लेते बीडीओ समृद्धि न्यूज

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर सामान लदा डीसीएम धूं-धूं कर जला

- एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू
- घटना से मचा हड़कंप, काफी देर तक यातायात रहा अवरुद्ध


आग से जलने के बाद का दृश्य


मौके पर मौजूद भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**11 हजार** बिजली की हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी सड़क किनारे खड़े सामान लदे हुए डीसीएम पर जा गिरी और वह धूं-धूंकर जलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब सारा सामान जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के क्षेत्र लाल दरवाजा मार्ग निवासी पुनीत पुत्र रामदेव दुबे की ट्रांसपोर्ट है। शुक्रवार को कानपुर से परचून व मेडिकल आदि का सामान लेकर डीसीएम आयी था। रतनेश्वर महादेव मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ी थी। थाना कादरीगेट के अन्तर्गत पांचाल घाट रोड पर रत्न कोल्ड स्टोरेज के पास हाईटेंशन लाइन निकली है। जिसकी चिंगारी डीसीएम के ऊपर गिरने से आग लग गयी और डीसीएम में लदा सामान व डीसीएम धूं-धूंकर जलने लगी। लाखों रुपये का सामान डीसीएम में लदा था। सूचना देने के एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। तब तक डीसीएम में लदा सामान जलकर राख हो चुका था। थाना कादरीगेट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निकल रहे राहगीरों को रोका। तब तक पूर्ण रुप से आग की चपेट में आया डीसीएम सामान सहित जलकर राख हो चुका था। सड़क के दोनों ओर जाम जैसी स्थिति हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से कुछ सामान को जैसे तैसे निकाला, तब तक आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। जिन व्यापारियों का डीसीएम में माल लदा था, उनका काफी नुकसान हो गया। जानकारी होने पर घटना स्थल पर जिन व्यापारियों का सामान था वह वहां पहुंचे और जले हुए सामान को उतरवाने में मदद की।

# मण्डी में रखी ईवीएम की निगरानी कर रहे समाजवादी पार्टी के सिपाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**13 मई** को लोकसभा चुनाव का मतदान सम्पन्न होने के बाद सातनपुर मण्डी में पैरामिलेट्री फोर्स की सुरक्षा में ईवीएम मशीन रखी गई है। चप्पे-चप्पे पर पैरामिलेट्री फोर्स तैनात है। संगीनों के साए में केंद्रीय रिजर्व पुलिस के जवान मशीनों की रखवाली कर रहे है। बाहरी गेट पर सुरक्षा की दृष्टि से यूपी पुलिस तैनात की गई है। ईवीएम की निगरानी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने अपनी टीम को लगाया है। साथ ही जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रत्येक दिवस वार तैनाती की है।


मण्डी में बैठे सपा नेता — समृद्धि न्यूज

अपने-अपने दिवस पर पार्टी के पदाधिकारी ड्यूटी को निभा रहे है। शुक्रवार को मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष आशीष शर्मा की ड्यूटी रही। एमपी सिंह शाक्य के साथ पदाधिकारी मौजूद रहे। हर घंटे में लगी एलसीडी पर कैमरे की निगरानी करते नजर आये। वहीं रात में भी ड्यूटी लगी हुई है। जो एलसीडी के द्वारा अटैच कैमरों से निगरानी की जा रही है।

# एफएसडीए ने विज्ञान जागरुकता मेले में विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एफएसडीए द्वारा** विज्ञान जागरुकता मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मोहम्मदाबाद के गांधी नगर स्थित रामकृष्ण मेमोरियल इंटर कालेज में विज्ञान जागरुकता मेले का आयोजन किया गया। गतिविधि विज्ञान एवं विज्ञान प्रदर्शनी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (सचल मोबाइल प्रयोगशाला) के माध्यम से विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। खाद्य सुरक्षाधिकारी अरुण कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों में हानिकारक तत्वों की मिलावट से बचने के वैज्ञानिक तरीकों का सजीव प्रदर्शन करते समझाया। खाद्य पदार्थों में मिलावट की सामान्य पहचान एवं रसायनिक परीक्षण द्वारा पहचान किये जाने के संबंध में बताया। इसके साथ ही खाद्य प्रतिष्ठानों एवं स्ट्रीट फूड में साफ-सफाई एवं स्वच्छता के खाद्य सुरक्षा मानको के संबंध में जागरुक किया।


खाद्य पदार्थ सुरक्षा की जानकारी देते विभागीय अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# खंड शिक्षाधिकारी को मातृ शोक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मुख्यालय** से सबद्ध खंड शिक्षाधिकारी राजीव श्रीवास्तव की माता का स्वर्गवास उनके निज आवास धौरहरा लखीमपुर में सुबह 9बजे हो गया। जो लंबे समय से बीमार चल रही थी। जिनका अंतिम संस्कार उनके निज निवास स्थान गांव के उनकी पैतृक भूमि पर 2बजे विधि विधान से उनके बड़े बेटे खण्ड शिक्षाधिकारी राजीव श्रीवास्तव ने किया। मृत आत्मा की शांति के लिए जनपद के शिक्षकों ने ईश्वर से प्रार्थना की। कायमगंज से कई शिक्षकों ने अंतिम संस्कार में पहुंचकर भाग लिया। निर्देश गंग, मूकेश राजपूत, अश्वनी कुमार, जुल्फिकार अहमद, मो0 उजेफ पठान और सीतापुर से अमर सिंह अध्यापक ने पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

## ऊंचाई से गिरकर तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**अलग-अलग स्थानों** पर जनपद एटा के थाना जैथरा निवासी नीरज (24), नगर से सटे गांव पितौरा निवासी कासिम अली की 7 वर्षीय पुत्री जैवा व नगर के मोहल्ला कुकीखेल निवासी नितीश (30) ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गए। घायलों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नितीश को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जिले के आलाधिकारियों को नहीं लगी भनक, ग्राम पंचायतों पर नियुक्त किये गये प्रशासकों ने 20 दिन में डकारे 5.15 करोड़

- सात ब्लाकों में 350 ग्राम पंचायतों का मामला आया सामाने
- पंचायती राज निदेशक के आदेश पर डीएम ने जांच कमेटी की गठित
- तकनीकी अधिकारियों के साथ एक-एक प्रशासनिक अधिकारी भी कमेटी में शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ग्राम पंचायतों** पर नियुक्त किये गये प्रशासकों ने करोड़ों रुपये के सरकारी धन को मनमाने ढंग से निकालकर गवन कर लेने का मामला जब शासन के संज्ञान में आया तो उच्च स्तरीय जांच के आदेश देते हुए जो भी दोषी पाया जाये उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये है। अगर निष्पक्ष जांच होती है तो प्रशासक ही नहीं जिले के मुख्य अधिकारी भी इसके चपेटे में आ सकते है। प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नियुक्त प्रशासकों ने अंतिम 20 दिनों में 350 ग्राम पंचायतों से 5.15 करोड़ रुपये मनमाने तरीके से खर्च किए। जब इसकी भनक सरकार को लगी तो जांच के आदेश दिये। डीएम ने सरकारी धन का गवन करने वालों को चिन्हित करने के लिए दो-दो जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी ब्लाकवार गठित की है। 25 दिसंबर 2020 को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने से ग्राम पंचायतों की कमान प्रशासकों के हाथ में पहुंच गई थी। 25 मई 2021 तक प्रशासकों ने ग्राम पंचायतों के खातों से करोड़ों रुपये खर्च किए। पंचायत चुनाव के बाद प्रधान नियुक्त हुए, तो प्रशासकों ने भुगतान की रफ्तार बढ़ा दी। मई माह तक बंदरबांट कर करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया। कई प्रशासकों ने सचिवों के खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिए। शासन से हुई शिकायत में गवन व भ्रष्टाचार के आरोप पर पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने डीएम को पत्र भेजकर जांच कराकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई के आदेश दिए। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रशासकों द्वारा किए गए छह करोड़ सात लाख 28 हजार 795 रुपये का ब्योरा भी भेजा। इस पर डीएम ने सभी सात ब्लॉकों में जांच के लिए एक-एक तकनीकी अधिकारी व एक प्रशासनिक अधिकारी की कमेटी गठित की है।

कमेटी में इन्हे क्या गया शामिल

ब्लॉक बढ़पुर में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी (प्रांतीय खंड) व जिला पूर्ति अधिकारी, कायमगंज में अधिशासी अभियंता आरईडी व जिला प्रोबेशन अधिकारी, कमालगंज में अधिशासी अभियंता नलकूप खंड व जिला कृषि अधिकारी, मोहम्मदाबाद में अधिशासी अभियंता सिंचाई व सहायक श्रमायुक्त, नवाबगंज में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी (निर्माण खंड) व जिला सेवायोजन अधिकारी, राजेपुर में सहायक अभियंता निर्माण (मंडी परिषद) व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, शमसाबाद में सहायक अभियंता (लघु सिंचाई) व एआर कोऑपरेटिव के नाम शामिल है। डीएम ने यह भी निर्देश दिये है कि जो जांच कमेटी बनी है संबंधित ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी इसमें पूरा सहयोग करेगें।

**जिले के सभी सात ब्लॉकों की 350 ग्राम पंचायतों में पांच मई से 25 मई 2021 तक प्रशासकों ने कुल 5 करोड़ 15 लाख 40 हजार 424 रुपये खर्च किए हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| बढ़पुर ब्लाक | 52 ग्रामों में | 1,25,28,495 रुपया |
| कायमगंज | 28 ग्रामों में | 52,45,795 रुपया |
| कमालगंज | 71 ग्रामों में | 80,88,181 रुपया |
| मोहम्मदाबाद | 80 ग्रामों में | 1,07,71,943 रुपया |
| नवाबगंज | 25 ग्रामों में | 25,75, 732 रुपया |
| राजेपुर | 61 ग्रामों में | 97, 04,855 रुपया |
| शमशाबाद | 33 ग्रामों में | 26,25, 423 रुपया |

# जनपद के टॉपर छात्र अभिनव को बधाई देने वालों का लगा तांता




टॉपर छात्र अभिनव को बधाई देते समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ब्लाक शमशाबाद** के ग्राम छिछौनापुर निवासी लोधी अभिनव राजपूत पुत्र प्रशांत राजपूत के घर जाकर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट में जनपद में जिला टॉप करने पर विद्यार्थी को सम्मानित किया गया और बधाई दी। विक्रांत सिंह राना सरकार ने कहा कि अभिनव राजपूत ने अच्छे अंक लाकर जनपद का मान बढ़ाया है साथ ही साथ समाज का भी सम्मान बढ़ाया है। हमें ऐसे होनहार विद्यार्थी पर गर्व है। समाज के लोगों ने पहुंचकर अभिनव राजपूत का फूल माला से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी। इस मौके पर लोधी महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, विक्रांत सिंह राना, वीरपाल सिंह राजपूत, मृदुल राजपूत, पंकज राजपूत, पवन राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया जनक नंदिनी सीता जन्मोत्सव, लगे छप्पन भोग


भजन प्रस्तुत करती महिलायें — समृद्धि न्यूज


लगे छप्पन भोग — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- भक्तों ने पूजा अर्चना कर गाये गीत

**अपूर्ण संस्था** द्वारा सिक्तर बाग में पूजा अरोड़ा के निवास स्थान पर जनक नंदिनी सीता जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने भजन संध्या का आयोजन किया एवं सीता जी की झांकी सजाई। जिसमें सीता (रुद्राक्षी द्विवेदी) एवं सीता जी की मां के रूप में (काव्य द्विवेदी) को बनाया। वहीं महिलाओं ने जन्मोत्सव आज जनक लली को मनाएंगे, बजत बधाई जनकपुरी में खुशियां घर-घर आई। मिथिला भवन में आज जिया लाली को जन्म भयो आदि भजनों पर महिलाओं ने नृत्य किया। जिसमें संगीता चतुर्वेदी, माधुरी सक्सेना, ममता यादव, अंजली यादव, मोहित मिश्रा, दीपा त्रिपाठी, सुशील मिश्रा, आशा, पिंकी, कौशल शर्मा, शिखा, अर्चना, गणेश मिश्रा, सीमा दीक्षित, रिशु मिश्रा, नेहा, प्रीति कौर, गीता सक्सेना, स्मृति सक्सेना, नेहा पाठक, नीलम वर्मा, रजनी सक्सेना, सोनाली गुप्ता, वंदना गुप्ता आदि महिलायें उपस्थित रही।

# स्काउट प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रस्तोगी इंटर** कॉलेज में सत्र 2023-2024 में आयोजित स्काउट प्रवेश प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को उनके प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने प्रशिक्षण में सफल विद्यार्थियों को उनके प्रमाण पत्र वितरित किये तथा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को स्काउट के महत्व, स्काउट के उत्तरदायित्व एवं स्काउट प्रमाण पत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद, स्काउट मास्टर गजेंद्र सिंह, स्काउट मास्टर डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़, रमेश कुमार, रामवीर सिंह सोमवंशी एवम् समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।


प्रमाण पत्र के साथ विद्यार्थी मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# खेत में पानी लगने को लेकर विवाद व मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी हरिप्रसाद पुत्र मेवाराम ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कल 16 मई को दिन के 3.00 बजे लगभग मेरे पिताजी खेत में पानी लगा रहे थे, तभी वहां मंजेश कुमार आया और मेरे पिताजी के साथ गाली-गलौज करने लगा। जिसका विरोध मेरे पिताजी ने किया, तो पास में रखा फावड़ा मेरे पिताजी के मार दिया और लात-घूतों से मारपीट की। जिसकी शिकायत मैंने मंजेश के मालिक ओमप्रकाश व उसके लड़के प्रभाकर से की, तो उपरोक्त लोग भी गाली-गलौज करने लगे तथा मारपीट पर आमादा हो गए। फिर मैं अपने पिताजी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज गया। वहां पर इलाज करवाने के दौरान आज पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया दे रहा हूँ। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

## मार्ग दुर्घटना में चार घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद शाहजहांपुर के थाना विक्रमपुर निवासी शीशराम (55), क्षेत्र के गांव कुंअरपुर निवासी अफसर अली (62) व जावेद (50), मीरगंज निवासी अरविन्द कुमार का 3 वर्षीय पुत्र कान्हा घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद कान्हा को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कैंम्प लगाकर स्वास्थ्य विभाग टीम ने जांच कर मरीजों को वितरित की दवाएं

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**कस्बा समधन** में भीषण गर्मी के चलते चिकनपॉक्स ने दस्तक दें दी है। इससे रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग से टीम भेजकर जांच करा कर दवा वितरित कराएं जाने की मांग उठाई गई थी

ख़बर का हुआ असर चिकनपॉक्स ने दी दस्तक की खबर को समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग टीम ने शुक्रवार को आनन-फानन में समधन में पहुंचकर मोहल्ला लोहिया नगर में कैंप लगाकर मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित की गई। इस अवसर डाक्टर नीरज कुमार,विजय कुमार, आकाश कुमार, अखिलेश कुमार एएनएम श्रद्धा देवी, हरेंद्र कुमार मौजूद रहे।



**गंदगी** — अस्पताल परिसर में चारों तरफ झाड़ियां, गंदगी का अम्बार, लगा दी आग

# चिलसरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पीने के पानी के पड़े लाले, मरीज परेशान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्राथमिक स्वास्थ्य** उपकेंद्र चिलसरा में भीषण गर्मी के दौर में पानी की एक बूंद को तरसते लोगों ने कहा साहब यहां दवाइयां तो मिलती मगर भीषण गर्मी के दौर में प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं मिलता। इसे स्वास्थय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही कहें या अनदेखी। सरकार जहां एक ओर स्वास्थय विभाग के रख रखाव तथा सुविधाओं के नाम पर लाखों रुपए का बजट उपलब्ध करा रही है, ताकि स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों को आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिलता रहे। अफसोस विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते मरीजों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रही। जिससे उपकेंद्र पर आने आने वाले मरीजों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजगी है। प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र चिलसरा जहां चिकित्सक के स्थान पर फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवायें दे रहे है। भीषण गर्मी के दौर में प्यास बुझाने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। आसपास तथा दूर दराज के इलाको से आने वाले विभिन्न मरीजों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल प्रांगण में बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी है। इससे यह प्रतीक होता है कि यहां के जो जिम्मेदार है उन्हे साफ-सफाई से कोई मतलब नहीं है। अभी बाहर है चाहे झाड़ियां अंदर क्यों न उगने लगे। सफाई कराने की बजाए झाड़ियो में आग लगा दी। जिससे आसपास के वृक्ष चपेट में आ गये और इमारात को भी उड़ने वाले धुंऐ से नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों ने स्वास्थय विभाग के उच्चाधिकारियों से प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र चिलसारा में आने वाले मरीजों को शीतल जल उपलब्ध कराए जाने की मांग की।


अस्पाल परिसर में खड़ी झाड़ियां व लगायी आग के बाद का दृश्य — समृद्धि न्यूज

# निर्देश : चारधाम यात्रा की लगातार मॉनिटरिंग करें अधिकारी, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**सीएम धामी ने यात्रा के इंतजामों की अधिकारियों से की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज





**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चारधाम यात्रा के इंतजामों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी लगातार यात्रा की मॉनिटरिंग करते रहें। यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

पंजीकरण के अनुसार ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही ठहराव स्थलों पर यात्रियों को जरूरी सुविधाएं मिलें, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार का अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सचिवालय में यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने चारधाम से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं में सभी अधिकारी चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और एसपी का पूरा सहयोग करें। यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि यात्रियों को जिन स्थानों पर ठहराने की व्यवस्थाएं की गई हैं, उन स्थानों पर सभी मूलभूत सुविधाएं पेयजल, विद्युत, शौचालय, खानपान और बच्चों के लिए दूध और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। चारधाम पैदल मार्गों पर श्रद्धालुओं को पेयजल एवं अन्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था करके श्रद्धालुओं को इन मार्गों के बारे में जानकारी भी दी जाए।

मुख्यमंत्री ने सचिव परिवहन को निर्देश दिये कि वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए। बिना फिटनेस के कोई वाहन यात्रा मार्ग पर चल रहे हैं तो इसके लिए सबंधित परिवहन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्रेशन के अनुसार ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा पर भेजा जाए।

### पैदल मार्ग से आठ हजार यात्री पहुंचे केदारनाथ

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग से केदारनाथ यात्रा के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग सौरभ गहरवार ने बताया कि केदारनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आज अभी तक केदारनाथ में 11 हजार हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, पैदल मार्ग से 08 हजार यात्री दर्शन के लिए गये हैं। ठहराव वाले स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीसीटीवी के माध्यम से यात्रा मार्ग पर वाहनों के आवागमन की व्यवस्थाओं की कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है।

### फर्जी पंजीकरण पर सख्त कार्रवाई

जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने कहा कि बदरीनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आगामी सप्ताह में अवकाश के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत भी सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु,सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सचिन कुर्वे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, सचिव एसएन पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी अजय सिंह, वर्चुअल माध्यम से डीजीपीअभिनव कुमार, जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज गर्ब्याल उपस्थित थे।

### बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्री वाहनों की एंट्री बंद

**केदारनाथ/देहरादून।** चारधाम यात्रा के तहत केदारनाथ धाम तक बिना पंजीयन के आने वाले वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। सीतापुर और सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में सीमित स्थान होने के कारण स्थानीय प्रशासन केवल निर्धारित तिथि का पंजीकरण होने पर ही वाहनों को प्रवेश दे रही है। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने शुक्रवार को चौकी जवाड़ी पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों पर रुकने वालों की एक निश्चित क्षमता है। रुद्रप्रयाग जनपद स्थित पार्किंगों की भी एक निश्चित क्षमता है। सबसे बड़ी बात यह है कि सीतापुर और सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में किसी वाहन की एंट्री हो जाने के उपरांत वाहन तीन दिन तक पार्किंग में ही रहता है। उन्होंने कहा कि पार्किंग में निकासी काफी कम होने व बाहर से अत्यधिक वाहनों के आने से यात्रा मार्ग पर अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है। वाहनों के दबाव कम करने के लिए रुद्रप्रयाग जनपद के चौकी जवाड़ी बाईपास पर बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है।


# हम भारत को बनाएंगे महाशक्ति : राजनाथ

**रक्षामंत्री ने सलेमपुर में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में की जनसभा**

समृद्धि न्यूज

**बलिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि हम भारत को महाशक्ति बनाना चाहते हैं। किसी पर आक्रमण के लिए नहीं, बल्कि विश्व के कल्याण के लिए। उन्होंने कहा कि 21 हजार करोड़ का निर्यात करके आया हूं। चार हजार करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल भी भारत ने निर्यात किया है। आगे पांच सालों में भारत करिश्मा करेगा। हम आंख नहीं दिखाते। यदि किसी ने आंख दिखाई तो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं।

रक्षामंत्री सिंह सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में सिकंदरपुर स्थित गांधी इंटर कालेज के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा समाप्त पार्टी है। 2015 में ही साइकिल की चेन उतर गई थी। 2017, 2019 और 2022 में भी चेन नहीं चढ़ी। जिस साइकिल पर चेन ही नही हो वह आगे कैसे बढ़ेगी। जैसे विश्व की धरती से डायनासोर लुप्त हो गए, वैसे ही कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी। उन्होंने देवरहा बाबा को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत में हर नागरिक राजनीतिक रूप से समझदार हो गया है। चार चरणों में दुनिया ने मान लिया है कि भाजपा चार सौ से अधिक सीटें जीतकर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि



देश में नेताओं ने इतने वादे किए हैं कि जनता का विश्वास कम हो गया है। इस विश्वास के संकट को यदि चुनौती के रूप में किसी दल ने स्वीकार किया है तो वह भाजपा है। उन्होंने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राममंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनाने के बाद हमने जो भी कहा था, वह अक्षरशः पूरा किया। सपा कांग्रेस वाले राममंदिर की तारीख़ पूछते थे। हमने भव्य मंदिर बनाया। भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा। जिस समय लोगों के अंदर दायित्वबोध पैदा होगा, उसी दिन रामराज्य आ जाएगा। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि चीन के मामले पर कांग्रेस गुमराह कर रही है। चीन से बराबरी की बात चल रही है। पीओके हमारा था, है और रहेगा। अब तो पीओके के लोग मांग कर रहे हैं कि हम भारत के साथ रहना चाहते हैं। इसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि नागरिकता का कानून लाया गया तो हाय-तौबा मचाई गई। सीएए कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा।

### पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

**रायबरेली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारूख अब्दुल्ला कहते हैं कि पीओके की बात मत करो। पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिये लेकिन पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एसबीएस कान्वेंट स्कूल के सामने मैदान, परशुरामपुर, थिकाही जगतपुर सलोन रोड में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल के बाद नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। ये कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। लेकिन, मेरी बात याद रखना अगर ये इंडी अलायंस वाले आ गए, तो ये राम मंदिर



पर फिर से बाबरी ताला लगा देंगे। अपने बेटों को प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री बनाना चाहते इंडी के नेता

अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग केवल अपने परिवारों के लिए राजनीति करने वाली कांग्रेस और सपा का पूरी तरह सफाया करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस परिवारवादी गठबंधन है। ये सिर्फ अपने परिवार की सोचते हैं। लालू प्रसाद यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। वह कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट हमारे परिवार की सीट हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि इन्हें किसने विरासत में दी ये सीट ? राबरेली व अमेठी वाले जिसे चाहेंगे वहीं संसद जायेगा। जो संकट में साथ रहता है जो विकास की बात करता है। मैं डंके की चोट पर कह रहा हूं कि अमेठी में स्मृति बहन और रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह जीतेंगे और ये दोनों सीट पीएम मोदी की झोली में जाने वाली हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश से गुंडों को चुन-चुनकर साफ करने का काम योगी आदित्यनाथ ने किया है। जो परिवार की सीट कहते हैं, उनकी लोकसभा में 70 साल से कलेक्टर ऑफिस नहीं था। 2018 में वहां कलेक्टर ऑफिस की नींव डालने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया है।

## सीएम आवास के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सच आएगा सामने : मालीवाल

**नयी दिल्ली।** आप की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ हुयी बदसलूकी में आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री आवास के अंदर के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने आ जायेगा। सुश्री मालीवाल ने शुक्रवार को बिना किसी का नाम लिये कहा कि घटना का आधा-अधूरा वीडियो डालकर अपराध करने वाले को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा ,हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। बिना संदर्भ का आधा वीडियो चलाकर इसे लगता है ये इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर और कमरे के सीसीटीवी फुटेज की जाँच होते ही सत्य सबके सामने होगा। आप नेता ने कहा, जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक न एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। मालीवाल से हुई बदसलूकी के मामले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है।

# भारत और मंगोलिया रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और मंगोलिया ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए इसका दायरा बढाने पर सहमति व्यक्त की है और इस बारे में गहन विचार विमर्श किया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के संयुक्त कार्य समूह की 12वीं बैठक गुरूवार और शुक्रवार को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के स्टेट सेक्रेटरी ब्रिगेडियर जनरल गनखुयाग दावागदोर्ज ने की। मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे भी इस बैठक में मौजूद थे।

संयुक्त कार्य समूह की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत और मंगोलिया के बीच रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। दोनों देशों ने इस दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के मुद्दों पर भी बातचीत की। दोनों पक्षों ने मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति पर भी अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। श्री प्रसाद ने भारत के रक्षा उद्योग की क्षमताओं एवं सामर्थ्य पर प्रकाश डाला और मंगोलिया के सशस्त्र बलों के साथ उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की। मंगोलियाई पक्ष ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं पर भरोसा व्यक्त किया।

दोनों पक्षों ने भारत और मंगोलिया के बीच बढ़ते संबंधों को भी महत्व दिया। संयुक्त सचिव तथा भारतीय राजदूत ने मंगोलिया के उप रक्षा मंत्री बी बयारमगनई से भी भेंट की और द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उलानबटार में एक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का दौरा किया और वहां पर चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। भारत के मंगोलिया के साथ सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत संबंध हैं। दोनों देश एक-दूसरे को 'आध्यात्मिक पड़ोसी' मानते हैं। आधुनिक समय में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और बाजार अर्थव्यवस्था जैसे मूल्य दोनों देशों को करीब लाते हैं।

# मतदाता जागरुकता अभियान के तहत वोट देने की अपील




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के लिए ड्रीम मैंगोज़ से दीपिका चतुर्वेदी, बूके तत्वावधान में सलोनी केसरवानी, बीइंग वुमन, से शालिनी श्रीवास्तव, स्कायवॉल्कर क्लब से, इनर व्हील अबोध्या ने आज गोमती नगर में आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। दीपिका चतुर्वेदी, के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, छुट्टी नहीं मनाना है वोट डालने जाना हैं जैसे अन्य स्लोगन की तख्तियां हाथों में लिए लोगों ने आम जनता से मतदान करने की अपील की।

इस मौके पर मौजूद रही रुचि जैन, नवाब मसूद अब्दुल्ला, सुनीता सिंह, नम्रता चौहान, मिनी बाजपेयी, माया यादव, मानस त्रिवेदी, विनीता प्रसाद, युक्ति होरा ने लोगों को पोस्टर बांट कर मतदान के महत्व बताया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदाताओं की महती भूमिका होती है। इस मौके पर जागरूकता अभियान के दौरान लोकतंत्र के महापर्व में सभी को शामिल होकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

## फीफा महिला विश्व कप 2027 का मेजबान ब्राजील

**नई दिल्ली।** ब्राजील फीफा महिला विश्व कप का 2027 का मेजबान होगा। यह इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। शुक्रवार को थाईलैंड में आयोजित 74वीं फीफा कांग्रेस में उक्त घोषणा की गई। ब्राजील ने 1950 और 2014 में पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी की थी। अब महिलाओं का समय है। यह दक्षिण अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला महिला विश्व कप होगा। ब्राजील ने नीदरलैंड, बेल्जियम और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए मेजबानी का अधिकार हासिल किया। अप्रैल में, संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको ने अपनी बोली यह कहते हुए कि वापस ले ली कि उन्होंने इसके बजाय 2031 के लिए अपनी बोली पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है। नवंबर में दक्षिण अफ्रीका ने भी ऐसा ही किया था। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस ने भी पहले प्रतियोगिता की मेजबानी की है। 1991 में अपनी शुरुआत के बाद से, फीफा महिला विश्व कप का कद और लोकप्रियता बढ़ी है।

# गरवारे हाईटेक फिल्म्स के एप्लीकेशन स्टूडियो का इंदिरा नगर में शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल पेंट प्रोटेक्शन फिल्म तथा विंडो फिल्म के निर्माता गरवारे हाईटेक फिल्म्स के फिल्म एप्लिकेशन स्टूडियो का शुभारंभ इंदिरा नगर स्थित सिग्मा ऑटोमोबाइल किया गया। इस गरवारे फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो का संचालन सिग्मा ऑटोमोबाइल के द्वारा किया जाएगा। गरवारे हाईटेक फिल्म्स भारत सहित विश्व के 90 से अधिक देशों में अपनी बनाई हुई फिल्म्स निर्यात करते हैं।

गरवारे हाईटेक फिल्म्स के इंदिरा नगर स्थित फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो के शुभारंभ के अवसर पर गरवारे हाईटेक फिल्म्स के वाइस प्रेसिडेंट धर्मेंद्र कपूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा इनके साथ ही जोनल सेल्स मैनेजर अर्जुन सूरी, रीजनल सेल्स मैनेजर प्रशांत श्रीवास्तव, एरिया सेल्स मैनेजर मोहम्मद फैजान के साथ ही सिग्मा ऑटोमोबाइल के अरुण गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर गरवारे हाईटेक फिल्म्स के वाइस प्रेसिडेंट



धर्मेंद्र कपूर ने कहा कि हमारी बनाई हुई फिल्म्स अंतरराष्ट्रीय स्तर की होती हैं तथा भारत सहित विश्व के 90 देशों में हम अपनी फिल्म्स का निर्यात करते हैं।

धर्मेंद्र कपूर ने कहा कि हमारे इस इंदिरा नगर स्थित फिल्म एप्लिकेशन स्टूडियो के साथ हमारे लखनऊ में 4 एप्लीकेशन स्टूडियो हो गए हैं तथा ईस्ट यूपी में हमारे 10 स्टूडियो सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर गरवारे हाईटेक फिल्म्स के इंदिरा नगर स्थित फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो की संचालक कंपनी सिग्मा ऑटोमोबाइल्स के अरुण गुप्ता ने कहा कि गरवारे हाईटेक फिल्म्स के साथ जुड़कर हम लखनऊ में ऑटोमोबाइल पेंट प्रोटेक्शन फिल्म तथा विंडो फिल्म की विश्व स्तरीय गुणवत्ता प्रदान करेंगे।

## बढ़ते प्रदूषण के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में करीब एक दर्जन बिजली स्टेशनों में मानकों की अनदेखी कर कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है और जन स्वास्थ्य पर हो रहे इसके दुष्प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है और इनमें मानकों की धज्जियां उड़ाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो प्राथमिकता के आधार पर इन बिजली स्टेशनों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है। दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग- अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है।

## यूएन ने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर किया 6.9 फीसदी

**संयुक्त राष्ट्र।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 2024 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 6.9 फीसदी कर दिया है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र संघ ने जनवरी में 2024 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 6.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने गुरुवार को जारी अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के पूर्वानुमान में संशोधन कर साल 2024 में इसके लगभग 7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीले निजी उपभोग के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था साल 2024 में 6.9 फीसदी की विकास दर से बढ़ेगी, जबकि 2025 में यह दर 6.6 फीसदी रहेगी।

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतामरण ने शुक्रवार को कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण में हिस्सेदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही।

सीतारमण ने सीआईआई व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग जगत के प्रमुखों को संबोधित करते हुए उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की जरूरत को भी रेखांकित किया। उन्होंने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर



भारत न केवल घरेलू मांग को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम कर सकता है। इस तरह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है।

उन्होंने कहा कि सीआईआई द्वारा दिए गए सुझावों को जुलाई के बजट में एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग परिसंघ हमेशा अपने और देश के सामने सरकार के साथ मिलकर काम करने का दृष्टिकोण रखा है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि वैश्विक स्तर पर उद्योग साझेदारी एक स्पष्ट मार्ग अपनाए, ताकि वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सके।

# यूपी में आईकू जेड 9 एक्स स्मार्टफोन लॉन्च

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए, हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने लखनऊ में अपना बिल्कुल नया फुल डे, फुली लोडेड स्मार्टफोन - आईक्यूओओ जेड9 एक्स पेश किया। ब्रांड की राज्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है, पिछले एक वर्ष में 12 प्रतिशत की वृद्धि और पहली तिमाही 2024 में लगातार आईकू की कुल बिक्री में 10 प्रतिशत का योगदान हुआ है, जो अलग अलग प्राइस रेंज में इनोवेशन के प्रति हमारी अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता करता है।

आईकू जेड सीरीज़ ने लगातार उत्तर प्रदेश में प्यार और सराहना हासिल की है और पिछले 18 महीनों से यूपी में सबसे अधिक बिकने वाली सीरीज़ में से एक है, जो भारत के शीर्ष तीन राज्यों में शुमार है। अपनी उपस्थिति को और बढ़ाते हुए, आईकू ई-स्टोर की बिक्री में यूपी से 14.5त्न का शानदार योगदान मिला है।




जेड सीरीज की सफलता को देखते हुए, आईकू ने लॉन्च किया है फुल डे, फुली लोडेड स्मार्टफोन आईक्यूओओ जेड9 जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतरीन फीचर्स के साथ आता है और परफॉर्मेंस को पसंद करने वाले यूज़र्स की सभी जरूरतों को पूरा करेगा। इसकी कीमत 4जीबी + 128जीबी के लिए 12,999 रुपये (इफेक्टिव प्राइस - 11,999 रुपये), 6जीबी+ 128जीबी के लिए 14,499 रुपये रखी गई है। 6000 एमएच की बैटरी वाला यह सबसे स्लिमेस्ट स्मार्टफोन (7.99एमएम) आपके रोजमर्रा के एंटरटेनमेंट और एडवेंचर के लिए काफी अच्छा साथी है, जो एक बार चार्ज करने पर पूरे दो दिन चलता है। इस पावरहाउस में स्नैपड्रैगन आर 6 जेन 1 मोबाइल प्लेटफॉर्म है जो नवीनतम 4एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी के साथ आता है और 560के+ से अधिक के एएनटीयूटीयू बेंचमार्क स्कोर के साथ बेजोड़ प्रदर्शन प्रदान करता है।

आईकू जेड 9 एक्स में 8जीबी रैम के साथ अतिरिक्त 8 जीबी एक्सटेंडेड रैम को मिलाकर 16 जीबी तक की एक्सटेंडेड रैम की सुविधा है और साथ ही 1 टीबी तक एक्सपेंडेबल स्टोरेज को सपोर्ट करता है। आईकू जेड 9 एक्स, आईकू ई-स्टोर और अमेज़न.इन पर दो रंग विकल्पों टॉरनेडो ग्रीन और स्टॉर्म ग्रे में उपलब्ध है।

## खबरें एक नजर में

### बाड़मेर-ऋषिकेश व शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन 19 तक रद्द

**जोधपुर।** किसान आंदोलन के चलते लगातार ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। बाड़मेर से चलने वाली बाड़मेर-ऋषिकेश और शालीमार एक्सप्रेस ट्रेनों को 19 मई तक आंशिक रद्द किया गया है। अब यह ट्रेन बठिंडा से ऋषिकेश, दिल्ली से जम्मूतवी स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। रेलवे इससे पहले भी ट्रेनों के संचालन को आंशिक रद्द किया था। पंजाब में लंबे समय से किसान आंदोलन जारी है। अम्बाला मंडल के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण रेल ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है। इससे रेल यात्री खासे परेशान हैं। भयंकर गर्मी के मौसम में लम्बी दूरी की यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को अधिक परेशानी हो रही है। आने वाले तीन दिनों में भी कई रेलें प्रभावित होंगी। उतर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के डीआरएम पंकज कुमार सिंह के मुताबिक उतर रेलवे के अंबबाला मंडल पर किसान आंदोलन के कारण जोधपुर से गुजरने वाली दो ट्रेन 19 मई तक आंशिक रद्द रहेगी। उन्होंने बताया कि 14888/14887 बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस 17, 18 व 19 मई को बठिंडा से ऋषिकेश स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 14661/14662 बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस 17, 18 व 19 मई को दिल्ली से जम्मूतवी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### अभिजीत गांगुली को चुनाव आयोग ने दिया नोटिस

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा है। आयोग ने अभिजीत को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया कि पूर्व न्यायाधीश की टिप्पणियां फ्रबिल्कुल बेतुका, गलत निर्णय वाली, शालीनता की सीमा का उल्लंघन करने वाली और बदसूरतफ्र हैं। अभिजीत ने बुधवार को हल्दिया के चैतन्यपुर में एक सभा से मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा था, ममता बनर्जी आप कितने में बिक गईं? हल्दिया की सभा का एक वीडियो भी सामने आया है। अभिजीत को वहां यह कहते हुए सुना जा सकता है, फ्रतृणमूल का कहना है, रेखा पात्रा को दो हजार रुपये में खरीदा गया था। ममता बनर्जी आप कितने पैसे में बिकती हैं? अगर कोई आपको आठ लाख रुपये देता है तो उसको नौकरी मिल जाती है, अगर कोई आपको दस लाख रुपये देता है तो राशन खत्म हो जाता है! आपकी कीमत 10 लाख रुपये क्यों है? आप केया सेठ से चेहरे पर मेकअप लगवाती हैं? रेखा पात्रा एक गरीब महिला हैं, लोगों के घरों में काम करती हैं, हमारी उम्मीदवार हैं। इसके लिए उसे दो हजार रुपये में खरीदा जा सकता है?

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए यूरोप रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रुसेल्स के लिए रवाना हुई। लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में शुरू होगा, जिसमें एंटवर्प 22 मई से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा। इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में, टीम आठ मैचों में आठ अंक अर्जित करके एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अंक तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। सलीमा टेटे ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए रवाना होने से पहले कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में, एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण में हमारी प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमें मूल्यवान सबक सिखाया है, और हम उन्हें लागू करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि हम यूरोप में मजबूत विरोधियों का सामना कर रहे हैं। टीम वर्क, समर्पण और जुझारूपन के साथ हमारा लक्ष्य अपने हर मैच में छाप छोड़ना है।

### दिल्ली जाने वाले एयर इंडिया के विमान से टकराई ट्रैक्टर-ट्रॉली

**नयी दिल्ली।** दिल्ली जाने वाले एयर इंडिया के एक विमान की उड़ान पुणे हवाई अड्डे पर सामान ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से इसके टकराने के बाद रद्द कर दी गई। यह दुर्घटना तब हुई जब पुणे हवाई अड्डे पर यह विमान उड़ान के लिए रनवे की तरफबढ़ रहा था। एयरलाइन सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना गुरूवार शाम करीब 4 बजे हुई। सूत्रों ने बताया कि विमान में करीब 200 यात्री सवार थे और घटना के बाद वे करीब छह घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनका पूरा किराया वापस कर दिया गया और उन्हें अगली यात्रा मुफ्त में करने की पेशकश की गई। उसने बताया कि आगे की अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले यात्रियों को अन्य एयरलाइन द्वारा संचालित उड़ानों में समायोजित किया गया। एयरलाइन ने यह भी कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। विमान में सवार एक यात्री शहाब जाफरी ने बताया कि विमान को शाम करीब 4 बजे रवाना होना था।